तापमान अधिकतम :28⁰C न्यूनतम: 14⁰C
सेंसेक्स 75,449.05 22,907.60
सोना 91,000 चांदी 1,05,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 20 मार्च 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 227 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रमजान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 19वां रोज़ा

### मगफिरत के लिए अल्लाह के जिक्र पर जोर देता है रोज़ा



कुरआने-पाक में अल्लाह का इरशाद है- सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा और मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना। इस आयत की रोशनी में मगफिरत के अशरे को तो समझा ही जा सकता है, साथ में उन्नीसवें रोज़े की खासियत और फजीलत का भी बयान किया जा सकता है। मगफिरत का अशरा अल्लाह के ज़िक्र पर जोर देता है। इसलिए उन्नीसवां रोज़ा अल्लाह की मुसलसल याद है और रोज़ेदार के लिए दुआ की मुकम्मल फरियाद है। आयत में अल्लाह का वादा भी तो जाहिर हो रहा है। अल्लाह का ये वादा सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा, सिर्फ इशारा नहीं है, बल्कि ज़ाहिर कौल है और करार है। अल्लाह चूंकि रहीम है इसलिए उसने रहम फरमाया है, नरमी बरती है और फिर कहा कि मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना, तो ये हुक्म तो है यानी आर्डर तो है मगर इसमें भी अल्लाह ने फज़्ल की गारंटी पहले दिए गए कौल में दे दी है।



मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
- ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
- LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता
68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

### आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला विकास गिरफ्तार

**कानपुर।** उप्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आईएसआई) को गुप्त जानकारी साझा करने के आरोप में कानपुर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि पिछली 13 मार्च को फिरोजाबाद में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मी रवीन्द्र कुमार को पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा को खुफिया जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसी क्रम में एटीएस को सूचना मिली थी कि कानपुर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर में जूनियर वर्क्स मैनेजर पद पर कार्यरत कुमार विकास भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये नेहा शर्मा के संपर्क में है और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की गोपनीय जानकारी उसे भेज रहा है।

### यौन शोषण के आरोपी सीतापुर सांसद जेल से रिहा

**सीतापुर।** महिला नेता से यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को 49 दिनों बाद रिहाई मिल गई। बुधवार सुबह 8 बजे सीतापुर जेल से सांसद हाथ जोड़ते हुए बाहर निकले। सीधे फॉर्च्यूनर में बैठे और आवास पहुंच गए। यहां पत्नी और घरवालों से मिले, तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। सांसद ने कहा कि मामले में एफआईआर से लेकर रिहाई तक पेंच ही पेंच हैं। दोषियों के चेहरे बेनकाब होंगे। सच्चाई जनता के सामने आएगी।

## मथुराः श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद

# हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष पर लगाया पांच हजार का हर्जाना



**प्रयागराज।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा व शाही ईदगाह विवाद मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और भारत संघ को पक्षकार बनाने के लिए हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल संशोधन अर्जी को हाईकोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही हिंदू पक्ष पर पांच हजार रुपये हर्जाना लगाया है।

यह राशि प्रतिवादी उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल बोर्ड को देय होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की पीठ ने दिया। सूट नंबर एक के याची भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और कटरा केशव देव और सूट नंबर 16 के याची देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान की ओर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को और भारत संघ को पक्षकार बनाने की मांग की थी। सूट नंबर एक के अधिवक्ता हरिशंकर जैन की संशोधन अर्जी पर मुस्लिम के साथ ही हिंदू पक्षकारों ने विरोध जताया था। अर्जी को रद्द करने की मांग की थी। पांच मार्च को सुनवाई के बाद कोर्ट ने ऑर्डर रिजर्व कर लिया था। अब कोर्ट ने ऑर्डर जारी कर संशोधन अर्जी को हर्जाने के साथ स्वीकार कर लिया है। इसी तरह की मांग सूट नंबर 16 के याचिकाकर्ता देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान ने भी मांगी थी। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में मुस्लिम पक्षकारों के साथ ही कई हिंदू पक्षकारों ने भी सूट नंबर एक के वकील हरिशंकर जैन की अर्जी पर ऐतराज जताया था।

# थरूर ने फिर की मोदी सरकार की तारीफ



- कहा: भारत आज ऐसी स्थिति में है, जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है
- पार्टी नेता के बयान पर कांग्रेस असहज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मोदी सरकार की तारीफ की है। थरूर ने कहा कि भारत आज ऐसी स्थिति में है, जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है। भारत के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जो वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन दोनों को गले लगा सकता है। हम दोनों जगहों (रूस और यूक्रेन) पर स्वीकार किए जाते हैं। उधर अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर के बयान से कांग्रेस असहज नजर आई।

थरूर के इस बयान को लेकर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि थरूर ने सच बोला है। उम्मीद है राहुल गांधी उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेंगे। उधर पत्रकारों के सवाल पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि मेरा कमेंट खुद ही सब कुछ कहता है। इसमें नया जोड़ने की जरूरत नहीं है। सांसद शशि थरूर ने इस बात की भी संभावना जताई कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत के जरिये शांति स्थापित होती है, तो भारत शांति सैनिकों को भेज सकता है। चूंकि रूस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे नाटो देशों से संबंधित यूरोपीय शांति सैनिकों को स्वीकार नहीं करेंगे, इसलिए शांति सैनिकों के लिए यूरोप से बाहर के देशों पर निर्भर रहना होगा।

# अंतरिक्ष में अमिट छाप छोड़ आईं सुनीता

## सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ महीने 14 दिन बाद धरती पर रखा कदम

**फ्लोरिडा, वार्ता**

REEL SHARED ON MAR 19, 2025
BY @SHAHTIMESNEWS



- ड्रैगन फ्रीडम स्पेसक्राफ्ट बुधवार तड़के 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ

**आठ दिनों** के लिए संयुक्त क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन पर गईं और तकनीकी कारणों से करीब नौ माह तक अंतरिक्ष में 'फंसी' रहीं भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के बुधवार तड़के धरती को आलिंगन करते ही उनकी सुरक्षित वापसी के लिए कई घंटों से 'दिल थामे' टकटकी लगाए विश्वभर में लोगों की आंखें खुशियों से छलछला गईं और इसके साथ ही, अंतरिक्ष विज्ञान में 19 मार्च स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया।

'अंतरिक्ष परी' सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ महीने 14 दिन बाद बुधवार को धरती पर कदम रखा। उनका ड्रैगन फ्रीडम स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड हुआ। इस मौके पर एक और सुंदर नजारा देखने को मिला। ड्रैगन के स्प्लैशडाउन होते ही कई डॉल्फिन मछलियों ने उसे घेर लिया। इस दौरान डॉल्फिन का झुंड अंतरिक्ष यान के चारों ओर तैरने लगा जैसे वे 'अंतरिक्ष परी' के लिए स्वागत गीत गा रही हों। दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग और नासा के आठ दिन के ज्वॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे, लेकिन स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के थ्रस्टर्स में तकनीकी समस्या के कारण इनकी आठ दिन की यात्रा नौ माह 14 में तब्दील हो गई। स्पेसएक्स कैप्सूल ने अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर तथा निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को फ्लोरिडा तट के पास अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से चार पैराशूट का उपयोग करके सुरक्षित रूप से वापसी की। नासा द्वारा निर्धारित समय पर जैसे ही ड्रैगन ने स्प्लैशडाउन किया अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और इस चमत्कृत करने वाले दृश्य का सीधा प्रसारण देख रहे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। भारत के कई राज्यों में सुनीता विलियम्स की -**शेष पृष्ठ दो पर**

### मोदी, बिरला ने सुनीता विलियम्स की वापसी पर जताई खुशी, दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की जटिल परिस्थितियों के बीच धरती पर सकुशल वापसी से भारत में खुशी का महौल है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित देश के शीर्ष नेतृत्व ने सुनीता विलियम्स, साथ लौटे अंतरिक्ष यात्रियों और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा को शुभकामनाएं और बधाई दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सुनीता और अंतरिक्ष स्टेशन के साथी यात्रियों की वापसी पर बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि क्रू-9, आपका स्वागत है! पृथ्वी को आपकी याद आई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक संदेश में कहा कि नासा और क्रू-9 मिशन की सुरक्षित वापसी के पीछे की अविश्वसनीय टीम को हार्दिक बधाई!

# UPI से लेन-देन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- केंद्र सरकार ने गूगल पे के मुकाबले यूपीआई पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये के अनुमानित इंसेंटिव स्कीम को मंजूरी दी
- व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेन-देन के लिए प्रति लेन-देन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

**नई दिल्ली।** यूपीआई से पेमेंट लेने पर कारोबारियों को बड़ा फायदा होने वाला है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। इसमें भीम यूपीआई से लेन-देन करने पर प्रोत्साहन राशि देने का ऐलान किया गया। सरकार ने यूपीआई पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव (प्रोत्साहन) योजना शुरू की है, जिससे डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा और कम मूल्य वाले यूपीआई लेनदेन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

दरअसल, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन जो किसी व्यक्ति से व्यापारी या मर्चेंट यानी पीटीएम को किए गए हैं, उनको बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये के अनुमानित इंसेंटिव स्कीम को मंजूरी दी है। यह योजना एक अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक चलेगी। सरकार इस योजना पर लगभग 1,500 करोड़ रुपये खर्च करेगी। सरकार का उद्देश्य वित्त वर्ष 2024-25 में 20,000 करोड़ का लेन-देन पूरा करना है। पेमेंट सिस्टम ठीक रखने वालों की मदद करना। छोटे शहरों और गांवों तक यूपीआई को फैलाना। सिस्टम को चालू रखना और खराबी कम करना। सरकार डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। पहले, रूपे डेबिट कार्ड और भीम-यूपीआई लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट जीरो कर दिया गया था। अब, इस नई इंसेंटिव योजना से दुकानदारों को यूपीआई पेमेंट लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार के मुताबिक दुकानदारों के लिए आसान, सुरक्षित और तेज पेमेंट मोड आज के जमाने में यूपीआई है। इससे पेमेंट करने पर आपके साथ ही पैसे सीधे बैंक खाते में आएंगे। बिना किसी अतिरिक्त खर्च के यूपीआई सर्विस का लाभ मिलेगा। डिजिटल लेन-देन का रिकॉर्ड बनेगा, जिससे लोन मिलने में आसानी होगी। वहीं, ग्राहकों के लिए आसानी से पेमेंट करने की सुविधा, कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को केंद्र की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को मंजूरी देते हुए इसके लिए 3400 करोड़ रुपये का व्यय निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस प्रस्ताव में पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत केंद्रीय क्षेत्र घटक के रूप में संशोधित मिशन का क्रियान्व्यन 1000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ किया जा रहा है, जो 2021-22 से 2025-26 तक 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान कुल 3400 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। मिशन के साथ दो नई गतिविधियां जोड़ी गई हैं । पहली गतिविधि में कुल 15000 बछियों के लिए सुविधाओं के निर्माण को लेकर बछिया पालन केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत लागत का 35 प्रतिशत एकमुश्त सहायता का प्रावधान है। दूसरी गतिविधि में किसानों को उच्च आनुवंशिक योग्यता (एचजीएम) आईवीएफ बछिया खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है।

# 'आप' नेता सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का एक और बड़ा केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- 571 करोड़ के सीसीटीवी प्रोजेक्ट में घोटाला किया, एंटी करप्शन ब्यूरो का आरोप, सात करोड़ रिश्वत ली

**नई दिल्ली।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 'आप' नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ दिल्ली में 571 करोड़ रुपये के सीसीटीवी प्रोजेक्ट घोटाले में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है।

ज्वॉइंट कमिश्नर और एसीबी चीफ मधुर वर्मा के मुताबिक, सत्येंद्र जैन ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने में देरी के लिए बीईएल पर लगाए गए 16 करोड़ रुपये के जुर्माने को मनमाने ढंग से माफ कर दिया। इसके बदले जैन ने 7 करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी। सीसीटीवी प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी ने कैमरे इंस्टाल करने में गड़बड़ी की थी। प्रोजेक्ट खत्म होने तक ज्यादातर कैमरे खराब पाए गए थे। सत्येंद्र जैन इस प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर थे। जांच के दौरान बीईएल के एक अधिकारी ने गड़बड़ी की शिकायत की, जिससे आरोपों की पुष्टि हुई। आगे के सबूतों के लिए पीडब्ल्यूडी और बीईएल के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अगस्त 2019 में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने में हुई देरी के कारण बीईएल पर ये जुर्माना पिछली आप सरकार ने लगाया था।

# बदायूं में मासूम की हत्या के दोषी को होगी फांसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- अदालत ने महज चार महीने में सुनाई सजा
- एक लाख 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**बदायूं।** उप्र में बदायूं जिले की विशेष अदालत ने सात वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म के प्रयास में विफल रहने पर उसकी हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को फांसी की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट दीपक कुमार यादव की अदालत ने मामले की सुनवाई महज चार महीने में पूरी कर दोषी को फांसी की सजा और एक लाख 75 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है।

विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र सिंह एवं प्रदीप भारती ने बताया कि यह पूरा मामला बिल्सी कस्बे का है जहां 18 अक्टूबर 2024 को सात वर्ष की बच्ची अपने घर से सब्जी लेने गई थी और वापस नही लौटी। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, तो पुलिस ने एक खंडहर नुमा मकान से बच्ची का शव बरामद किया था। बिल्सी नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपी जाने आलम की पहचान कर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में कोर्ट ने चार महीने में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी जाने आलम को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 175000 का जुर्माना भी लगाया गया है।

# बिल गेट्स ने की भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- गेट्स ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की सराहना की



**नई दिल्ली।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की।

श्री नड्डा ने संसद भवन स्थित अपने कार्यालय में हुई इस मुलाकात में गेट्स फाउंडेशन के साथ साझीदारी में भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण और स्वच्छता के क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों की सराहना की। श्री गेट्स ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की सराहना की और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत के साथ साझीदारी करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने निदान और दवाओं की लागत को कम करने, दुनिया भर में सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम करने में भारत द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्ष साझीदारी को जारी रखने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के ज्ञापन को नवीनीकृत करने के लिए तत्पर हैं।

खूनी व बादी बवासीर, गठिया बाय, हर प्रकार का दर्द, कहीं भी हो, कैसा भी हो, एलर्जी, पुराना नज़ला, छींके, बिस्तर पर पेशाब, ल्यूकोरिया, सेहत बनाई या वजन घटाएँ, सांस, दमा, झाइयाँ, मुंहासे व गंजापन का पक्का इलाज, शराब व हर प्रकार का नशा छुड़ाएं
नि:संतान दंपत्ति एक बार अवश्य मिलें

डा. शाइस्ता अंसारी
Mob. 9897147171
Follow us on : facebook, You tube, insta, whatsup
सरवट फाटक, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

# राज्यसभा में गडकरी व खड़गे में चले शब्दबाण

## विकास के लिए फंड नहीं: कांग्रेस, मेरे काम में कोई अड़चन नहीं: गडकरी

नई दिल्ली, वार्ता



राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी में खूब शब्दबाण चले। खड़ने पूरक सवाल में केंद्रीय सड़क और परिवहन मामलों के मंत्री पर आरोप लगाया कि विकास के लिए उनके पास फंड नहीं है और उन्हें हर काम के लिए पीएम कार्यालय की अनुमति लेनी होती है। खड़गे के सवाल पर नितिन गडकरी ने साफ कहा कि उन्हें जो अधिकार दिए गए हैं, उसमें कोई अड़चन नहीं है। इस मुद्दे पर दोनों नेताओं के बीच हल्का वाद-विवाद भी हुआ।

खड़गे ने पूरक सवाल में कहा कि मैं मंत्रीजी को शायद इतने पत्र लिख चुका हूं। प्रधानमंत्री को भी बहुत से पत्र लिखे हैं। बार-बार यहां उठाना और कहना, अच्छा नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि हर तीन महीने या छह महीने पर एक पत्र लिखता रहता हूं। पीएम को भेजता रहता हूं, मैं सराहना करता हूं कि कुछ काम है तो आप बुलाकर भी काम करते हैं। कोई नया स्कीम आता था तो पूछते थे। गुलबर्ग से बेंगलुरु , शोलापुर से बेंगलुरु के सड़कों को लेकर कोई विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर आग्रह भी किया। मीटिंग भी किया, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले आपके पास जब पावर था, तब रोड का काम तेजी से होता था, लेकिन अब काम में देरी होती है। अब हर काम के क्लीयरेंस के लिए पीएम ऑफिस जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आपके पास पैसे नहीं है। उसके लिए भी पीएम ऑफिस के तरफ देखना पड़ता है, लेकिन पता नहीं ये बात कितना सही है या नहीं है कि आजकल राष्ट्रीय सड़कों के नंबरिंग का काम भी पीएमओ ही करता है। फंड असम के प्रोजेक्ट को दिए होंगे। फंड इसके पास नहीं है, काम है, उसको नहीं दे रहे हैं। कहते हैं कि आप जमीन दो, मैं काम करूंगा। कम से कम जितने भी काम हैं, कंप्लीट करें। इस पर नितिन गडकरी ने जवाब दिया कि कोई हाइवे को नंबर देने की फाइल पीएम को नहीं जाती। प्रधानमंत्री ने मुझे नियुक्त किया है। मुझे जो उन्होंने अधिकार दिया है, मेरे उस अधिकार के काम में कोई भी अड़चन नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में सड़कों के निर्माण में दिक्कतें जमीन अधिग्रहण को लेकर है।

# यूपी में 16 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर

**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर आईपीएस के तबादले और नई जिम्मेदारी दी गई है। इनमें 16 अधिकारी शामिल हैं। लखनऊ, प्रयागराज सहित अन्य जिलों के16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इनमें कुछ अधिकारियों को उसी जिले में प्रमोशन देकर दूसरी जिम्मेदारी दी गई है, जबकि अलीगढ़, गोरखपुर और आजमगढ़ से अफसरों को दूसरे जिलों में नई जिम्मेदारी के साथ तबादला किया गया है।

आईपीएस अंजलि विश्वकर्मा जो कानपुर नगर की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) थीं, अब उन्हें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एडीसीपी) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं शैव्या गोयल नोएडा कमिश्नरेट की एडीसीपी बनी हैं। ये भी पहले यहां एसीपी थीं। इसके अलावा आईपीएस आदित्य आगरा कमिश्नरेट एडीसीपी बन गए हैं। आईपीएस कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद ग्रामीण के अपर पुलिस अधिक्षक बन गए हैं। अनंत चंद्रशेखर जोकि आजमगढ़ के सहायक पुलिस अधीक्षक थे, इन्हें चंदौली का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आईपीएस किरन यादव लखनऊ की एसीपी थीं, उन्हें अब लखनऊ का ही अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा अलीगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक अमृत जैन बन गए हैं। पहले यहीं पर अमृत प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक थे। वहीं, अंशिका वर्मा दक्षिणी बरेली की अपर पुलिस अधिक्षक बनाई गई हैं। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के अमरेंद्र सिंह एडीसीपी बन गए हैं। इससे पहले ये मुरादाबाद में सहायक पुलिस अधीक्षक थे।

# राष्ट्र सर्वोपरि रखकर लक्ष्य हासिल करें

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश के लोगों से किया आह्वान

नई दिल्ली, वार्ता



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से आह्वान किया है कि वे मेजर बॉब खाथिंग के सिद्धांत के अनुरूप सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखें, एकजुट रहें, ईमानदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निडरता से आगे बढ़ें।

सिंह ने बुधवार को यहां असम राइफल्स और यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेजर बॉब खालथग स्मृति कार्यक्रम के पांचवें संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। रक्षा मंत्री ने मेजर बॉब खाथिंग को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह ऐसे असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि भारत भाग्यशाली है कि यह ऐसे प्रमुख व्यक्तित्वों का घर है, जिनके लिए राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता सर्वोपरि है। उन्होंने मेजर खालथग को भारत का ऐसा महान सपूत बताया, जिन्होंने युद्ध के मैदान में अपनी बहादुरी और कूटनीति के क्षेत्र में कौशल के माध्यम से देश के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाना लोगों की जिम्मेदारी है। सिंह न केवल तवांग बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के एकीकरण, विकास और पुनर्निर्माण में मेजर खाथिंग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्वोत्तर के लिए उन्होंने जो काम किया, वह सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए काम के समान है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलता पूर्वक एकीकृत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों का पालन करती है। उन्होंने कहा कि हमने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा 'अनुच्छेद 370' को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्वक काम किया गया। रक्षा मंत्री ने मेजर खाथिंग की प्रशासनिक दक्षता, विशेष रूप से सशस्त्र सीमा बल और नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन और ऐसे अन्य सुधारों में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त समाचार

### सुनीता की वापसी पर खड़गे हुए खुश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स तथा उनके साथी यात्री की अंतरिक्ष से सुरक्षित वापसी पर खुशी जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनकी उपलब्धियों पर पूरी मानवता को गौरव है। खड़गे ने कहा कि पृथ्वी पर आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स। कांग्रेस की ओर से, मैं नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर के साथ आपकी सुरक्षित और सफल वापसी पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपके सुरक्षित समापन ने भारत के 1.4 अरब नागरिकों को राहत और उत्साह की भावना दी है, जिन्हें आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। आपकी लचीलापन और उत्कृष्ट प्रतिबद्धता दुनिया भर के अंतरिक्ष उत्साही लोगों के लिए एक गहन प्रेरणा के रूप में काम करती है और मानवीय उपलब्धियों का प्रमाण है।

### राहुल से मिले एलआईसी एजेंट

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) एजेंटों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर आज यहां लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात करने के साथ ही रामलीला मैदान में जबरदस्त प्रदर्शन कर सरकार से जीवन बीमा संबंधित हाल में किए गए बदलावों को वापस लेने की मांग की। एलआईसी एजेंटों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार अखिल भारतीय यूनियनों के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने संसद भवन में गांधी से मुलाकात की और कहा कि सरकार ने एजेंटों के प्रति न्याय नहीं कर रही है और उन पर शिकंजा कस रही है, जिसके कारण उन्हें दिक्कत हो रही है। उन्होंने गांधी से सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया और कहा कि जो नए नियम थोपे गए हैं उन्हें वापस लिया जाना चाहिए।

### श्रीनगर में संदिग्ध आईईडी बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बुधवार सुबह संदिग्ध देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज पूर्वाह्न नौ बजे के करीब 'सन सेट प्वांइट' के नजदीक बांदीपोरा-श्रीनगर राजमार्ग खोलने के दौरान सुरक्षा बलों ने यह संदिग्ध विस्फोटक बरामद किया। तत्काल बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया तथा राजमार्ग पर यातायात की आवाजाही को बंद कर दिया गया।

## हमें नम्बर नहीं देखना, क्वालिटी पर फोकस होना चाहिए: योगी

# जनहित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

लखनऊ, वार्ता



- सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया व विभिन्न विभागों और परियोजनाओं की परफोरमेंस की जानकारी ली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटलरग की जानी चाहिए। इसके तहत जिला स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और ट्रांसपेरेंसी दोनों आवश्यक है। उन्होंने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि ओडीओपी को आगे बढ़ाना होगा।

### प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) लेने के बावजूद प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनपीए लेने वाले डॉक्टरों द्वारा निजी प्रैक्टिस किए जाने की सूचना पर नाराजगी जाहिर करते हुए विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस की मनाही है। इसके लिए सरकार डॉक्टरों को हर महीने हजारों रुपए नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) दे रही है। इसके बावजूद कुछ डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। प्रदेश के 17 डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त पाए गए हैं जिनमें बलरामपुर जिले में दस, हाथरस में छह और कुशीनगर के एक चिकित्साधिकारी शामिल है। इन डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।


### भाजपा राज में महिलाएं असुरक्षित:सपा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और महिला सुरक्षा का मुद्दा सिर्फ भाजपाई नारों में सिमट कर रह गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाएं, बहन, बेटियां असुरक्षित हैं। हर दिन जिलों-जिलों में महिलाओं के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं। कानून व्यवस्था बहुत खराब हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस का डर नहीं रह गया है। महिला सुरक्षा और अपराध पर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। कानून व्यवस्था और अपराधों पर जीरो टॉलरेंस का राग अलापने वाली सरकार में महिला कर्मचारी और अधिकारी ही उत्पीड़न का शिकार हैं। यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में महिला सुरक्षा को लेकर कई काम हुए थे। वीमेन हेल्पलाइन 1090 सेवा शुरू की गई थी, जिसे महिलाएं अपने साथ होने वाली घटनाओं शिकायत करके सुरक्षा मांग सकती थी, लेकिन भाजपा सरकार में सब बर्बाद कर दिया। इसी तरह से इस सरकार में डायल 100 सेवा को भी खराब कर दिया। उन्होंने कहा सपा सरकार के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में शुरु हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। आशा है इससे राजस्थान में नारी की सुरक्षा की एक प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

# ऑनलाइन अश्लील कंटेंट पर इकरा हसन ने पूछे सवाल

नई दिल्ली, वार्ता



- इन पर रोक के लिए सरकार ने क्या किया?
- आईटीएक्ट में सजा का प्रावधान: अश्विनी

शामली जिले की कैराना सीट से समाजवादी पार्टी सांसद इकरा हसन चौधरी ने संसद में महिलाओं और नाबालिगों से जुड़े मामले में कई सवाल करते हुए पूछा कि ऑनलाइन अश्लील कंटेंट पर रोक के लिए सरकार ने क्या किया? महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और नाबालिगों के शोषण से जुड़े ऑनलाइन अश्लील कंटेंट को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए? क्या सरकार देश में लिंग आधारित हिंसा पर ऑनलाइन अश्लील कंटेंट के प्रभाव पर रिसर्च कर रही है? बच्चों को सोशल मीडिया ऐप सहित ऑनलाइन अश्लील कंटेंट तक पहुंचने से रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं? क्या सरकार अश्लील कंटेंट दिखाने वाली वेबसाइट और ऐप के लिए सख्त सामग्री मॉडरेशन और जवाबदेही शुरू करने की योजना बना रही है?

उनके सवालों पर जवाब देते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों का मकसद लोगों को सुरक्षित, विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सेवा देना है। आईटी एक्ट-2000 में इलेक्ट्रॉनिक रूप में अश्लील कंटेंट को प्रकाशित या प्रसारित करने के लिए सजा का प्रावधान है। बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट दिखाने वालों के खिलाफ भी कठोर सजा का प्रावधान है। इसके अलावा सिनेमैटोग्राफ एक्ट-1952 और सिनेमैटोग्राफ नियम-1983 के तहत अच्छा और स्वस्थ मनोरंजन सुनिश्चित करने के लिए सीबीएफसी सभी तरह की फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन को कंट्रोल करता है। इसके अलावा क्यूरेटेड कंटेंट के ऑनलाइन प्रकाशकों के लिए आईटी नियम-2021 ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट के प्रकाशकों के लिए आचार संहिता निर्धारित करता है, जिन्हें आमतौर पर ओटीटी प्लेटफॉर्म के रूप में जाना जाता है।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार में गिरावट रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स, पावर, रियल्टी और सर्विसेज समेत 17 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.79 अंक उछलकर 75,449.05 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.30 अंक की बढ़ोतरी लेकर 22,907.60 अंक पर पहुंच गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही। इससे मिडकैप 2.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 41,107.00 अंक और स्मॉलकैप 2.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ 46,009.89 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4166 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में लिवाली जबकि 1033 में बिकवाली हुई, वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 19 में गिरावट रही।

बीएसई के 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 172 अंक अंक की तेजी लेकर 75,473.17 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,201.48 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली के बल पर दोपहर तक यह 75,568.38 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,301.26 अंक के मुकाबले 0.20 प्रतिशत की बढ़त लेकर 75,449.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 41 अंक बढ़कर 22,874.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,807.95 अंक के निचले जबकि 22,940.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,834.30 अंक की तुलना में 0.32 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 22,907.60 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाटा स्टील 2.52, जोमैटो 2.34, पावरग्रिड 2.27, अल्ट्रासिम्को 2.01, इंडसइंड बैंक 1.56, एलटी 1.46, अदानी पोर्ट्स 1.23, एनटीपीसी 1.13, एसबीआई 1.09, रिलायंस 0.72, बजाज फाइनेंस 0.66, एक्सिस बैंक 0.63, एचडीएफसी बैंक 0.62, भारती एयरटेल 0.52, टाटा मोटर्स 0.31, एशियन पेंट 0.28 और आईसीआईसीआई बैंक 0.24 प्रतिशत शामिल रही।

### सिंगापुर में यूपीआई के लिए साझेदारी

**मुंबई।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की अंतर्राष्ट्रीय ईकाई एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने सिंगापुर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) स्वीकृति का विस्तार करने के लिए सिंगापुर स्थित फुल-स्टैक पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी हिटपे के साथ साझेदारी की है। एनपीसीआई ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह साझेदारी भारतीय यात्रियों को पर्यटक आकर्षण, रेस्तरां, खुदरा दुकानों और अन्य जगहों पर क्यूआर कोड-आधारित भुगतान करने की सुविधा प्रदान करेगी। 2024 में 12 लाख से अधिक भारतीयों ने लसगापुर की यात्रा की। इस साझेदारी के साथ, एनआईपीएल का लक्ष्य सिंगापुर की यात्रा करने वाले भारतीयों को एक परिचित भुगतान अनुभव प्रदान करना है। यूपीआई स्वीकृति को सिंगापुर में 12,000 से अधिक व्यापारियों के लिए क्रमिक रूप से शुरू किया जाएगा।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालों में मिलाजुला रुख वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 28 रिंगिट बढ़कर 4633 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट की तेजी के साथ 42.58 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए, उड़द दाल 200 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई, वहीं मसूर दाल 100 रुपए और मूंग दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 15531 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अंतरिक्ष में...** सुरक्षित वापसी के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं और पटाखें फोड़कर खुशियों का इजहार किया गया। इसी के साथ क्रू-9 एस्ट्रोनॉट्स की पृथ्वी पर वापसी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने एक लाइव अपडेट में कहा कि स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन कैप्सूल फ्रीडम की 17 घंटे की यात्रा ग्रह की परिक्रमा करने के बाद, फ्लोरिडा तट के पास पैराशूट सहायता प्राप्त स्प्लैशडाउन के बाद पूरी की। नासा के अनुसार सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आईएसएस पर नौ महीने से अधिक समय बिताने के बाद पृथ्वी पर लौटे, जबकि एक अन्य अमेरिकी एस्ट्रोनॉट निक हेग और एक रूसी कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को सुनीता विलियम्स और विल्मोर के प्रतिस्थापन के रूप में 16 मार्च को आईएसएस के साथ डॉक किए गए स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन क्राफ्ट पर भेजा गया था। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को नासा के वैज्ञानिकों ने ड्रैगन क्राफ्ट से उतरते ही जोरदार खुशी के साथ स्वागत किया और उन्हें सभी मेडिकल सुविधाओं के साथ तैयार किए गए नावों में ले जाया गया। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 से आईएसएस पर थे, जब बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान, जिस पर वे अपनी पहली चालक दल की यात्रा का परीक्षण कर रहे थे, में प्रणोदन समस्याएं आई और इसे पृथ्वी पर वापस लाने के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया था। स्प्लैशडाउन से ठीक पहले, नासा ने एक्स पर पोस्ट किया, नासा एस्ट्रोनॉट निक हेग, सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में पृथ्वी पर लौट रहे हैं। क्रू9 स्प्लैशडाउन 5:57 बजे ईटी (2157 यूटीसी) के लिए लक्षित है। सुश्री विलियम्स और बुच विलमोर जून 2024 में बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर अपनी पहली चालक दल की यात्रा का परीक्षण करने के लिए गए थे और एक सप्ताह से अधिक समय तक अंतरिक्ष अभियान पर रहे। लेकिन बोइंग स्टारलाइनर में प्रणोदन समस्याएं आईं और इसे अंतरिक्ष प्रशासन द्वारा दो अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर वापस लाने के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया था। तब से, सुश्री विलियम्स आईएसएस पर रहीं, प्रतिस्थापन शटल की प्रतीक्षा कर रही थीं जो पृथ्वी पर वापस आ गई थी। नासा ने पोस्ट किया क्रू9 का डीऑर्बिट जलना शुरू हो गया है। आठ मिनट के थ्रस्टर फायर के बाद, इसने स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान को फ्लोरिडा तट के पास अपने अंतिम स्प्लैशडाउन साइट पर एक सटीक ट्रेजेटरी पर रखा। उतरने से पहले, सुश्री विलियम्स और श्री विलमोर को बहुत जरूरी आराम करने की हरी झंडी दे दी गई, नासा मिशन कंट्रोल ने उन्हें अपने कंसोल पर परेशान न करें फ्लैग चालू करने की अनुमति दी। वे कई रिकॉर्ड और मील के पत्थर के साथ घर चले गए।

**यूपीई से...**

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत छोटे व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हर तिमाही पर बैंक स्वीकृत दावा राशि का 80 फीसदी बिना किसी शर्त के वितरित करेंगे। जबकि 20 फीसदी राशि का भुगतान कुछ शर्तों के बाद किया जाएगा। सरकार का कहना है कि छोटे व्यापारियों को यूपीआई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह फैसला लिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पगोटे) से चौक (29.219 किमी) तक छह लेन के ग्रीनफील्ड हाईस्पीड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 4500.62 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह परियोजना जेएनपीए बंदरगाह (एनएच 348) (पगोटे गांव) से शुरू होगी और मुंबई-पुणे राजमार्ग (एनएच-48) पर समाप्त होकर मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-66) को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि नया छह लेन ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट कॉरिडोर बेहतर बंदरगाह कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। इससे सुरक्षित और कुशल माल ढुलाई में मदद मिलेगी। यह परियोजना मुंबई और पुणे के आसपास के विकासशील क्षेत्रों में विकास, प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगी।

### सर्वसाधारण की सूचना

परिषद की इन्दिरा नगर योजना देहरादून में स्थित भूखण्ड संख्या 744 प्रदेशन पत्रांक 2074 दिनांक 17.09.1979 द्वारा श्री महेश्वर सिंह खाती पुत्र श्री प्रेम सिंह खाती को आवंटित किया गया था। आवंटी के प्रार्थना पर कार्यालय आदेश संख्या-215 दिनांक 18.04.1984 द्वारा भूखण्ड संख्या 744 के स्थान पर भूखण्ड संख्या 199 इन्दिरा नगर योजना देहरादून में सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरान्त परिवर्तन किया गया है। भूखण्ड संख्या 199 का किराया किश्त अनुबन्ध 05.06.1984 को निष्पादित किया गया तथा दिनांक 16.06.1984 को भूखण्ड संख्या - 199 में 446.825 वर्ग मी० भूमि का कब्जा दिया गया है। भूखण्ड का पूर्ण भुगतान होने के उपरान्त दिनांक 05.06.1986 को पट्टा विलेख निष्पादित किया गया। तथा दिनाक 27.03.1997 को फ्री-होल्ड डीड निष्पादित की गयी, जो कि दिनांक 29.04.1997 को उप निबन्धक द्वितीय में पंजीकृत है।

आवंटी श्री महेश्वर सिंह खाती की मृत्यु दिनांक 27.12.2014 को होने के कारण मृतक के पुत्र श्री राजेश खाती द्वारा उक्त सम्पत्ति को अपने नाम नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र, शपथपत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, अन्य वारिस सुनिता गुप्ता, व श्रीमती गीता खाती, का अनापत्ति शपथपत्र प्रमाणित फोटो हस्ताक्षर, रू. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर क्षतिपूर्ति बन्धकनामा जमा कर दिया गया है, प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर सम्पत्ति संख्या 199 मृतक के वारिस (पुत्र) श्री राजेश खाती के नाम की जानी है। उक्त सम्पत्ति के अन्तरण में यदि किसी वारिस / अन्य को काई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून में प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई अन्य क्लेम/ दावा मान्य नही होगा तथा नियमानुसार अन्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**सहायक सम्पत्ति अधिकारी।**

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप

खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



मुकद्दस रमजान 19

सुन्नी

गुरूवार अफतार 6:31 — शुक्रवार सेहरी 5:00

शिया

गुरूवार अफतार 6:36 — शुक्रवार सेहरी 5:05

मुकद्दस रमजानुल मुबारक की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी
प्रदेश सचिव
कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड
पूर्व ग्राम प्रधान
मेहुंवाला माफी, देहरादून।


# जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही वाले अफसरों पर मुख्यमंत्री नाराज

## सीएम धामी बोले, जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना हमारी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर आने वाली जनसमस्याओं के प्रति गंभीरता ना दिखाने वाले अफसरों पर मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए हैं। कहा है कि सीएम हेल्पलाइन 1905 में समय पर समस्याओं का निवारण न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। जिन अधिकारियों के स्तर पर अधिक शिकायतें लंबित हैं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए और लापरवाही बरते जाने की स्थिति में सख्त कार्रवाई भी की जाए। सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि कार्मिकों की सेवानिवृत्ति के बाद एक माह के अन्दर उनके सभी देयकों का भुगतान हो जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली से सीएम हेल्पलाइन 1905 की वर्चुअल समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिये।

**■ सीएम हेल्पलाइन 1905 पर समस्याओं का समय से हो निवारण**
**लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए: धामी**
**पुष्कर धामी ने की सीएम हेल्पलाइन 1905 पोर्टल की समीक्षा**



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जन मानस की है। जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। राजस्व विभाग, वन विभाग और शिक्षा विभाग में जन शिकायतों के समाधान में हो रही लेट लतीफी पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि अधिक समय तक लंबित प्रकरणों के मामले में संबंधित अधिकारियों का स्पष्टीकरण लिया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये है कि राजस्व विभाग से संबंधित सभी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जिन क्षेत्रों में अधिक शिकायते प्राप्त हो रही हैं, उसका कारण जानने के साथ ही उचित समाधान के लिए आगे की योजना बनाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि सभी सुनिश्चित करें कि जिन समस्याओं का समाधान जिस स्तर पर हो सकता है, वहीं समाधान किया जाए। अनावश्यक रूप से शिकायत उच्च स्तर पर आने पर उन अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए, जो अपने स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पंत, प्रमुख सचिव एल.फैनई, आर. मीनाक्षी सुंदरम, डीजीपी दीपम सेठ, कई सचिव, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, वर्चुअल माध्यम से उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन विनय रोहिला, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, आर.सी अजय मिश्रा एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने वाले अधिकारियों को सम्मानित भी किया जाए। पेयजल से संबंधित अधिक शिकायतें प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। आगामी ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत भी प्रदेश में पेयजल की सुचारू आपूर्ति के लिए पूरी व्यवस्था की जाए। 180 दिन से अधिक समय से लंबित मामलों पर विशेष अभियान चलाकर उनका निस्तारण करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को दिए हैं।

# रेखा आर्या ने डीबीटी से किए चार करोड़ 96 लाख 38 हजार ट्रांसफर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना में जनवरी माह के 5542, फरवरी माह के 5517 व मार्च माह के 5487 लाभार्थियों को धनराशि ट्रांसफर की। इस योजना में 3 महीने का पैसा एक साथ जारी किया गया है। बुधवार को मंत्री रेखा आर्या ने अपने कैंप कार्यालय से यह धनराशि डीबीटी की। मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि बुधवार को इस साल 1 जनवरी से 31 मार्च तक की धनराशि एक साथ ट्रांसफर की गई है । लाभार्थियों को कुल मिलाकर 4,96,38,000/- रुपए भेजे गए हैं । रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना के तहत कोरोना काल में अपने माता-पिता या संरक्षक को गंवा देने वाले बच्चों और किशोरों को उनकी आयु 21 वर्ष पूर्ण होने तक 3000 पर प्रति माह के हिसाब से आर्थिक मदद दी जाती है। इस योजना के तहत पहले लाभार्थियों की संख्या ज्यादा थी लेकिन हर महीने कुछ लाभार्थी 21 साल से अधिक आयु हो जाने या फिर शादी व अन्य कारणों से योजना से बाहर हो जाते हैं।

**■ मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना में लगभग 5542 लाभार्थियों को पैसा भेजा,महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने जनवरी माह के 5542, फरवरी माह के 5517 व मार्च माह के 5487 लाभार्थियों को धनराशि की ट्रांसफर**

रेखा आर्या ने कहा कि कोरोना काल में बेसहारा हुए बच्चों के लिए प्रदेश सरकार कि यह योजना वरदान साबित हुई है। इस योजना में लाभार्थियों को 3000 रू महीना आर्थिक मदद के अलावा उनके खाने-पीने, शिक्षा आदि की जिम्मेदारी भी सरकार उठाती है।

इस दौरान उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी अंजना गुप्ता, डीपीओ राजीव नयन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे

# धामी सरकार के तीन वर्षः 23 मार्च को मनाया जाएगा सेवा दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने अपनी सरकार के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में दिल्ली से वर्चुअल बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि 22 से 25 मार्च तक प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इन आयोजनों में जनता के जुड़ाव के लिए भी प्रभावी पहल की जाए। 23 मार्च को सेवा दिवस के रूप में मनाया जाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के तीन साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खण्ड स्तर तक बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जाए। स्वास्थ्य शिविर लगाये जाएं।

जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित उपकरण उपलब्ध कराने के साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। जन सरारेकारों से जुड़े कार्यों में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए।

**■ मेरा हर पल राज्य के विकास के लिए है समर्पितः मुख्यमंत्री धामी**
**राज्य के प्राकृतिक जल स्रोतों के संवर्द्धन के लिए धामी ने दिए निर्देश**
**दिल्ली से ही वर्चुअल बैठक लेकर मुख्यमंत्री ने अफसरों से की चर्चा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि वे अभी दिल्ली प्रवास पर हैं, लेकिन उनका मन हर पल राज्य के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार के तीन साल के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में समाज के हर वर्ग और क्षेत्र के लोगों को जोड़ा जाए। विभिन्न क्षेत्रों में सरानीय कार्य करने वालों की सफलताओं की कहानियां आम लोगों तक पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तीन साल के कालखंड में राज्य की जनभावनाओं के अनुरूप विकास के कई प्रतिमान स्थापित किये गये हैं। कई ऐसे निर्णय लिये गये हैं, जो राज्यहित के लिए नितांत जरूरी हैं। समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी जैसे ऐतिहासिक कानून लागू किये गये, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर राज्य को अलग पहचान मिली है। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए पहली बार राज्य का बजट 01 लाख करोड़ के पार पहुंचा है।

बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पंत, प्रमुख सचिव एल.फैनई, आर.मीनाक्षी सुंदरम, डीजीपी दीपम सेठ, सचिवगण, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, वर्चुअल माध्यम से उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन विनय रोहिला, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, आर.सी अजय मिश्रा एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# शिविरों का अधिकतम लाभ आम जनता तक पहुंचे : जोशी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 23 मार्च को आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ऊधम सिंह नगर के प्रभारी एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को कैंप कार्यालय में वर्चुअल माध्यम से जनपद ऊधम सिंह नगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जन सेवा थीम के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविरों एवं चिकित्सा शिविरों के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों का अधिकतम लाभ आम जनता तक पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने मंत्री को अवगत कराया कि जनपद में चिकित्सा एवं बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन 22 से 25 मार्च 2025 तक किया जाएगा, जबकि मुख्य कार्यक्रम 23 मार्च को होगा। मंत्री गणेश जोशी ने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करने और आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, काशीपुर मेयर दीपक बाली, रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीनगर में शीघ्र बनेगी मरीन ड्राइव एलिवेटेड रोड

**एस.आलम अंसारी**

**नई दिल्ली/देहरादून।** लक्ष्यद्वीप के शैक्षणिक भ्रमण पर जाने से पहले प्रदेश के शिक्षा एंव स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गत दिवस नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. रावत ने केन्द्रीय मंत्री से श्रीनगर में प्रस्तावित मरीन ड्राइव एलिवेटेड रोड परियोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने मरीन ड्राइव के निर्माण पर अपनी सहमति प्रदान की। मुलाकात के दौरान डॉ. रावत ने उन्हें आगामी चार धाम यात्रा पर आने का भी न्योता दिया। जिसे केन्द्रीय मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उन्होंने लक्ष्यद्वीप जाने से पहले नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर श्रीनगर में प्रस्तावित मरीन ड्राइव एलिवेटेड रोड परियोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही परियोजना की निर्माण, तकनीकी पहलुओं और इसके क्रियान्वयन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन देते हुये परियोजना की प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए हरसंभव सहयोग की बात कही। डॉ. रावत ने कहा कि एलिवेटेड रोड श्रीनगर शहर में यातायात दबाव को कम करने, सुगम परिवहन व्यवस्था विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही यह क्षेत्र के पर्यटन और आर्थिक विकास को भी गति देगा। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान केन्द्रीय मंत्री को आगामी चार धाम यात्रा पर आने का न्योता दिया, जिसे केन्द्रीय मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया।



# दिल्ली की मुख्यमंत्री से नेहा जोशी ने की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली / देहरादून।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुख्यमंत्री कार्यालय में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बाबा केदारनाथ धाम की प्रतिकृति भेंट की। नेहा जोशी ने सीएम रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं तथा चार धाम यात्रा के लिए उत्तराखंड आने का न्योता भी दिया। गौरतलब है कि दिल्ली में बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखंडी निवास करते हैं, जिनकी भाजपा की प्रचंड जीत में निर्णायक भूमिका रही है। युवा नेत्री नेहा जोशी ने मुख्यमंत्री से इन प्रवासी उत्तराखंडियों के हितों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की । इस अवसर पर उत्तराखंड बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना भी उपस्थित रही



# प्रमोशन में अर्हकारी सेवा शिथिलीकरण के शासनादेश की प्रतीक्षा

**एम. फहीम 'तन्हा'**

**देहरादून।** राज्य सरकार के विभागों में कर्मचारी अपने प्रमोशन की बाट जोह रहे हैं, उनको प्रतीक्षा उस शासनादेश की है जो उनको प्रमोशन के नियमों में शिथिलीकरण प्रदान करते हुए प्रमोशन का अवसर प्रदान करेगा। बीती 3 मार्च को कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों के पूरे सेवाकाल में एक बार प्रमोशन के नियमों में शिथिलीकरण देने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अभी उसका शासनादेश जारी नहीं हुआ है। इससे कई विभागों में डीपीसी होने की संभावना है।

**■ जल संस्थान सहित विभिन्न विभागों में होने हैं अफसरों के प्रमोशन**
**विधायी विभाग की हरी झंडी मिलते ही शासनादेश की संभावना**
**विभागों में ऊपरी पद खाली होने के चलते कैबिनेट ने दी शिथिलता**

दरअसल, राज्य में कई सरकारी विभाग ऐसे हैं जिनमें ऊपर के पदों पर अफसर सेवानिवृत्त हो गए हैं और नीचे के अफसरों ने प्रमोशन के नियमों के हिसाब से सेवाकाल अभी पूरा नहीं कर पाए हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई विभागों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। जिसको देखते हुए सरकार ने 3 मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिहं धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तराखण्ड सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण नियमावली 2010 को मंजूरी दी थी। इसके तहत उन कर्मचारी व अफसरों को अपने पूरे सेवाकाल में सिर्फ एक बार इसका लाभ लेते हुए प्रमोशन पा सकेंगे।

सूत्रों की मानें तो अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण के निर्णय के शासनादेश के ड्राफ्ट पर विधायी विभाग की मंजूरी मिलने की प्रतीक्षा की जा रही है। माना जा रहा है जल्दी ही कार्मिक विभाग द्वारा शिथिलीकरण का शासनादेश हो जाएगा। उधर संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष अरुण पांडेय का कहना है कि शासनादेश जारी होने की प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक होता है, फिर भी अफसरों से शीघ्र शासनादेश का अनुरोध किया जाएगा, ताकि जल संस्थान सहित विभिन्न विभागों में समय से कार्मिकों को इसका लाभ मिल सके।

गौरतलब है कि प्रमोशन में शिथिलीकरण का लाभ इस प्रकार मिलेगा यदि कोई ऊपर का पद रिक्त है और उस पद पर प्रमोशन के लिए नीचे के अफसर ने अर्हकारी सेवा के 10 वर्ष पूरे नहीं किए हैं तो उसको सेवाकाल में शिथिलीकरण का लाभ मिल जाएगा लेकिन शर्त ये है कि प्रोबेशन पीरियद 5 वर्ष से कम होना चाहिए।

# चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर लक्ष्यद्वीप पहुंचे शिक्षा मंत्री डा.रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**लक्ष्यद्वीप/देहरादून।** उत्तराखंड के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अपनी विभागीय टीम के साथ लक्ष्यद्वीप के चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर है। अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने आज अगाती द्वीप के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण किया और वहां की शैक्षणिक प्रणाली, शिक्षण पद्धति और बुनियादी ढांचे का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालयों में जाकर प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता एवं नवाचार पर विस्तृत चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने छात्र-छात्राओं से मिलकर उनके पठन-पाठन को लेकर वार्तालाप किया।



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के तहत लक्ष्यद्वीप के शैक्षणिक भ्रमण पर गये प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वह आगामी 22 मार्च तक लक्ष्यद्वीप के दौरे पर है। जहां वह अपनी विभागीय टीम के साथ लक्ष्यद्वीप के शिक्षा मॉडल का अवलोकन कर शिक्षा में नवाचार, शैक्षिक तकनीकी, शिक्षक प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन प्रणाली को समझेंगे। अपने चार दिवसीय दौरे के पहले दिन बुधवार को उन्होंने अगाती द्वीप के राजकीय सीनियर सेकेण्डरी स्कूल एवं राजकीय जूनियर बेसिक स्कूल का भ्रमण किया। जहां उन्होंने प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों से मिलकर विद्यालयों में लागू शैक्षणिक प्रणाली, शिक्षण पद्धति, पाठ्यक्रम, बुनियादी ढ़ांचे सहित विद्यालयों में संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनके पठन-पाठन व शैक्षिक गतिविधियों के बारे में जाना। डॉ. रावत ने बताया कि लक्ष्यद्वीप का शिक्षा मॉडल पर्यावरणीय संवेदनशीलता और सामुदायिक भागीदारी के दृष्टिकोण से प्रेरणादायक है। उन्होंने यहां की शिक्षा प्रणाली में तकनीक उपयोग और स्थानीय संसाधनों के बेहतर समन्वय की सराहना की और कहा कि यहां के शिक्षा मॉडल के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को उत्तराखंड की शिक्षा नीति में शामिल करने पर विचार किया जायेगा।

डॉ. रावत ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण उत्तराखण्ड और लक्ष्यद्वीप के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देगा, जिससे प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालयी शिक्षा सचिव रविनाथ रमन, निदेशक एससीईआरटी अजय नौरियाल, अपर निदेशक पदमेन्द्र सकलानी, मुख्य शिक्षा अधिकारी बागेश्वर गजेन्द्र सिंह सोन, स्टॉफ ऑफिसर एसएमएसए भगवती प्रसाद मंदोली, प्रवक्ता एससीईआरटी भुवनेश्वर प्रसाद पंत तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बागेश्वर के प्रधानाध्यापक ख्याली दत्त शर्मा आदि विभागीय अधिकारी भी शामिल हैं।

# उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अपनी जमीन से अवैध कब्जा हटाकर बनाएगा फ्लैट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अपनी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए प्रदेशभर में व्यापक कार्रवाई शुरू करने जा रहा है। बोर्ड अवैध रूप से कब्जाई गई वक्फ संपत्तियों को मुक्त कराकर इन जमीनों पर राज्य सरकार के सहयोग से फ्लैट बनाने की योजना पर काम कर रहा है। ये फ्लैट विशेष रूप से गरीबों, निर्धनों और यतीमों को दिए जाएंगे, ताकि उन्हें एक सुरक्षित और स्थायी आश्रय मिल सके। बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर वर्षों से अवैध कब्जे हो रहे हैं, जिससे बोर्ड को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। अब इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और अवैध कब्जेदारों को बेदखल किया जाएगा। इसके साथ ही, जो लोग वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर किरायेदार के रूप में रह रहे हैं।, उन्हें बाजार दरों के अनुसार किराया देना होगा। शिक्मी किरायदारों से भी जमीने खाली कराई जाएगी। हिन्दू किरायदारों का भी सत्यापन कराया जाएगा। वक्फ बोर्ड के इस निर्णय को समाज के हित में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे न केवल अवैध कब्जों से छुटकारा मिलेगा, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को सुरक्षित आवास भी मिलेगा। मगर सवाल यह है कि क्या प्रदेश सरकार और प्रशासन भी इस मुहिम में वक्फ बोर्ड का सहयोग करेंगे,ताकि इसे सफलतापूर्वक लागू किया जा सके। शादाब शम्स ने कहा कि जनता के सहयोग से बन रही मस्जिदों-मदरसों को वक्फ कराया जाना चाहिए, यह किसी की अपनी निजी जायदाद नही है।

**■ प्रदेश के गरीबों और यतीमों को दिया जाएगा आशियानाः शम्स**
**ट्रिब्यूनल गठन की तैयारी, किरायेदारों को देना होगा बाजार मूल्य पर किराया**
**जनता के सहयोग से बन रही मस्जिद-मदरसों को वक्फ कराने की अपील**

### वक्फ ट्रिब्यूनल का जल्द होगा गठन

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों के शीघ्र निपटारे के लिए प्रदेश में वक्फ ट्रिब्यूनल का गठन किया जा रहा है। यह ट्रिब्यूनल अवैध कब्जों और संपत्ति संबंधी अन्य मामलों पर तेजी से निर्णय लेगा, जिससे न्याय प्रक्रिया प्रभावी और निष्पक्ष हो सके। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में एक साल से ट्रिब्यूनल में सदस्यों के पद खाली चल रहे है, जिन्हे अस्थाई तौर पर भरा जा रहा है।

### पूर्व सांसद सईदुज्जमा व अकबर डंपी को भेजा नोटिस

शादाब शम्स ने साफ किया कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उन्हीं उद्देश्यों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए वे स्थापित की गई थीं, यानी समाज के जरूरतमंद और गरीब तबके की मदद के लिए। उन्हाने कहा कि पूर्व सांसद सईदुज्जमा और अकबर अहमद डंपी को भी धारा 54 के तहत नोटिस भेजा गया है। मसूरी, हरिद्वार, नैनीताल, हल्द्वानी और रूड़की में बड़ी संख्या में अवैध कब्जे है, जिन्हे खाली कराया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा मकसद केवल अवैध कब्जे हटाना ही नहीं, बल्कि इन संपत्तियों का सही और न्यायसंगत उपयोग सुनिश्चित करना है। गरीब, यतीम और जरूरतमंद लोग वक्फ संपत्तियों से लाभान्वित होंगे, जिससे उनका जीवन स्तर सुधरेगा।

# वित्त विभाग के प्रयासों को भारत सरकार ने सराहा

**देहरादून** ।उत्तराखण्ड राज्य ने भारत सरकार की एस.एन.ए. स्पर्श योजना के अन्तर्गत प्रदेश की विभिन्न केन्द्र पोषित योजनाओं को भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना एस.एन.ए. स्पर्श पर नियत तिथि 31 जनवरी, 2025 को ऑनबोर्ड करते हुए एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, जिसके फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की सराह100ना करते हुए विशेष पूंजीगत सहायता के अन्तर्गत प्रोत्साहन धनराशि इस उपलब्धि के क्रम में प्रदान की है। यह उपलब्धि वित्त विभाग के अधिकारियों एवं वित्तीय डेटा सेंटर के सदस्यों द्वारा अथक परिश्रम करते हुए अल्प समय में प्राप्त की है। कोषागार निदेशालय के अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं को सफलतापूर्वक एस.एन.ए. स्पर्श के सॉफ्टवेयर का ससमय निर्माण करते हुए ऑनबोर्ड किया गया है।

# विभाग की छवि धूमिल करने पर की जाएगी कानूनी कार्रवाईः ईरा उप्रेती

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सोशल मीडिया पर सहकारिता विभाग को लेकर की जा रही मनगढ़ंत बयानबाजी पर विभागीय उच्चाधिकारियों ने कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। अपर निबंधक सहकारिता ईरा उप्रेती ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों के द्वारा गलत तथ्यों को आधार बनाकर सोशल मीडिया पर सहकारिता विभाग की छवि को धूमिल किया जा रहा है और सहकारिता मंत्री की छवि बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर जिस लोनी अर्बन कोऑपरेटिव सोसाइटी की बात की जा रही है, उसका सहकारिता विभाग से कोई लेना-देना नहीं और न ही यह सोसाइटी सहकारिता विभाग में पंजीकृत है। सिर्फ और सिर्फ अफवाह फैला कर विभाग की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि सरासर गलत है।

अपर निबंधक ईरा उप्रेती ने कहा कि फेसबुक, व्हट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया माध्यमों के द्वारा विभाग की प्रतिष्ठा धूमिल करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत ऐसे मामलों में तीन वर्ष की कैद का प्रावधान है, साथ ही मानहानि का मामला अलग से बनता है। उन्होंने कहा कि आईटी एक्ट के अनुसार किसी भी इलेक्ट्रानिक माध्यम (कंप्यूटर, मोबाइल, टैबलेट आदि) का प्रयोग किसी व्यक्ति के खिलाफ दुष्प्रचार करने, मिथ्या आरोप लगाने, अनर्गल टिप्पणी करने, प्रतिष्ठा गिराने, छींटाकशी करने या किसी की प्रतिष्ठा पर कीचड़ उछालने के लिए किया जाता है तो आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई एवं कारावास का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि इन मामलों में आईटी एक्ट के अलावा मानहानि के आधार पर भी आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है।

इस संबंध में यदि पुनः किसी भी व्यक्ति के द्वारा या सोशल मीडिया पर विभाग की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जाएगा तो विभाग के द्वारा उक्त व्यक्ति या सोशल मीडिया संस्थान पर संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । उन्होंने कहा कि

कोई भी समाचार या सोशल मीडिया पोस्ट अपलोड से पूर्व सत्यता की जांच कर ली जाए तो उचित रहेगा ।

# श्रीनगर में आवास विकास की भूमि को लेकर सर्वे शुरू

## चार विभागों की टीमों ने किया सर्वे, राजस्व विभाग देगा रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

श्रीनगर। नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांर्गत भक्तियाना के पास आवास विकास भूमि का बुधवार को उत्तरप्रदेश आवास विकास परिषद, उत्तराखंड आवास विकास परिषद, जिला प्राधिकरण पौड़ी और राजस्व विभाग की टीम ने सर्वे किया। इस दौरान उन्होने राजस्व विभाग टीम से जमीन से सम्बंधित जानकारी ली। सहारनपुर से पहुंचे उत्तरप्रदेश आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता नवरत्न सिंह ने बताया कि बीते दिनों उत्तराखंड आवास विकास परिषद उत्तराखंड के अपर आयुक्त आवास पीसी दुम्का की अध्यक्षता में उत्तरप्रदेश आवास विकास परिषद और



उत्तराखंड आवास विकास परिषद की संयुक्त बैठक आहुत की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश आवास विकास की स्वामित्व में उत्तराखंड में स्थित आवास विकास की भूमि के सर्वे कर उक्त भूमि को उत्तराखंड आवास विकास परिषद के स्वामित्व किए जाने को लेकर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गये थे। जिसके तहत उत्तराखंड आवास विकास परिषद, उत्तराखंड आवास विकास परिषद, उत्तराखंड राजस्व विभाग और जिला प्राधिकरण चार विभागों की टीम गठित की गई है। बताया कि गुरूवार को श्रीनगर में भक्तियाना स्थित आवास विकास की भूमि का सर्वे कर उसका मापन किया गया। उत्तरप्रदेश आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता नवरत्न सिंह ने बताया कि उत्तराखंड के तमाम जिलों में वर्ष 1980 से आवास विकास की भूमि उत्तरप्रदेश आवास विकास परिषद के स्वामित्व में है। जिसको अब उत्तराखंड आवास विकास परिषद के स्वामित्व करने को लेकर सर्वे शुरू कर दिया गया है। बताया कि श्रीनगर में लगभग 715 एकड़ जमीन आवास विकास की भूमि है। बताया कि सर्वे पूरा होने के बाद उत्तराखंड राजस्व विभाग इसकी रिपोर्ट उत्तरप्रदेश आवास विकास परिषद को देगा। भूमि के सत्यापन के उपरांत इसकी रिपोर्ट उत्तराखंड आवास विकास परिषद उत्तराखंड के अपर आयुक्त आवास पीसी दुम्का के सम्मुख रखी जायेगी। बताया कि आवास विकास की भूमि उतराखंड शासन को स्थानातंरित होने के बाद यहां पर बेहतर पार्किंग सहित अन्य उपयोगी कामों के लिए उपलब्ध हो सकेंगी। इस मौके पर उत्तरप्रदेश आवास विकास परिषद के अवर अभियंता राजीव कुमार वर्मा, उत्तराखंड आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता टीएस पंवार, जिला प्राधीकरण पौड़ी से सुनील सहित आदि मौजूद थे।

# स्थानीय लेखकों को अधिक से अधिक मंच दें:प्रो.राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के शैक्षणिक गतिविधि केंद्र में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया है। उत्तराखंड राज्य विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तराखंडी भाषा न्यास (उभान) एवं गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में उत्तराखंडी लोक भाषाओं के समानार्थी शब्दों का प्रयोग एवं समरूप साहित्य का निर्माण पर विद्वानों ने चर्चा की। समापन अवसर पर सत्र की अध्यक्षता करती हुई गढ़वाल विवि के कला, संचार और भाषा की संकायाध्यक्ष प्रो. मंजुला राणा ने भाषा के महत्व और गढ़वाली शब्दों की मनोवैज्ञानिकता, प्रभाव और प्रसार पर अपने विचार रखे। अंतिम सत्र में उभान के मुख्य वक्ता डॉ. बिहारीलाल जलंधरी ने लोक भाषाओं के संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की और इस क्षेत्र में शोध की नई संभावनाओं पर सुझाव दिए। इस अवसर पर समाजसेवी दयानंद सिलवाल ने उत्तराखंडी भाषा के विकास के सभी आयामों जैसे लोकगीत, लोक साहित्य और भाषाई विविधता के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. अनूप सेमवाल ने कहा कि उतराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति है, जिसे नई पीढ़ी को अपनाना होगा और अपनी बोली का प्रयोग करना होगा। डॉ. कपिल पंवार ने कार्यशाला में वीडियो फिल्म के माध्यम से हिंदी सिनेमा में उत्तराखंड की लोक संस्कृति और भाषाओं के प्रयोग पर प्रस्तुति दी। कहा कि यदि लोक भाषाओं का प्रयोग सिनेमा में होगा तो उससे भाषाओं का निश्चित रूप से संरक्षण मिलेगा। इस अवसर पर मंच संचालक और संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बालकृष्ण बधानी ने भाषा के शास्त्रीय स्वरूप पर चर्चा की। इस अवसर पर हिंदी विभाग के शोधार्थी आनन्द, प्रमोद, तरुण, पी अंजलि ने भी अपने शोध पत्र का पाठन किया। इस कार्यक्रम में हिंदी सुल्तान सिंह तोमर, भयात संस्था के नरेंद्र सिंह रावत, डॉ. गौरीश नन्दिनी, डॉ. सविता मैठाणी, लवकेश कुमार, सौरभ, अंकित उछोली, शीतल, अम्बिका सहित आदि मौजूद थे।

# एनीमिया मुक्त भारत अभियान पर प्रशिक्षण संपन्न

**■ सीएमओ बोले एनीमिया उन्मूलन में सभी का सहयोग आवश्यक**
**स्वास्थ्य, शिक्षा और बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने लिया भाग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्याम विजय की अध्यक्षता में बौराड़ी स्थित एक निजी होटल में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि एनीमिया से ग्रस्त लोगों की पहचान कर उन्हें उपचार और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने सभी से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से एनीमिया उन्मूलन अभियान को गति देने पर जोर दिया गया। टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने भी स्वास्थ्य विभाग को अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एनीमिया से मुक्त समाज के निर्माण के लिए व्यापक जागरूकता और प्रशिक्षण आवश्यक है। साथ ही, प्रभावित लोगों तक समुचित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

मंगलवार को आयोजित इस प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा और बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल हुए। कार्यशाला में जोनल मैनेजर मोनु कुमार शर्मा, नरेंद्र रावत, विजय लक्ष्मी समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुंभीचौड़ में 21 मई से आयोजित होगा गढ़ कौथीग

कोटद्वार। नगर निगम के कुंभीचौड़ स्थित गढ़ चेतना सामाजिक व सांस्कृतिक समिति की ओर से कुंभीचौड़ में 21 मई से गढ़ कौथीग का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान क्षेत्र की महिला कीर्तन मंडलियों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बुधवार को यह जानकारी देते हुए समिति संयोजक अनिल रावत ने बताया कि मेला 21 से 26 मई तक होगा। मेले के दौरान लोक कलाकार व महिला कीर्तन मंडलियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेंगी। बताया कि कीर्तन मंडलियों के पंजीकरण के लिए 31 मार्च अंतिम तिथि रखी गई है।

# बाइक चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** अनिल चौहान, निवासी-कोटद्वार द्वारा कोतवाली कोटद्वार पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी मोटर
साईकिल संख्या-UK-17।-9051 स्पलेंडर को कोटद्वार से चोरी कर दी है। जिस सम्बन्ध में कोतवाली कोटद्वार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए मोटरसाइकिल को बरामद करने के साथ -साथ अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु पुलिस टीम गठित करने के लिए निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार रमेश तनवार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र में तथा वादी द्वारा बताये गये सम्भावित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों को चैक किये।पुलिस टीम के प्रयासों से सनेह रोड कोटद्वार के पास से दो अभियुक्त संदीप सिंह, उम्र 19 वर्ष, पुत्र कुलवंत सिंह, निवासी-कुआं खेड़ा, थाना-बढ़ापुर, जिला- बिजनौर, उत्तर प्रदेश व राज शर्मा, उम्र 19 वर्ष, पुत्र राजेंद्र शर्मा, निवासी- गुमानीवाला, ऋषिकेश जनपद- देहरादून को चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के कब्जे से एक अन्य मोटर साइकिल भी बरामद की गयी।चोरी की इस घटना में संलिप्त एक अन्य अभियुक्त मंगल सिंह पुत्र हरवंश सिंह, निवासी कुआं खेड़ा थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर जो कि फरार चल रहा है जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर .......

### पूर्व सैनिकों के पुत्रों के लिए भर्ती पूर्व प्रशिक्षण सात अप्रैल से

**नई टिहरी।** पूर्व सैनिकों और सैनिक विधवाओं के पुत्रों को सेना, अर्द्धसैनिक बल और पुलिस बल में भर्ती के लिए निशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो 7 अप्रैल से शुरू होगा। इस संबंध में जानकारी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीबी पुन (से.नि.) ने दी। उन्होंने बताया कि भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के लिए प्रदेश में दो केंद्र निर्धारित किए गए हैं। गढ़वाल मंडल के युवाओं के लिए यह प्रशिक्षण सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय देहरादून के अंतर्गत पुराना बूचड़ी में दिया जाएगा, जबकि कुमाऊं मंडल के अभ्यर्थियों के लिए हवलबाग, अल्मोड़ा में व्यवस्था की गई है। टिहरी जिले के इच्छुक अभ्यर्थी 31 मार्च तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, टिहरी में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सैनिक कल्याण कार्यालय के दूरभाष नंबर 01376-234145 पर संपर्क किया जा सकता है।

### डीएम ने टीएचडीसी के सौंदर्यीकरण कार्यों का किया निरीक्षण

**नई टिहरी।** जिला अधिकारी मयूर दीक्षित ने टीएचडीसी द्वारा किए जा रहे सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पालिका क्षेत्र के डायजर में टीएचडीसी द्वारा विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें प्रवेश द्वार, शिवमूर्ति की बाउंड्री वॉल, शहीद स्मारक और मुख्य बाजार में आधुनिकीकरण कार्य शामिल हैं। डीएम ने टीएचडीसी के कार्यकारी निदेशक एलपी जोशी को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा 31 मार्च तक गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नई टिहरी को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से कार्य कर रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर महाप्रबंधक एसएस महर, अधीक्षण अभियंता पुनर्वास आरके गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**नई टिहरी।** बाल विकास परियोजना जाखणीधार की ओर से सक्षम आंगनबाड़ी मिशन 2.0 के तहत पोषण भी-पढ़ाई भी अभियान को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हो गई। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण, स्वास्थ्य, ग्रोथ मॉनिटरिंग, विकलांगता पोषण ट्रैकर, नवचेतना और आधारशिला पाठ्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। बुधवार को जाखणीधार मुख्यालय में कार्यशाला का उद्घाटन बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम रमोला और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर संदीप चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए यह प्रशिक्षण उनके लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। उन्होंने बताया कि पोषण भी-पढ़ाई भी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यकाल देखभाल, शिक्षा और पोषण सेवाओं को मजबूत करना है। आधारशिला पाठ्यक्रम के तहत संज्ञानात्मक, सामाजिक, भाषा, शारीरिक और संवेगात्मक विकास से जुड़े विषयों पर 54 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिनों तक गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। 21 मार्च को कार्यशाला का समापन होगा।

### जैधार बैंड से माछनी मोटरमार्ग को मिली वित्तीय स्वीकृति

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के जैधार बैंड से माछनी मोटरमार्ग के नवनिर्माण कार्य को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। तीन किलोमीटर मोटरमार्ग का निर्माण कार्य का एक करोड़ सात लाख बानवे हजार रूपये की लागत से पूरा किया जायेगा। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि जैधार, महेंद्र और माछनी के ग्रामीणों की 45 साल पुरानी मांग को आज पूरी हो गई है। उन्होने बताया कि इस मोटरमार्ग को प्राथमिका के रखते हुए उन्होने शासन स्तर से इसे स्वीकृत करवाया है। जैधार बैंड से माछनी मोटरमार्ग के नवनिर्माण कार्य को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। बताया कि तीन किलोमीटर के इस मोटरमार्ग से जैधार, महेंद्र और माछनी के ग्रामीण लाभाविंत होंगे। बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शासन स्तर से प्रथम किस्त के रूप में दस हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत की है।

### श्रीनगर में छह सूत्रीय मांगों को लेकर बेमियादी धरना आज से

**श्रीनगर।** नारी क्रांति मानव चेतना नागरिक एकता संगठन के बैनर तले गुरूवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जा रहा है। आंदोलनकारी सरस्वती देवी ने बताया कि एलयूसीसी द्वारा ठगी पीड़ितों के पैसे वापस दिलाने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने सहित, अंकिता भंडारी, किरन नेगी के दोषियों को सजा दिलाने, नशीलें पदार्थों पर प्रतिबंध, यूसीसी कानून रद्द करने के मामले को लेकर 17 मार्च को एसडीएम श्रीनगर को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अभी तक किसी भी मांग पर कार्यवाही नहीं की गई है। राज्य आंदोलनकारी प्रमिला रावत ने बताया कि अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने से पूर्व श्रीनगर-पौड़ी बस अडडे के समीप पीपल चौरी से विरोध रैली आयोजित की जायेगी। यह रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए गोला बाजार पहुंचेगी। बताया कि इसके बाद पीपी चौरी में मांगे पूरी न होने तक धरना जारी रहेगा।

### खगोलीय दूरबीनों के मूल सिद्धांत के बारे में दी जानकारी

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में दो दिवसीय खगोलीय दूरबीन निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 65 छात्र एवं संकाय सदस्य शामिल हुए। मौके पर छात्रों को खगोलीय दूरबीनों कि संरचना और उसके प्रयोगों के बारें में बताया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़्वाल विवि की कुलपति प्रो. एमएमएस. रौथाण एवं आरयूएसए, उत्तराखंड सरकार सलाहकार केडी पुरोहित ने कार्यक्रम की सरहाना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर डा. आशीष रतूड़ी ने खगोलीय दूरबीनों के मूल सिद्धांत, उनकी संरचना और अनुप्रयोगों पर व्याख्यान दिया। इसके बाद, आईयूसीएए, पुणे से आए विशेषज्ञ तुषार पुरोहित और एम. मेट द्वारा प्रतिभागियों को दूरबीन असेंबली, कोलिमेशन और संरेखण के व्यावहारिक गुणों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्रों ने दूरबीन के विभिन्न घटकों को समझा और उन्हें जोड़ने की तकनीक सीखी।

# बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने राज्य सरकार का किया आभार व्यक्त

**कोटद्वार।** बीएड प्रशिक्षित युवा संघ के प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने प्रदेश के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ताओं की सीधी भर्ती में स्क्रीनिग परीक्षा को समाप्त कर विषयवार परीक्षा कराने तथा प्रवक्ता संवर्ग सेवा नियमावली में संशोधन करने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया हैं साथ ही उन्होंने राज्य युवा कल्याण के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बीएड प्रशिक्षतों की मांग का संज्ञान लेकर इस मांग को राज्य सरकार के समक्ष उठाया। बुधवार को यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि बीएड प्रशिक्षतों की लम्बे समय से चली आ रही मांग के पूरा होने से अब विषय विशेषज्ञ शिक्षक मिल सकेंगे। अभी तक विषय विशेषज्ञ न मिल पाने के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। मौके पर उन्होंने प्रवक्ता भर्ती परीक्षा की परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग भी की, जिससे अभ्यर्थियों को तैयारी का उचित समय प्राप्त हो सके।

## आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिस मेला कल

**श्रीनगर।** राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान श्रीनगर में 21 मार्च को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिस मेले आयोजित किया जायेगा। आईटीआई के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि 21 मार्च को आईटीआई श्रीनगर के परिसर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिस मेले आयोजित किया जायेगा। बताया कि मेले में पांचवी, आठवीं, दसवीं और बारहवीं, आईटीआई प्रमाण पत्र धारक के साथ ही डिप्लोमा पॉलिटेक्निक, बीए, बीएससी, बीकॉम, बी फार्मा के छात्र-छात्राएं मेले में प्रतिभाग कर अपना पंजीकरण करवा सकते है। बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिस मेले युवाओं के अंदर छुपे कौशल द्वारा स्वयं के कैरियर उन्नयन के साथ राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेंगी। बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी गुगल फार्म ीजजचरूध्ध्वितउेण्हसमध्रूज्ञ9स्दग्ळस्हनुेर्चु6 के माध्यम से मेले में प्रतिभाग से सम्बंधित सूचना दे सकते है। संजीव कुमार ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं मेले के दौरान भी अपना पंजीकरण करवा सकते है।

# लंबगांव में अंग्रेजी शराब की दुकान न खोलने की मांग

**■ नशामुक्त जनमोर्चा संगठन ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**
**नई पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए कार्रवाई की अपील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देवभूमि उत्तराखंड नशामुक्त जनमोर्चा संगठन के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी प्रतापनगर को ज्ञापन सौंपकर लंबगांव में अंग्रेजी शराब की दुकान की निविदा जारी न करने की मांग की है।

बुधवार को संगठन के संयोजक देवी सिंह पंवार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी से मिला और आगामी अप्रैल में निकलने वाली शराब की दुकान की निविदाओं में लंबगांव को शामिल न करने की अपील की। संगठन के सदस्यों का कहना था कि नशे का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिससे नई पीढ़ी का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

इस स्थिति को रोकने के लिए प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत चौहान, त्रिलोक रावत, सुरेश आर्य, मुरारी रांगड़, रामदेव कलूड़ा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**गोपेश्वर।** सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर 23 मार्च को सभी जनपद मुख्यालयों में जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सभी विभागों को स्टॉल लगाने के निर्देश दिए जिससे आम जनमानस को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने सभी विभागों को स्टॉल में आने वाले लाभार्थियों की पूरी जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से आयुर्वेद, होम्योपैथी, एलोपैथी को चिकित्सा शिविर लगाकर आम जनता को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग को बीज वितरण, सहकारिता को नैनो यूरिया वितरण व उद्योग विभाग को एलडीएम से समन्वय स्थापित कर बैंक कर्मचारी तैनात करते स्वरोजगार योजनाओं में ऋण वितरण किया गया।

# सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, 30 महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का हुनर

**■ थौलधार के बंगियाल में चार माह का सिलाई प्रशिक्षण पूरा**
**नव ज्योति समिति व टीएचडीसी के सहयोग से हुआ आयोजन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सामाजिक संस्था नव ज्योति जन कल्याण समिति व टीएचडीसी के सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत विकासखंड थौलधार के बंगियाल में 30 युवतियों व महिलाओं के लिए आयोजित चार माह का सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। समापन समारोह में भाजपा नेता निर्मल सिंह राणा ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं। सेवा टीएचडीसी के नोडल अधिकारी महेंद्र सिंह राणा ने टीएचडीसी द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक दायित्व कार्यक्रमों की जानकारी दी।

नव ज्योति संस्था के सचिव राजेंद्र सिंह रांगड़ ने बताया कि संस्था सिलाई, कंप्यूटर, ब्यूटीशियन, जूट उत्पाद, हाउस वायरिंग और फैशन डिजाइनिंग सहित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों, महिलाओं और युवकों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी दूरस्थ क्षेत्रों में यह अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता बीरेंद्र सिंह, मास्टर ट्रेनर बुद्धा देवी और प्रशिक्षु करिश्मा, सोनिका, पूजा, बबीता, रेशमा, ममिता, भारती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में शिक्षणेतर कर्मचारी परिषद चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशियों ने नामांकन करवाया है, जबकि उपाध्यक्ष पद पर चार, महासचिव पद पर दो, सह-सचिव, कोषाध्यक्ष व प्रचार मंत्री पद पर तीन-तीन प्रत्याशियों ने नामांकन करवाया है। चुनाव अधिकारी वीएन बहुगुणा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर देवेंद्र सिंह, पुष्कर सिंह चौहान, संदीप सिंह रावत प्रत्याशी घोषित हुए हैं। उपाध्यक्ष पद पर मनोज सिंह नेगी, राजेंद्र सिंह, रोशन सिंह, सुरेंद्र सिंह, महासचिव पद पर कमलेश चंद्र नैथाणी, रविंद्र सिंह सिलसवाल, सह-सचिव पद पर धर्मपाल, राकेश प्रकाश, सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर चरण सिंह, मयंक जोशी, सुरेंद्र सिंह शाह व प्रचार मंत्री पद पर मोहन लाल, पुष्कर सिंह, रमेश सिंह खत्री प्रत्याशी घोषित हुए।

# कोटद्वार के 4 फुटबॉल सितारे चमकेंगे कुमाऊं प्रीमियर लीग में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** प्रथम कुमाऊं प्रीमियर फुटबॉल लीग का आयोजन हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रहा है जिसमें कुमाऊं रीजन की 6 जनपद की टीमें प्रतिभाग कर रही है।

मुख्य आयोजक विरु कराकोटि ने बताया कि इसमें इनामी राशि 2 लाख एवं उपविजेता को 1 लाख की धन राशि दी जानी है। 2 मार्च को टीम ऑनर्स द्वारा खिलाडियों का चयन किया गया था जिसमें कोटद्वार शहर के 4 युवा खिलाड़ियों का चयन विभिन्न टीमों में हुआ है।

फुटबॉल कोच सिद्धार्थ रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि शहिद मुकेश बिष्ट खेल अकादमी के मयंक रावत चंपावत टीम के लिए, ओम अल्मोड़ा टीम के लिए एवं अंकित नेगी नैनीताल टीम के लिए चयनित हुए हैं।

जनता इंटर कॉलेज खेल मैदान मिनी स्टेडियम मोटाढांक में नि:शुल्क संचालित खेल अकादमी के सभी बच्चों ने अपने सीनियर खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। स्पोर्ट्स स्टेडियम गाड़ीघाट के प्रशिक्षणार्थी दिनेश कुमार भी अल्मोड़ा टीम के लिए चयनित हुए हैं उन्हें अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने प्रशिक्षक महेंद्र रावत को दिया है। अंतराष्ट्रीय फुटबॉल कोच सुनील रावत ने चयनित खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है।

# श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य झांकी



**■ श्रद्धालुओं ने व्यास गद्दी से लिया आशीर्वाद, खुशहाली की कामना**
**विधायक किशोर उपाध्याय ने हिमालय और गंगा संरक्षण पर दिया जोर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जाखणीधार ब्लॉक के चाह गाडोलिया के चौरी गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भव्य झांकी निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्यास गद्दी से आशीर्वाद लिया और सुख-समृद्धि की कामना की।

कथा वाचक मणिराम पैन्यूली ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, गुरु वशिष्ठ से लेकर श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम और सीता का जीवन आज भी प्रासंगिक है, और लोग उनके आदर्शों का अनुश्रवण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाओं का सार जानना ही भागवत कथा का मुख्य उद्देश्य है, जिससे मनुष्य के दुख दूर होते हैं और उनके पितरों का भी उद्धार होता है।

कार्यक्रम में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, जाखणीधार की ब्लॉक प्रशासक सुनीता देवी, पूर्व प्रमुख जगदंबा रतूड़ी और नवाकोट के प्रशासक भगवती रतूड़ी ने भी व्यास गद्दी से आशीर्वाद लिया। विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान समय में गंगा और हिमालय को बचाना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि हिमालय के अस्तित्व से ही मानवता का अस्तित्व जुड़ा हुआ है और कथा वाचक से आग्रह किया कि वे अपने प्रवचनों के माध्यम से लोगों को हिमालय की चुनौतियों से अवगत कराएं।

इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र दत्त लसियाल, मुख्य यजमान उजला देवी, उत्तम नेगी, यशपाल नेगी, विनय नेगी, भोपाल नेगी, विजेंद्र नेगी, उदय नेगी, अवतार नेगी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गजा में हंस फाउंडेशन का निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न

**■ 110 लोगों की आंखों की जांच, 20 मरीजों को ऑपरेशन की सलाह**
**निशुल्क दवा और चश्मों का वितरण, नकोट व चाका क्वीली में अगले शिविर लगेंगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर पंचायत गजा में हंस फाउंडेशन सतपुली की ओर से आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 110 लोगों की आंखों की जांच की गई। इस दौरान मरीजों को निशुल्क दवाएं और चश्मे वितरित किए गए, जबकि 20 लोगों को अस्पताल जाकर ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई।

नेत्र चिकित्सा शिविर में फाउंडेशन के डॉक्टर भूपेंद्र सिंह रावत, समन्वयक संतोष कुमार और सहायक रविंद्र सिंह नेगी ने बताया कि शिविर का आयोजन नगर पंचायत गजा की पूर्व अध्यक्ष मीना खाती व सेवा भारती के राजेंद्र सिंह खाती के अनुरोध पर किया गया। डॉक्टरों ने आंखों की देखभाल, संक्रमण से बचाव, मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगों के बारे में जानकारी दी।

जानकारी दी गई कि 21 मार्च को पंचायत भवन नकोट और 23 मार्च को मेला पंडाल स्थल चाका क्वीली में भी हंस फाउंडेशन द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, फोन नंबर और यदि उपलब्ध हो तो आयुष्मान कार्ड साथ लाने की अपील की गई।इस अवसर पर विक्रम सिंह रावत, अनिल कुमार, जीतराम उनियाल, शेर सिंह बागड़ी, मीनाक्षी उनियाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# श्री झण्डेजी पर लाखों श्रद्धालुओं ने झुकाए शीश

## श्री गुरुराम राय महाराज व श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज के जयकारों से गूंजी द्रोणनगरी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स



**देहरादून।** खुशियां नाल मनाईये जन्मदिन सद्गुरु दा........ देखो देखों गुरां दा देखों झण्डा चढ़या....., श्री गुरु राम राय महाराज व श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज के जयकारों के साथ बुधवार को श्री झण्डा साहिब का आरोहण किया गया। आस्था के महाकुंभ का साक्षी बनने के लिए श्री दरबार साहिब में बुधवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। लाखों संगतें व दूनवासी श्री झण्डे जी के सम्मुख श्रद्धा के साथ शीश नवाए व हाथ जोड़े खड़े रहे। हर कोई श्री झण्डा साहिब के समक्ष मत्था टेकने और श्री गुरु राम राय महाराज के दर्शन को श्रद्धापूर्वक भावविभोर रहा। श्री दरबार साहिब परिसर व आसपास के क्षेत्रों में तिल रखने भर की भी जगह नहीं थी। जैसे-जैसे श्री झण्डे जी पर गिलाफ के आवरण चढ़ाने का क्रम बढ़ता जाता, संगतों व दूनवासियों का उत्साह भी पराकाष्ठा तक पहुंचता जाता। दर्शनी गिलाफ के चढ़ते ही व झण्डेजी के आरोहण की प्रक्रिया प्रारम्भ होते ही श्री गुरु राम राय महाराज के जयकारों की ध्वनि तेज हो उठी। बुधवार शाम 3:50 मिनट पर जैसे ही श्री दरबार साहिब देहरादून के सज्जादे गद्दी नशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने आरोहण की प्रक्रिया शुरू करने का संदेश दिया, वैसे ही पूरी द्रोणनगरी श्री गुरु राम राय महाराज के जयकारों से गूंज उठी। 4 बजकर 19 मिनट पर झण्डेजी का आरोहण पूर्ण हुआ। संगतों व दूनवासियों ने श्री गुरु राम राय महाराज के जयकारे लगाए व ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। इसी के साथ देहरादून के ऐतिहासिक एवम् सांस्कृतिक विरासत झण्डेजी मेले का विधिवत शुभारंभ हो गया। बुधवार सुबह सूर्य की पहली किरण भी धरती पर नहीं पड़ी थी कि श्री दरबार साहिब परिसर एवम् आस-पास का क्षेत्र संगतों व दूनवासियों से खचाखच भर गया। झण्डेजी को उतारने के लिए संगतें झण्डेजी के नीचे एकत्र हो गईं। झण्डेजी को उतरते व फिर चढ़ते देखना अपने आप में अद्भुत एवम अद्वितीय नजारा है। इस पुण्य को अर्जित करने के लिए देश-विदेश से आई संगतें इस पावन बेला का साल भर बेसब्री से इंतजार करती हैं। सुबह 7:00 बजे से ही विशेष पूजा अर्चना शुरू हो गई थी। सुबह 8:30 बजे झण्डेजी को उतारा गया व पूजा अर्चना की गई। झण्डे जी (पवित्र ध्वज दण्ड) को संगतों ने सुबह दूध, घी, शहद, गंगाजल व पंचगब्यों से स्नान करवाया। 90 फीट ऊंचे श्री झण्डे जी पर पहले सादे और शनील के गिलाफ चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हुई। खास बात यह है कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान श्री झण्डे जी को एक पल के लिए भी जमीन पर नहीं रखा जाता। संगतें अपने हाथों पर झण्डे जी को थामे रहती हैं। दोपहर करीब 01:30 बजे झण्डेजी पर दर्शनी गिलाफ चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

## देशवासियों पर सदैव बनी रहे श्री गुरु राम राय महाराज की कृपा : श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज

**देहरादून।** श्री झण्डेजी के आरोहण के बाद श्री दरबार साहिब के सज्जादे गद्दी नशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने सभी देश व प्रदेशवासियों सहित संगतों को श्री झण्डा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। महाराज ने कहा कि झण्डा महोत्सव मेला प्रेम, सदभावना, आपसी भाईचारा, सौहार्द, उल्लास व अमन-चैन का संदेश देने वाला मेला है। उन्होंने कहा कि श्री झण्डे जी पर शीश नवाने से सभी की मन्नतें पूरी होती हैं, यही वजह है कि देश विदेश की संगतों सहित दूनवासियों की झण्डेजी के प्रति आस्था बढ़ती जा रही है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि देशवासियों-प्रदेशवासियों व झण्डे मेले में शामिल होने आई संगतों व दूनवासियों पर श्री गुरु राम राय जी महाराज की कृपा सदैव बनी रहे।

### पुलिस, प्रशासन व मीडिया कर्मियों का जताया आभार

श्री झण्डाजी मेला आयोजन समिति ने मेले के सफल आयोजन में सहयोग के लिए पुलिस अधिकारियों, पुलिस स्टाफ, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडियाकर्मियों व दूनवासियों का आभार जताया। गुरु की प्यारी संगत का दूनवासियों ने जिस आदर के साथ सत्कार किया है उसके लिए सादर आभार एवम् सादर धन्यवाद दिया। झण्डाजी मेला आयोजन समिति के मुख्य व्यवस्थापक मधुसूदन सेमवाल ने समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एलईडी स्क्रीनों पर हुआ मेले का सजीव प्रसारण

श्री झण्डे जी आरोहण का लाइव आकर्षण देखने के लिए श्री दरबार साहिब मेला समिति के द्वारा इस बार 5 बड़ी एलईडी स्क्रीनों की व्यवस्था की गई थी। श्री दरबार साहिब परिसर के अंदर स्क्रीन लगाई गई। सभी स्क्रीनों पर एक साथ मेले का सजीव प्रसारण किया गया। श्री दरबार साहिब व श्री झण्डे जी आरोहण के सामने का पूरा हिस्सा संगतों से पूरी तरह पैक रहा। संगतों ने एलईडी स्क्रीन, यूट्यूब व फेसबुक पर श्री झण्डे जी आरोहण का सीधा प्रसारण देखा। ड्रोन कैमरे द्वारा की गई कवरेज भी सबकी आकर्षण का केन्द्र रही।

## ईएफसी में विभिन्न प्रस्तावों को मुख्य सचिव ने दिया अनुमोदन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** शासन द्वारा अनुमोदित सभी निर्माण कार्यों के धरातल पर समयबद्धता, उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं प्रभावी क्रियान्वयन की सख्त हिदायत देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राजकीय भवनों के निर्माण में उत्तराखण्ड की पारम्परिक वास्तुशैली व ग्रीन बिल्डिंग मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। सीएस ने सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही एवं कोताही के लिए कोई स्थान नहीं है। राज्य के मेडिकल कॉलेजों में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक के दौरान 19989.32 लाख रू0 लागत के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना के प्रस्ताव को अनुमोदन दिया। बैठक में सचिव डा0 रंजीत कुमार सिन्हा, पंकज कुमार पांडेय, शैलेश बगौली, डा0 आर राजेश कुमार, विनोद कुमार सुमन सहित वित्त, पेयजल, शिक्षा, सिंचाई, नियोजन आदि विभागों के अपर सचिव मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी से मिले राज्यपाल गुरमीत सिंह



**नई दिल्ली (शाह टाइम्स)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री से ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार, हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

## ड्रीमर्स एड्यू हब के दर्जनों छात्रों ने एफकैट की लिखित परीक्षा को किया टॉप : चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता



**देहरादून।** ड्रीमर्स में आयोजित सम्मान समारोह में ऍफकैट रिटर्न क्वालीफाई करने वाले ड्रीमर्स के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के सहस्त्रधारा रोड पर स्थित दून डिफेंस ड्रीमर्स में एयरफोर्स के ऑफकैट द्वारा 22-23 फरवरी 2025 को आयोजित एफकेट लिखित परीक्षा पास करने वाले ड्रीमर्स कैडेट्स को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ड्रीमर्स एड्यू हब के संस्थापक व निदेशक हरिओम चौधरी ने एफकेट रिटर्न पास करने वाले ड्रीमर्स कैडेट्स को शुभकामनाएं दी। ड्रीमर्स संस्थापक हरिओम चौधरी और सह संस्थापिका अंकिता तनेजा ने छात्रों को मेडल, सर्टिफिकेट साथ ही उपस्थित शिक्षकों ने भी फूल माला पहना कर सफल हुए छात्रों को सम्मानित किया। ड्रीमर्स के संस्थापक हरिओम चौधरी ने कहा कि ड्रीमर्स के छात्रों की सफलता ने वास्तव में परिणामों के साथ एकमात्र एकेडमी के रूप में ड्रीमर्स को एक नया मुकाम दिया है। संस्था की सह संस्थापिका अंकिता तनेजा ने बताया कि ऍफकैट बैच में कुल 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें 30 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है सफल हुए विद्यार्थियों में से तुषार वैशाली बिहार, आकाश पूर्णिया बिहार, उज्जवल, नालन्दा बिहार, तनिष्क मथुरा यूपी, आकाश सोनीपत हरियाणा, प्रज्ञा फरीदाबाद हरियाणा, राधिका कुरूक्षेत्र हरियाणा आदि मौजूद रहे।

## शहीद स्मारकों व स्मृति द्वार को गंदा करने पर लगेगा जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उन लोगों को होशियार हो जाना चाहिए जो लोग अपने संस्थानों के विज्ञापन के पोस्टर आदि शहीद स्मारकों या स्मृति द्वार (गेट) पर चिपकाने में जरा भी संकोच नहीं करते हैं। शहीद स्मारकों या शहीदों की स्मृति में बने द्वार अथवा गेट को गंदा करने या उनपर पोस्टर बैनर चिपकाने पर नगर निगम जुमार्ना लगाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि अभी कितना जुमार्ना होगा और किस प्रकार से वसूला जाएगा इसको लेकर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। नगर निगम देहरादून की बोर्ड बैठक में वार्ड 56 धर्मपुर-नेहरू कॉलोनी के पार्षद अमित भंडारी द्वारा पुलवामा शहीद मेजर चित्रेश बिष्ट द्वार पर लोगों द्वारा पोस्टर चिपका कर गंदगी करने का मुद्दा उठाया गया था। साथ अन्य स्मारकों को भी स्वच्छ रखने की जरूरत पर बल दिया था। पार्षद अमित भंडारी ने शहीद स्मारकों और द्वार को गंदा करने वालों पर 25 हजार रुपये के जुमार्ने का प्रस्ताव दिया है।

"ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग शहीद स्मारकों एवं स्मृति द्वारों पर पोस्टर आदि चिपका कर उनको खराब करने से बाज नहीं आते हैं। स्मारकों पर जिनके पोस्टर चिपके मिलेंगे या गंदा करता पाया जाएगा उन पर कार्रवाई के लिए जुमार्ना लगाने की तैयारी की जा रही है, जल्दी ही जुमार्ने की रकम तय करके कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।" **- सौरभ थपलियाल,** महापौर, देहरादून।

## सीएम हेल्पलाइन पर मुख्यमंत्री धामी ने सुनी 5 जनसमस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सीएम हेल्पलाइन 1905 पर जनसमस्याओं के समाधान की समीक्षा करने के साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर 05 लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका यथाशीघ्र समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

**उत्तरकाशी की लक्ष्मी देवी ने** कहा कि उनके पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत थे पिता की मृत्यु के पश्चात उनकी माता को पेंशन मिलती है। वे पूर्णत अपनी माता पर आश्रित है, शासनादेश अनुसार प्रार्थिनी ने पारिवारिक पेंशन हेतु नॉमिनी बनाये जाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को सभी औपचारिकता पूर्ण कर अपर निदेशक पौड़ी को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया, उनके स्तर पर प्रकरण लंबित है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को तीन दिन के अन्दर लक्ष्मी देवी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये हैं।

**रुद्रप्रयाग के जगदम्बा प्रसाद नौटियाल ने** कहा उनके द्वारा मेडिकल के बिल के लिए आवेदन किया गया था पर शिक्षा विभाग के द्वारा उन्हें पूर्ण रूप से भुगतान नहीं किया गया। विभाग को इसकी सूचना दिये जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिये कि इस प्रकरण का शीघ्र परीक्षण कर समाधान किया जाए और जिम्मेदार अधिकारी को कारण बताओ नोटिस दिया जाए।

**नैनीताल के बहादुर सिंह बिष्ट ने** बताया कि 31 दिसंबर 2023 को सहायक विकास अधिकारी के पद से उद्यान विभाग से रिटायर्ड होने के बाद अभी तक उन्हें 10 प्रतिशत जीपीएफ का पैसा नहीं मिल पाया है। **मुख्यमंत्री ने** उद्यान और वित्त विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बहादुर सिंह बिष्ट के जीपीएफ की अवशेष धनराशि शीघ्र उनको दी जाए। उन्होंने कहा कि कार्मिकों को समय पर उनके अधिकार की धनराशि मिले, यह संबंधित विभागों का कर्तव्य है।

**बागेश्वर के जगदीश कार्की ने** कहा कि वर्ष 2019 में उनके द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के अंतर्गत टेंट हाउस के लिए लोन लिया था, लेकिन उद्योग विभाग द्वारा अभी तक सब्सिडी नहीं दी गई है। बैंक द्वारा लगातार किस्ते काटी जा रही है, जिस वजह से समस्या हो रही है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी बागेश्वर को एक सप्ताह में जगदीश कार्की को सब्सिडी दिलवाने के निर्देश दिये हैं।

**देहरादून के विराट ने** कहा कि भू माफिया द्वारा अवैध खनन एवं पेड़ों का कटान किया जा रहा है, जिससे प्रकृति को बहुत नुक्सान हो रहा है, एवं अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। भूमाफियाओं द्वारा उनको धमकी भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग को इस प्रकरण पर शीघ्र कार्यवाही करने और एसएसपी देहरादून को धमकी देने वालों पर कारवाई करने के निर्देश दिये हैं।

## राज्य की डेमोग्राफी को हर कीमत पर संरक्षित रखना भाजपा की प्रतिबद्धता : सुरेश

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** भाजपा ने गढ़वाल की तरह कुमायूं मंडल में अवैध मदरसों पर जारी कार्यवाही का पुरजोर समर्थन किया है। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने इसे राज्य की डेमोग्राफी और उसके देवभूमि स्वरूप बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी बताया है। वहीं स्पष्ट किया, धार्मिक शिक्षा की आड़ में नौनिहालों के भविष्य से किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की प्रतिबद्धता राज्य की डेमोग्राफी और उसके देवभूमि स्वरूप को हर कीमत पर संरक्षित रखने की है। लिहाजा धर्म की आड़ में अवैध कब्जे कर, राज्य की डेमोग्राफी बदलने की मंशा रखने वालों के भाजपा सख्त खिलाफ है।

## नौकरी के नाम पर लोगों से पैसे हड़पने वाला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**देहरादून।** लोगों को अपनी जाल में फंसा कर उन्हें सचिवालय और विधानसभा में नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपए ठगने वाले कुख्यात ठग को नेहरू कॉलोनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ' पकड़े गए आरोपों की महिला साथी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है ' पुलिस मुख्यालय स्तर से इनामी - वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारीयो को अपने-अपने थानों पर टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। धोखाधड़ी से संबंधित अभियोग में फरार विनय भटट पुत्र गिरीश चंद्र भट्ट निवासी साई बाबा एनक्लेव पटेलनगर को अपनी गिरफ्त में लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 2 वर्ष पूर्व 24 मार्च को थाना नेहरू कालोनी पर उम्मेद सिंह चौहान पुत्र स्व0 राम दत्त तैनाती निरीक्षक विधानसभा सुरक्षा देहरादून द्वारा नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी के संबंध धारा 420 467 471 का अभियोग पंजीकृत कराया था, जिसमें अभियुक्त विनय भटट द्वारा अपनी सहयोगी रविकान्ता शर्मा के साथ मिलकर श्रीमती सोनल भट्ट को विधानसभा में रक्षक पद के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाकर उनसे 06 लाख रुपए की धनराशि प्राप्त की गई थी ' वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि विनय भट्ट के खाते में ढाई लाख रुपए तथा साढे तीन लाख रुपए रविकांता शर्मा के खाते में आये थे। उक्त अभियोग में पुलिस द्वारा पूर्व में अभियुक्ता रविकान्ता शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था' अजय सिंह ने बताया कि मुकदमे में नामजद विनय भट्ट अभियोग पंजीकृत होने के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा अभियुक्त के संबंध में सर्विलांस की मदद से विगत दिवस 18 मार्च को फरार विनय भटट गिरीश चंद्र भट्ट निवासी साई बाबा एनक्लेव थाना पटेलनगर को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए ठग अपनी साथी रविकांता शर्मा के साथ मिलकर सचिवालय तथा विधानसभा में नौकरी लगाने के एवज में कई लोगों से पैसे लेकर धोखाधड़ी की गई थी। अभियुक्त तथा उसके साथियों के विरुद्ध जनपद देहरादून के अतिरिक्त अन्य जनपदों में भी धोखाधड़ी के 06 अभियोग पंजीकृत है।

## प्रस्तावित वक्फ बिल पर विपक्षी विरोध मुस्लिम समाज को 'गुमराह करने' की कोशिश : भट्ट

शाह टाइम्स संवाददाता



- कहा -इस संशोधन विधेयक के अस्तित्व में आने के बाद भी वक्फ संपत्तियों की 'एक इंच' जमीन नहीं जाने वाली

**देहरादून।** भाजपा ने प्रस्तावित वक्फ बिल पर विपक्षी विरोध को मुस्लिम समाज को 'गुमराह करने' की कोशिश बताया है। राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रश्न किया, जब वक्फ कानून निर्माण और उसमें पहले हुए संशोधन संविधान सम्मत हो सकते हैं तो वर्तमान संशोधन बिल कैसे असंवैधानिक हो सकता है? उन्होंने सदन में इस मुद्दे पर रखी गई जेपीसी की रिपोर्ट को लेकर कहा कि सभी जानते हैं कि इस संशोधन विधेयक के अस्तित्व में आने के बाद भी वक्फ संपत्तियों की 'एक इंच' जमीन नहीं जाने वाली है। लेकिन वावजूद इसके कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष इस मुद्दे पर अफवाह और झूठ फैलाकर मुस्लिम समुदाय को गुमराह कर रहा है। उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम को संविधान विरोधी बताने वाले आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा, संविधान निर्माण के समय इस कानून को लेकर चर्चा की गई लेकिन संविधान निमार्ताओं ने इसको सिरे से नकार दिया था। लेकिन वावजूद इसके 1954 में समाज को बांटने वाला वक्फ बोर्ड कानून पास किया गया। जिसके बाद 1955, 1995, 2013 में संविधान संशोधन कर उसे असीमित अधिकार दिया गया। उन्होंने निशाना साधा कि ये सभी कदम संविधान के अनुसार हैं तो अब जो वक्फ संशोधन विधेयक लाया गया है वह संविधान विरोधी कैसे हो सकता है। जेपीसी की बैठकों में विपक्ष से इन मुद्दों को लेकर सुझाव लिए गए और उन्हें रिपोर्ट की डिसेंट नोट में भी दर्ज किया गया है। लेकिन विपक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले ही उस पर भ्रम फैलाया जा रहा है।

## विधायक सहसपुर ने नलकूप निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**विकासनगर।** विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने बुधवार को ग्राम होरावाला में नलकूप निर्माण कार्य का विधिवत पूजार्चन करके शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह नलकूप गांव के किसानों की पानी की समस्या को हल करेगा और कृषि क्षेत्र में सुधार लाने में मदद करेगा।

विधायक पुंडीर ने कहा कि यह परियोजना स्थानीय किसानों को उनकी फसलों की सिंचाई में सहूलियत प्रदान करेगी, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर है और इसी दिशा में यह कदम उठाया गया है।

## घुसपैठियों को भारत लाने वालों पर बरती जाए : बंसल

शाह टाइम्स संवाददाता

- ऐसे गिरोह को गिरफ्तार किया जाए, उनका नेटवर्क ध्वस्त किया जाय, सासंद राज्यसभा ने सदन मे रखी मांग




**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्य सभा डा. नरेश बंसल ने बुधवार को सदन मे एक महत्वपूर्ण देशहित का विषय शुन्यकाल में उठाया। डा. नरेश बंसल ने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि जो लोग घुसपैठिए को भारत ला रहे है व यहां के कागजात दे रहे, उन पर सख्ती बरत उनके गिरोह को गिरफ्तार किया जाए, उनका नेटवर्क ध्वस्त किया जाय एवं घुसपैठिए को चिन्हित कर वापस भेजा जाए व जरूरी कार्यवाई की जाए। डा. नरेश बंसल ने सदन मे कहा कि भारत से लगती हुई अलग-अलग देशो की सीमा पर प्रहरियों से बचते हुए विभिन्न खुफि या मार्गो से हजारों की संख्या में रोहिंग्या व अन्य घुसपैठिए भारत के अंदरूनी हिस्सों का रुख कर चुके हैं और कर रहे हैं। डा. बंसल ने सदन मे जोर देकर कहा कि प्रधानसेवक नरेंद्र भाई मोदी के मार्गदर्शन और गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व मे इन्हें रोकने के लिए काफी सख्ती बरती जा रही है, अलग-अलग जगहों पर गिरफ्तारियां भी होती रहती हैं। फिर भी सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले रोहिंग्या व अन्य घुसपैठिए उत्तर-पूर्व से बंगाल, असम, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश होते हुए नेपाल सीमा तक पहुंच रहे हैं। यही नहीं, बंगाल से ट्रेन के माध्यम से देश की राजधानी दिल्ली और फिर वहां से पाकिस्तान की सीमा से सटे संवेदनशील जम्मू-कश्मीर तक डेरा डाल चुके हैं। उत्तराखंड और इससे सटी नेपाल सीमा पर बसे रोहिंग्या बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा से होते हुए पश्चिम नेपाल तक पहुंच गए। डा. नरेश बंसल ने सदन मे कहा कि रोहिंग्या व अन्य घुसपैठिए के अवैध रूप से भारत में प्रवेश के बाद विभिन्न राज्यों में उनके सुरक्षित ठिकानों, मददगारों और दूर के राज्यों तक पहुंचने के मार्ग व माध्यमों की पड़ताल गहनता से करनी होगी व ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है।

## पूर्व पीएम स्व. शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री ने डॉ. सैनी का किया आभार व्यक्त

**विकासनगर (शाह टाइम्स)।** देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री जो कि पूर्व राज्यसभा सांसद तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री हैं के जन्मदिन के अवसर पर एस.जी.आर.आर. इंटर कॉलेज सहसपुर के प्रधानाचार्य ने उनके नाम के प्रत्येक अक्षर से अंग्रेजी में कविता लिखकर बीना छाबडा के माध्यम से भिजवाई थी, सुनील शास्त्री ने कविता की प्रशंसा करते हुए डॉ. सैनी को धन्यवाद दिया था। उनके जन्मदिन के अवसर पर डॉ. सैनी के द्वारा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर उनके नाम के प्रत्येक अक्षर से अंग्रेजी कविता लिखी गयी थी। सुनील शास्त्री ने डॉ. सैनी को पत्र लिखकर धन्यवाद दिया। यह पत्र डॉ. सैनी को मंगलवार को प्राप्त हुआ है।

## मंत्री अग्रवाल के इस्तीफे के बाद हो रही बयानबाजी को उक्रांद ने दिया साजिश करार

### अग्रवाल के प्रति आक्रोश केवल उनके बयान तक सीमित था, किसी समाज विशेष के प्रति नहीं : कुकरेती

शाह टाइम्स संवाददाता



**विकासनगर।** कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफे के बाद हो रही बयानबाजी को उक्रांद (उत्तराखंड क्रांति दल) ने साजिश करार देते हुए इस पर विराम लगाने की अपील की है। डाकपत्थर रोड स्थित कार्यालय पर मीडिया से बात करते हुए उक्रांद के केंद्रीय संरक्षक सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि उत्तराखंड की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। कुछ शरारती तत्व पहाड़ और मैदान के नाम पर समाज को बांटने की साजिश रच रहे हैं, जो राज्य की एकता और सम्मान के लिए घातक है। हम सभी को षड्यंत्र को समझकर इससे बचना चाहिए। उक्रांद के केंद्रीय संरक्षक कुकरेती ने कहा कि कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के प्रति जो आक्रोश था, वह केवल उनके बयान तक सीमित था, किसी समाज विशेष के प्रति नहीं। जब उन्होंने स्वयं इस्तीफा दे दिया है, तो यह आक्रोश स्वतः समाप्त हो जाना चाहिए। यदि कोई उनके इस्तीफे का विरोध करता है, तो इसे उनके द्वारा पहाड़ी समाज के प्रति कहे गए अपमानजनक शब्दों का समर्थन भी माना जाएगा। अब अनर्गल बयानबाजी करना न समाज के हित में है और न ही राज्य हित में है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी उत्तराखंडवासी एकजुट होकर अपने राज्य की अस्मिता और एकता की रक्षा करें। पहाड़ और मैदान एक-दूसरे के पूरक हैं, लिहाजा पहाड़ व मैदान को बांटने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हम सभी को इस संकीर्ण भावना से उठकर उत्तराखंड के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। बैठक में सर्व सहमति से निम्न प्रस्ताव पारित किए गए। जिनमें विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के विधान सभा में पद के अनुकूल व्यवहार न कर-के विधानसभा अध्यक्ष पद की गरिमा को जो ठेस पहुंचाई है उसके लिए उन्हें अध्यक्ष पद से, कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी की आय से अधिक संपति के मामले पर तुरंत मंत्री मंडल से हटाकर उसकी सीबीआई जांच कराए जाने और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के द्वारा आंदोलनकारियों को सड़क छाप कहने पर उन्हें तत्काल अध्यक्ष पद से हटाए जाने की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित किए गए।

## मेहूवाला खालसा में पुल निर्माण का शुभारंभ

**विकासनगर।** बरोटीवाला अम्बाडी मोटर मार्ग पर ग्राम मेहूवाला खालसा में पुल निर्माण का शिलान्यास विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान के द्वारा किया गया। इस पुल निर्माण से यातायात संचालन सुगम हो जाएगा। यह मार्ग चारधाम यात्रा संचालन की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। जिसमें स्पान प्लेट गार्डर सेतु का निर्माण कार्य 219.04 लाख की लागत से किया जाना है, जिसकी लंबाई किमी 9 में 20 मी. चौड़ाई 12 मीटर है। इस मौके पर निवर्तमान ब्लाक प्रमुख जसविंदर सिंह, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण अनुज गुलेरिया, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष अनिल कुमार, सुमित्रा चौहान, राहुल पंवार, योगेंद्र सिंह चौहान, किरण देवी, चतर सिंह, विक्रम सिंह चौहान, पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र ने किया हवन-पूजन

शाह टाइम्स संवाददाता



**ऋषिकेश।** भाजपा के नवनियुक्त ऋषिकेश जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल ने बुधवार को जिला कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व उन्होंने हवन-पूजन कर प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना भी की। कहा कि भाजपा शासन में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास संभव है। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए संगठन की मजबूती के लिए जुटने का आह्वान भी किया। बुधवार को रेलवे रोड स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित हवन-पूजन में जिलाध्यक्ष राजेंद्र ने वैदिक मंत्रोच्चरण के बीच आहुतियां डाली। पूजन कार्य संपन्न होने के बाद उन्होंने कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। सिलसिलेवार मुलाकात में कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत भी किया। कहा कि वह कार्यकताओं के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार भी किया। मौके पर मेयर शंभू पासवान, नगरपालिका डोईवाला अध्यक्ष नरेंद्र नेगी, पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, दिगंबर नेगी, पूर्व मेयर अनीता ममगाईं, करण बोरा, दीपक धमीजा, मनोज ध्यानी, दिनेश सती, पंकज शर्मा, गणेश रावत, वीरेंद्र नेगी, नीलम चमोली, पुष्पा ध्यानी, राहुल अग्रवाल, पंकज शर्मा, चंद्रमोहन पोखरियाल, कपिल गुप्ता, उषा कोठारी, पुष्पा प्रजापति, संजीव चौहान, जयंत शर्मा, सुभाष भट्ट, निर्मला उनियाल, सुधा अस्वल, चंद्रभान पाल, दिनेश सजवाण, बृजेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, दीवान सिंह रावत, वीर सिंह कठेत, ममता नयाल, गीतांजलि रावत, संदीप भट्ट, संजय असवाल आदि मौजूद रहे।

# सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर जन सेवा बहुद्देशीय शिविरों के आयोजन के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर जन सेवा थीम पर आधारित बहुद्देशीय शिविरों का भव्य आयोजन करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने विकास भवन सभागार में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए दिये।

उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 23 मार्च को ऋषिकुल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाये तथा 24 मार्च से 30 मार्च तक जनपद की प्रत्येक विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर पर बहुद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी विभागीय अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में शिविर आयोजित करने हेतु ग्राम्य तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को अतिशीघ्रता से शिविरों के लिए स्थल चयन करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



उन्होंने जन सेवा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए खान-पान व्यवस्था हेतु जिला पूर्ति अधिकारी, टेण्ट एवं मंच निर्माण हेतु अधिशासी अभियन्ता लोनिवि, पेयजल आपूर्ति हेतु अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, एलईडी की व्यवस्था हेतु ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को नोडल अधिकारी तथा अन्य कार्यो हेतु विभिन्न सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को कार्यक्रम में लाभांवित किया जाये। सरकारी योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों की सफलता की कहानी व अनुभव साझा किये जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रमों में सांसदों, विधायकों तथा सम्मानित जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। बैठक में परियोजना निदेशक केएन तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके सिंह, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी तेजबल सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने प्रमोद हत्याकांड के दो और फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** प्रमोद हत्याकांड में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीन मार्च को गांव शिवगढ़ में बारात के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्षो में मारपीट में प्रमोद की मौत हो गई थी जिसमे तीन आरोपियों को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया था। पथरी पुलिस लगातार अपराधियो पर अपना शिकंजा कस रही है। पुलिस के अनुसार गांव शिवगढ़ में बारात के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गई थी।जिसमें प्रमोद कुमार की मौत हो गई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था। जिसमे बाकी आरोपी फरार चल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार उपनिक्षक रोहित कुमार मय फोर्स के मुखबिर के बताए स्थान पर छापेमारी की पुलिस को देखकर दोनो आरोपियों ने भागने की कोशिश की पुलिस ने दोनों को घेर घोटकर गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने अपना जुल्म कबूल करते हुए अपना नाम दिलीप कुमार पुत्र धर्मेंद्र कुमार एव अनिल कुमार पुत्र पालेराम निवासी शिवगढ़ बताया पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। शेष अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिशें दी जा रही है।



एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया प्रमोद हत्याकांड के दो आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को शिवगढ़ प्राइमरी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## 23 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिव विहार कालोनी आर्य नगर में हुई शिव विहार विकास समिति की बैठक मे सर्वसम्मति से आगामी 23 मार्च को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। समिति के सरंक्षक डा.केपीएस चौहान ने बताया कि समिति एवं इएमए के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर बालाजी इंस्टीट्यूट एवं कैंसर रिसर्च सेंटर शिव विहार में लगाया जाएगा। शिविर में आइरिस एनालाइसिस, एआई रैटिनल स्कैनिंग डायग्नोसिस तथा स्वास्थ्य परीक्षण फ्री किये जायेंगे। डा.चौहान ने बताया कि कार्यकारिणी का विस्तार कर सर्वसम्मति से रामनाथ पटवारी, डा. सुशील कुमार उपाध्यक्ष, अभय सिंह राणा, प्रदीप कुमार नामदेव सचिव, देवेन्द्र कुमार रोहिला सह संगठन मंत्री, गुरदीप नामदेव सहकोषाध्यक्ष, सत्यपाल सिंह को सलाहकार मंत्री मनोनीत किया गया है। बैठक में डा. एसपी चमोली, अविनेश कौशिक, सतीश चौहान, कविता गुप्ता, एडवोकेट कुशलपाल सिंह चौहान, सतपाल दीवान, दीपक चौहान, मुकेश कपूर, विनीत चौहान आदि मौजूद रहे।

## शांतिभंग में चार का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव ऐथल में बच्चों के आपसी विवाद के दौरान हुई छींटाकशी के बाद दो पक्षों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। धीरे-धीरे यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़ गए और गाली-गलौज के साथ मारपीट पर उतारू हो गए। इसी बीच थाना पथरी को सूचना मिली कि ऐथल गांव में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा है। सूचना मिलते ही उप-निरीक्षक रोहित कुमार अपनी चेतक पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से झगड़े को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन आरोपी किसी भी सूरत में शांत होने को तैयार नहीं थे। पुलिस ने जब मामला ज्यादा बढ़ते देखा तो उन्हें हिरासत में ले लिया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चारों युवकों को शांति भंग में चालान किया गया। जिनमें यासिन, सन्नवर, साजिद और गुलजार निवासीगण ग्राम ऐथल के रहने वाले है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रोहित कुमार, कां. नारायण सिंह व कां. राकेश नेगी शामिल रहे। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया दो पक्ष आपस मे झगड़ रहे समझने पर भी नही माने जिसमे दोनों पक्षो के चार लोगों का शांतिभग में चालान किया गया है।

# भेल में हुई करोड़ों की चोरी में फरार आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित भेल के सेंट्रल स्टोर के सरकारी गोदाम से एक करोड़ की चोरी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी युवक को रानीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पूर्व में चोरी में शामिल ज्वालापुर निवासी कबाड़ी सहित चार आरोपियों को चोरी के माल व स्कार्पियो कार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

एएसपी सदर जितेंद्र चौधरी ने बताया कि भेल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (सेंट्रल स्टोर) उमेश प्रसाद ने विगत वर्ष माह अगस्त में बीएचईएल के सेन्ट्रल स्टोर के सरकारी गोदाम से अज्ञात चोरों द्वारा कुल 546 सफेद धातु की सिल्लियां कीमती करीब एक करोड रुपए चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में रानीपुर कोतवाली में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। घटना के जल्द खुलासे के लिए एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने पुलिस टीम को सख्त निर्देश दिए। जिसके बाद टीम ने



घटना में शामिल चार आरोपी सुशील पुत्र ईसम सिंह, मोहन पुत्र ब्रह्मनाथ, सुन्दर पुत्र बाबूराम सिंह व शाहनवाज उर्फ शानू कबाडी पुत्र मोबिन को चोरी किये गये कुल 768 किलोग्राम धातुओ की सिल्लियो एवं घटना में प्रयुक्त एक स्कार्पियो कार सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। चोरी में मोहित पुत्र हरपाल निवासी मौहल्ला पतियापाडा चांदपुर जिला बिजनौर उत्तरप्रदेश का भी शामिल होना प्रकाश में आया था। आरोपी काफी समय से फरार चल रहे था। पुलिस ने फरार आरोपी की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाते हुए मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी व वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोहर रावत की अगुवाई वाली टीम ने उसे मंगलवार को फाउण्ड्री गेट से धीरवाली की तरफ जाते हुए गिरफ्तार किया गया। रानीपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि मोहित पुत्र हरपाल निवासी मौहल्ला पतियापाडा चांदपुर जिला बिजनौर उत्तरप्रदेश को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोहर रावत, का. दीप गौड़ व का. विवेक गुसांई शामिल रहे।

## गंगा स्वच्छता व संरक्षण विषय पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के चौथे दिन नमामि गंगे की आईईसी गतिविधियों के क्रम में बुधवार को राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला में गंगा स्वच्छता व संरक्षण विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने गंगा की स्वच्छता की शपथ, हरकी पैड़ी गंगा घाट, स्वच्छ गांव व स्वच्छ शहर, शिव की जटाओं से निकलती गंगा, नमामि गंगे आदि विषयों पर रंगोली बनाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजीव मेहरोत्रा ने छात्र- छात्राओं को गंगा में हो रहे प्रदूषण को दूर करने के लिए नमामि गंगे मिशन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नोडल अधिकारी डा.शकुंज राजपूत, प्रोफेसर युवराज, डा.अजय प्रसाद उनियाल, डा.रूबी तबस्सुम, डा.प्रीतम सिंह, डा.किरण त्रिपाठी, डा.प्रीतम कुमारी, डा.संजीव प्रसाद भट्ट, डा. विशाल, डा. नितिज्ञा, डा.गंगोत्री, आदित्य, सन्नी आदि मौजूद रहे।

# बैरागी कैंप में आग लगने से पांच झोपड़ियां जलीं



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बैरागी कैंप में अचानक आग लगने से पांच झोपड़ियां जल गयी। आग लगने की सूचना पर मायापुर फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई। बुधवार दोपहर कनखल स्थित बैरागी कैंप में एक झोंपड़ी में आग लग गयी। आग ने देखते ही देखते आसपास की कई झोंपड़ियों को चपेट मे ले लिया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने तक झोंपड़ियों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# जन अधिकार पार्टी का गठन, उत्तराखंड चुनाव में होगी नई ताकत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय शुरू करते हुए, जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) के गठन की घोषणा बुधवार को हरिद्वार में की गई। यह नई राजनीतिक पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी ने आगामी उत्तराखंड विधानसभा चुनावों में मजबूती से भाग लेने का संकल्प लिया है, ताकि राज्य के लोगों की आवाज को बुलंद किया जा सके और उनके हितों के लिए एक नई दिशा प्रदान की जा सके। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) का गठन आम जनता के हक और सम्मान के लिए किया गया है। हमारा लक्ष्य उत्तराखंड में विकास, समानता और पारदर्शी शासन की स्थापना करना है। यह पार्टी हर वर्ग के लोगों के लिए एक मंच होगी, जो उनकी समस्याओं को समझेगी और उनके समाधान के लिए कार्य करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक बहुगुणा ने कहा कि हमारी पार्टी राज्य के युवाओं, किसानों, महिलाओं और मजदूरों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। हमारा विजन है कि उत्तराखंड न केवल प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाए, बल्कि विकास और समृद्धि के मामले में भी देश का अग्रणी राज्य बने। राष्ट्रीय महासचिव हेमा भंडारी ने पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को अपनी प्राथमिकता बनाएगी। हमारा प्रयास होगा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए आधुनिक विकास के रास्ते खोले जाएं। जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) ने अपने गठन के साथ ही उत्तराखंड के लोगों से अपील की है कि वे इस नए आंदोलन का हिस्सा बनें और आगामी चुनावों में पार्टी को अपना समर्थन दें। पार्टी जल्द ही अपनी विस्तृत नीतियां और घोषणा-पत्र जनता के समक्ष प्रस्तुत करेगी। पार्टी का दावा है कि यह नई शुरुआत उत्तराखंड की राजनीति में बदलाव की बयार लाएगी और जनता के विश्वास को मजबूत करेगी। जन अधिकार पार्टी (जनशक्ति) का गठन भारतीय लोकतंत्र को सशक्त करने और जन-जन तक न्याय पहुंचाने के संकल्प के साथ किया गया है।



## कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष आशुताेश शर्मा का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा नेता संजीव चौधरी के टिहरी विस्थापित कालोनी शिवालिक नगर स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय व्यापार मण्डल, युवा वाल्मीकि सभा व भाजपा नेताओ ने नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा का पुष्पवर्षा व ढोल नगाड़ो के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष बनाकर एक जो सम्मान दिया है। उसके लिए वे पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं और आगामी विधानसभा चुनाव में हरिद्वार जिले की पांचो सीटों पर पार्टी को जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दिनरात मेहनत करेंगे। आशुतोष शर्मा ने कहा की सभी कार्यकर्ता पार्टी के लिए पूरी लगन से कार्य करते है पर टिकट और जिम्मेदारी सब को नहीं मिल पाती है। इसका यह मतलब नहीं कि वह योग्य नही हैं। उनका उपयोग पार्टी अन्य महत्वपूर्ण कार्यो में करती है और भाजपा ही एक मात्र ऐसा दल है। जहां कार्यकर्ता ही अपना नेता चुनते है और सभी मिलकर एक साथ कार्य करते हैं। नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा सच्चे कार्यकर्ताओ को अवसर देती है। संघर्ष के दौर मे आशुतोष शर्मा ने पार्टी के हर आन्दोलन मे बढ़चढ़ कर भागीदारी की और अनेक जनआन्दोलन मे जेल यात्रा और उत्पीड़न सहा है। आज फिर एक बार कार्यकर्ताओ के मन मे उनके जिलाध्यक्ष बनने से अपने उज्वल भविष्य की आशा और बढ़ी है। कार्यक्रम सयोजक भाजपा नेता संजीव चौधरी ने कहा कि भाजपा एक सामान्य कार्यकर्ता को अवसर देने वाली पार्टी है। आशुतोष शर्मा जमीनी स्तर से जिला अध्यक्ष पद तक का पहुंचे है तो इसके पीछे उनकी लगन और पार्टी के प्रति दशकों की वफादारी है। भाजपा कार्यकर्ताओ की राय के आधार पर उनको जिलाध्यक्ष बनाया गया, अन्य दलो की तरह उपर से थोपा नहीं गया। इस दौरान भाजपा नेता पुष्पेन्द्र गुप्ता, नगर निगम पार्षद हरविंदर सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कैलाश भण्डारी, महिला नेत्री स्नेहलता चौहान, व्यापारी नेता अनिल तेश्वर, युवा नेता सन्नी कुमार, नरेन्द्र चौहान, मानुष तोमर, बसंत प्रजापति, संगीता बंसल, पंकज सवन्नी, अर्पण ग्रोवर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 80 किलो गोमांस के साथ महिला गिरफ्तार, एक फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद पदार्था में गोकशी की सूचना पर छापेमारी करते हुए मौके से एक महिला को पकड़ा एक आरोपी फरार पुलिस को मौके से 80 किलो गौमांस व गौकशी करने के औजार बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गोवंश अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस के अनुसार वाहन चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गांव मुस्तफाबाद पदार्था में एक घर में कुछ लोग गौकशी कर रहे थे। मुखबिर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए फेरुपुर चौकी प्रभारी सुधांशु कौशिक ने टीम के साथ मौके पर छापेमारी की। पुलिस की छापेमारी की भनक लगते ही गौकशी कर रहे लोगो ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने एक महिला को मौके से पकड़ा जबकि एक व्यक्ति पुलिस को आता देख मौके से भागने में कामयाब हो गया। हिरासत में लिए गई महिला से पूछताछ के दौरान बताया कि फरार आरोपी सलीम अहमद पुत्र



मुर्सलीन निवासी सुल्तानपुर कोतवाली लक्सर बताया। पुलिस ने मौके पर मिले 80 किलो गौमांस से सैंपल लेने के बाद गड्ढा खोदकर खेतो में दबा दिया है। वहीं, पुलिस को मौके से छुरी, रस्सी व अन्य गौकशी करने के औजार भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़ी गई महिला व फरार आरोपियों के खिलाफ गोवंश अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। पकडी गई आरोपी महिला को कोर्ट में पेश किया गया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया गांव मुस्तफाबाद पदार्था में एक घर मे छापेमारी की गई जहा से 80 किलो गौमांस के साथ एक महिला गिरफ्तार की गई है। साथ ही गोकशी करने के औजार भी बरामद हुआ है। वही फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है पकड़ी गई महिला को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा का स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अवधूत मंडल आश्रम हीरादास हनुमान मंदिर के प्रांगण में महामंलेश्वर स्वामी डा. संतोषानन्द के सानिध्य में संकल्प सेवा परमो धर्म की अध्यक्षा रंजीता झा के नेतृत्व व सचिव तरुण शुक्ल के संयोजन मे भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा का संकल्प परिवार द्वारा पगड़ी पहनाकर, शाल ओढाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा व जिला मंत्री मोहित वर्मा का भी माला व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद ने आशुतोष शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा और केंद्र तथा राज्य सरकार की नीतियों को आगे बढ़ाने में आशुतोष शर्मा अहम भूमिका निभाएंगे और उनके नेतृत्व में भाजपा जिले में और मजबूत होगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। उसका निष्ठापूर्वक पालन करते हुए पाटी का नीतियों का प्रचार प्रसार और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में योगदान करेंगे। सम्मान समारोह मे संकल्प परिवार के वरिष्ठ सदस्य शशिभूषण पांडेय, सलाहकार विनोद कुमार त्रिपाठी, हरिनारायण त्रिपाठी, विवेक तिवारी, ऐश्वर्य पाण्डेय, जितेश मिश्र, सचिन चौधरी, योगेश चौधरी, धर्मेंद्र, सुधा राठौर, अर्चना झा, चारु शुक्ला, विनीता चौहान, खुशबू मिश्रा, तीला देवी आदि मौजूद रहे।



## समाजिक संस्था संकल्प सेवा परमो धर्म ट्रस्ट की ओर से हुआ बेटियों का सम्मान

# बालिकाओं को भी बालकों के समान अवसर प्रदान करने का संकल्प लें : रंजीता झा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** संकल्प सेवा परमो धर्म ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढाओ पर उत्कृष्ट नाट्य मंचन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट की अध्यक्षा रंजीता झा ने कहा कि बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बेटियां आज प्रत्येक क्षेत्र में अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर उच्च मुकाम हासिल कर देश, समाज व परिवार का नाम रोशन कर रही हैं। सभी को बालिकाओं को भी बालकों के समान अवसर प्रदान करने का संकल्प लेना चाहिए। बाल मंदिर सीनियर सेकंडरी स्कूल के अध्यापक बृजेश शर्मा, ईएमबी के सचिव सुदीप सिंह सलूजा, संयुक्त सचिव दीपक अग्रवाल, प्रधानाचार्य संगीता चौहान ने भी छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। संस्था के उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी द्वारा छात्रओं को स्कूल प्रदान किए गये। इस अवसर पर संस्था के सचिव तरुण शुक्ल, शिवनाथ तिवारी, हरिनारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष सुधा राठौर, सहकोषाध्यक्ष संगीता बंसल, सह सचिव अर्चना झा व बाल विद्यामंदिर विद्यालय परिवार के देशराज, आनन्द राजपूत, राजकुमार, अजय कुमार, सुनील सैनी, संध्या शर्मा, निखत परवीन, राजीव कुमार, शिखा राम अवध, साक्षी, सलोनी, पलक, इशिका, रितिका, हंसिका, रिया, सृष्टि, स्नेहा, संसकृति, छवि आदि छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संदीप गोयल ने किया। नीरा वैश्य ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।



# प्रेस क्लब के चुनाव 29 को होंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पत्रकारों की प्रमुख संस्था हरिद्वार प्रेस क्लब पंजीकृत के वार्षिक चुनाव की सरगरमियाँ तेज हो गई है। बुधवार को प्रेस क्लब चुनाव वर्ष 2025-26 के लिए चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। प्रेस क्लब के चुनाव 29 मार्च को होंगे उसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

प्रेस क्लब के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदीप गर्ग ने बताया कि हरिद्वार प्रेस क्लब पंजीकृत के तीन पदों, अध्यक्ष, महासचिव और कार्यकारणी के सदस्यों के लिए चुनाव होगा। प्रेस क्लब के चुनाव में 122 मतदाता अपने वोट डाल सकेंगे। इसके लिए 25 मार्च को नामांकन पत्र खरीदे जा सकेंगे। 26 मार्च को नामांकन पत्र जमा होंगे। नामांकन पत्र वापसी 27 मार्च को दोपहर 1 से 2 बजे तक होगी जबकि इस से पूर्व उसी दिन दोपहर 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन पत्र की जांच होगी। आवश्यक पड़ने पर 29 मार्च दिन शनिवार को मतदान कराया जायेगा। 29 मार्च को दोपहर 2 बजे तक मतदान के बाद उसी दिन शाम 3:30 बजे से मतो की गिनती शुरू होगी। देर शाम तक चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदीप गर्ग ने बताया कि चुनाव संबंधी सभी प्रक्रिया आचार्य किशोरी दास वाजपेई सभागार प्रेस क्लब हरिद्वार में संपन्न होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदीप गर्ग सहायक चुनाव अधिकारी मनोज कुमार खन्ना व संजीव शर्मा ने सभी सदस्यों से चुनाव में सहयोग देते हुए शांतिपूर्ण मतदान की अपील की है।

**सूचना (संबंध विच्छेद)**

मैंने अपने पुत्र विशाल व उसकी पत्नी शिखा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेने-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। सुदेश कुमार पुत्र इन्द्र सिंह, निवासी ग्राम घिस्सुपुरा, पोस्ट धनपुरा, थाना पथरी, हरिद्वार।

# कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल का चकराता में भव्य स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

- चकराता के चिरमिरी टॉप व ठाणा डांडा में वन पंचायत सम्मेलन संपन्न
- मनुष्य के अस्तित्व के लिए वनों का संरक्षण बहुत जरूरी : वन मंत्री
- वन संरक्षण व स्थानीय सहभागिता पर दिया गया जोर



**चकराता।** जिला प्रशासन देहरादून और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चिरमिरी टॉप, ठाणा डांडा में वन पंचायतों का भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों व गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। पारंपरिक ढोल-दमाऊं की ध्वनि के बीच आगंतुकों का स्वागत किया गया। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए वनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 11,217 वन पंचायतें कार्यरत हैं, जो स्थानीय स्तर पर वन संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि जौनसार-बावर क्षेत्र में कालसी तहसील में 117, चकराता में 46 और त्यूनी में 56 वन पंचायतें सक्रिय हैं। वहीं, सात पंचायतों में अभी तक वन पंचायतों का गठन नहीं हुआ है, जिनमें कालसी की पांच और त्यूनी की दो पंचायतें शामिल हैं।

### वनों को आग से बचाने को स्थानीय लोगों की भागीदारी जरूरी

वन मंत्री ने वनों को आग से बचाने के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी को अनिवार्य बताया। उन्होंने घोषणा की कि जो लोग जंगलों को आग से सुरक्षित रखेंगे, उन्हें सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक जिले में 1,00,000, 75,000 और 51,000 तक के प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। यह सम्मान न केवल ग्रामीणों को बल्कि वन विभाग के उन कर्मचारियों को भी दिया जाएगा जो वनाग्नि रोकने में योगदान देंगे।

### पर्यटन को बढ़ावा देने को सूबे में पर्यटन डेस्टिनेशन किए जा रहे विकसित

वन मंत्री ने बताया कि वनों के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड में 61 पर्यटन डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे हैं। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और वन संरक्षण को बल मिलेगा। इसके अलावा, वन विभाग की भूमि पर जड़ी-बूटी उत्पादन के लिए स्थानीय लोगों को भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने वनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वन क्षेत्र में जा रहे मोटर मार्गों की मरम्मत के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि चकराता क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन मोइला टॉप, बुघेर और देवबन जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़कों और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी हुई है। उन्होंने वन मंत्री से इन आवश्यकताओं पर ध्यान देने की अपील की।

विधायक ने छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी आर.एन. मंडल से विदेशी पर्यटकों को चकराता आने की अनुमति दिलाने के लिए उच्च अधिकारियों से वार्ता करने का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि जब आधुनिक तकनीक से हर व्यक्ति की पहचान संभव है, तो विदेशी पर्यटकों पर प्रतिबंध लगाने का कोई औचित्य नहीं है। उनके आगमन से पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### फायर वॉचरों के मानदेय में वृद्धि की मांग

छावनी परिषद चकराता के मुख्य अधिशासी अधिकारी आर.एन. मंडल ने वन मंत्री के समक्ष फायर वॉचरों के मानदेय में वृद्धि की मांग रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में फायर वॉचरों को बहुत कम वेतन मिलता है, जिससे उनकी नियुक्ति में कठिनाई आती है। इस पर मंत्री ने जल्द उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### वन मंत्री ने वन पंचायतों को किए चेक वितरित

वन मंत्री ने वन संरक्षण कार्यों के लिए विभिन्न वन पंचायतों को आर्थिक सहायता राशि के रूप में 15,000 के चेक वितरित किए। यह धनराशि जंगलों को आग से बचाने, वृक्षारोपण, जल स्त्रोतों के संरक्षण और अन्य पर्यावरणीय विकास कार्यों के लिए उपयोग की जाएगी। सहायता प्राप्त करने वाली प्रमुख वन पंचायतें हैं मोहना, मुंगाड़, पोखरी, खारसी, कराड़, निम्गा, सुनीर, सुनोई, पानुवा, हजटा जामूवा, ग्राम नराया और हाजा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सविन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, एसडीएम योगेश मेहरा, डीएफओ अभिमन्यु सिंह, केंट सीईओ आर.एन. मंडल, सभासद अनिल चांदना, राजवीर राठौर, नंदलाल भारती, एसडीओ अशोक कुमार, वन पंचायत अध्यक्ष शूरवीर सिंह, चेतराम गॉड, बचना शर्मा, दिलीप सिंह रावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय डाकपत्थर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता



- खेलों में भाग लेने पर छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मिलता है अवसर : नेगी

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद्र राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में क्रीडा परिषद के तत्वाधान में बैराज स्थित मैदान में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया।

क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी द्वारा कुमारी निकिता को मशाल सौंप कर किया गया। डॉ. नेगी ने कहा कि महाविद्यालय का वार्षिक क्रीड़ा समारोह एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो छात्रों को खेलों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. योगेश भट्ट ने बताया कि इसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, भाला फेक, चक्का फेंक, गोला फैंक, लंबी कूद, ऊंची कूद और त्रिकूद आदि प्रतियोगिताएं शामिल थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजकुमारी भंडारी चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधेश्याम गंगवार, महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ. रोशन लाल केष्टवाल, डॉ. पूजा राठौर, डॉ. अरविंद मोहन पैन्यूली, डॉ. अनिल शाह, डॉ. दीप्ति बगवाड़ी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. माधुरी रावत, डॉ. दिलीप भाटिया, डा. पूजा पालीवाल, डॉ. सीमा, डॉ. कविता बडोला, डॉ. प्रेम चौहान, डॉ. परवेज आलम, डॉ. अविनाश, डॉ. देवेंद्र सिंह रावत, डॉ. रूचि बहुखंडी डॉ. विमल डबराल आदि उपस्थित रहे।

# शमशेर सिंह चौहान बने जन कल्याण समिति के अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता



**चकराता।** लोक निर्माण विभाग अंतर्गत जन कल्याण समिति की बैठक में सर्वसम्मति से समिति के नए अध्यक्ष और पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में गहन विचार-विमर्श के बाद पूर्व कनिष्ठ उप प्रमुख शमशेर सिंह चौहान को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, युद्धवीर सिंह तोमर और अरविंद सिंह चौहान को संयुक्त रूप से उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। बैठक के दौरान नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पुष्पमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। बताते चलें कि गत माह चुन्नी लाल रावत ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद पांच उम्मीदवारों ने इस पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी, लेकिन किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पाई थी। जन कल्याण समिति द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि चकराता डिवीजन के अंतर्गत आने वाले सभी प्रत्येक खतों से दो-दो प्रतिनिधियों को समिति में शामिल किया जाएगा, ताकि प्रत्येक क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी रूप से उठाया जा सके।

इस अवसर पर भाव सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, राजेंद्र सिंह जोशी, पप्पू राणा, विजय राणा, मनीष रावत, राजेंद्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पछवादून बार एसो. के चुनाव को नाम वापसी व नामांकन पत्रों की जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पछुवादून बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए बुधवार को नाम वापसी और नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान पुस्तकालयध्यक्ष पद पर प्रतिमा का नामांकन निरस्त किया गया। इसके साथ ही अध्यक्ष पद के एक प्रत्याशी समेत कुल चार प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए। बार एसोसिएशन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नरेश चौहान ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान सचिव संजय गुप्ता ने अपना नाम वापस ले लिया है। सचिव पद पर शशि तोमर, कोषाध्यक्ष पद पर आशा राम जोशी और महिला सदस्य 15 प्लस पद के लिए सुमन लता ने अपना नाम वापस लिया है। नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए शूरवीर चौहान, पवन सिंह, नरेश कुमार सैनी मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद पर रफाकत खां और ऋषिपाल रोहिला के बीच आमने सामने की टक्कर है। सचिव पद पर नितिन कुमार वर्मा और मयंक सेमवाल चुनाव मैदान में हैं। सह सचिव पद पर विपिन लखरवाल और गुरुचरण सिंह राठौर में मुकाबला होगा। पुस्तकालयध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी के नाम वापस लेने से सुमन लता निर्विरोध निर्वाचित हो गई।

कोषाध्यक्ष पद पर भी एक प्रत्याशी के नाम वापस लेने से राजेश वर्मा निर्विरोध चुन लिए गए। महिला सदस्य 15 प्लस शायरी गैरोला, सामान्य सदस्य 10 प्लस के लिए अनुज गौतम और प्रतिमा भी निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

# चकराता कैंट में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापना को लेकर संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता



**चकराता।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर संयुक्त मोर्चा भारत के प्रतिनिधिमंडल ने छावनी परिषद (कैंट बोर्ड) के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) आर.एन. मंडल से मुलाकात कर चकराता कैंट क्षेत्र में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापित करने के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग की। संयुक्त मोर्चा के संरक्षक डॉ. नंदलाल भारती के नेतृत्व में कार्यकताओं ने छावनी परिषद कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के तहत चकराता क्षेत्र को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा प्राप्त है, लेकिन यहां कहीं भी बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित नहीं है। साथ ही, उनके नाम पर कोई पार्क भी नहीं है, जिससे जनजातीय समाज में नाराजगी है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि कुछ समय पूर्व बारह संगठनों ने मिलकर मोर्चे का गठन किया था, जिसमें चकराता में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने छावनी परिषद से आग्रह किया कि इस पहल के लिए उचित स्थान प्रदान किया जाए, जिससे बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की जा सके।

ज्ञापन सौंपने वालों में मोर्चा के संरक्षक डॉ. नंदलाल भारती, अध्यक्ष गोपाल दीनदयाल, उपाध्यक्ष बारू निराला, महेंद्र सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष गोपाल दीनदयाल, भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राजवीर राठौड़, विकास जौनसारी, जयपाल जौनसारी, माया दास और सुनील कुमार सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# खेत से गन्ना काटने का विरोध करने पर मालिक पर पाटल से जानलेवा हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के खेत से गन्ना काट डाला। खेत मालिक ने विरोध किया तो आरोपियों ने मालिक पर पाटल से जानलेवा हमला कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अकबर पुत्र स्व. बोलीदीन निवासी रामपुर कलां सहसपुर ने सहसपुर थाने में तहरीर दी है। बता कि रामपुर कला में कलावती पत्नी मोहन सिंह पंवार निवासी हरिपुर सेलाकुई की जमीन है। जिस पर वह बटाई पर खेती करता है। जिसमें उसने गन्ने की फसल बोई हुई है। उसी के पास उनकी जमीन भी है, जो उसके पुत्र खुर्शीद के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। बताया कि एक दिन सुबह दस बजे अल्लारक्खा, अफजाल पुत्र इस्लामुदीन व इस्लामुदीन पुत्र फतेहदीन व आकिल पुत्र मेहंदी हसन निवासीगण रामपुर कला उनके भूमि पर आए और गन्ने की फसल को काटकर ले जाने लगे। वह अचानक मौके पर पहुंचा और विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गालीगलौज कर मारपीट कर दी। जान से मारने की नीयत से उस पर गन्ना काटने वाले पाटल से हमला कर दिया। उन्होंने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। बताया कि वह लगातार खेत में घुसने और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। थानाध्यक्ष सहसपुर शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि शिकायत के बाद आरोपी अल्लारक्खा, अफजाल, इस्लामुदीन, आकिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्रामीणों को दी गई वनों में आग बुझाने से संबंधित जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता



**विकासनगर।** देहरादून वन प्रभाग की झाझरा रेंज कर्मियों और एनडीआरएफ की टीम ने बुधवार को तेलपुरा-अटकफार्म में मॉक ड्रिल कर ग्रामीणों को जंगलों की आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया। वन कर्मियों ने काउंटर फायर को आग बुझाने का पारंपरिक तरीका बताया। अटकफार्म के जंगल में वन कर्मियों ने फायर लाइन बनाई। झाझरा रेंज की क्षेत्राधिकारी दीक्षा भट्ट ने बताया कि आग बुझाने के लिए काउंटर फायर का इस्तेमाल विश्वभर में होता है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें बढ़ती आग को नियंत्रित करने के लिए जवाबी आग का सहारा लिया जाता है। उन्होंने बताया जिस दिशा से आग आ रही है उसके विपरीत दिशा में आग शुरू कर दी जाती है। इससे यह होगा कि सामने से आते हुई उफनती आग को आगे बढ़ने के लिए फ्यूल (घास, सूखे पत्ते) नहीं मिलेगा। जवाबी आग सभी ईंधन सामग्री को जला देती है जिससे बढ़ती आग, ईंधन की कमी के कारण, बुझ जाती है। जवाबी आग शुरू करते वक्त हवा की स्पीड का भी ध्यान रखना होता है. अगर तेज हवा चल रही है, तो काउंटर फायर प्रभावी नहीं होगी। इसके साथ ग्रामीणो को रॉक वॉल खड़ी करके और फायर टेरेसिंग से आग पर काबू पाने के तरीके भी बताए गए। इस दौरान एनडीआरएफ के प्लाटून कमांडर अजय पंत, मुकेश कुमार, अजय जोशी, सुखदेव फर्सवाण, यशपाल नेगी, सूरज चौधरी, अजय पंवार आदि मौजूद रहे।

# फिजियोथैरेपी सेंटर का शुभारम्भ

शाह टाइम्स ब्यूरो




**देहरादून।** उत्तराखण्ड सचिवालय में फिजियोथैरेपी सेंटर का मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सचिवालय के सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि सचिवालय में फिजियोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध होने से अधिकाधिक कार्यरत कार्मिक लाभान्वित होंगे। सचिवालय कार्मिकों को ससमय कार्यस्थल पर ही बेहतरीन फिजियोथैरेपी सुविधा उपलब्ध करवाने का यह प्रयास प्रशंसनीय है। मुख्य सचिव ने इस पहल के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा उत्तराखंड सचिवालय संघ की सराहना की। इस अवसर पर सचिव डॉ आर राजेश कुमार, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनिता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ आशुतोष सयाना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ मनोज शर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ विमलेश जोशी, डॉ रविन्द्र सिंह राणा, उत्तराखंड सचिवालय संघ के सभी पदाधिकारी एवं सचिवालय के कार्मिक मौजूद रहे।

# पीएम मोदी को राज्यपाल ने भेंट की 'गवर्नर्स डिजिटल हब'



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली / देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि) ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राजभवन उत्तराखंड के डिजिटल और टेक्नोलॉजी पर आधारित नवाचारों का संकलन 'गवर्नर्स डिजिटल हब' और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आध्यात्मिक मार्गदर्शन पर आधारित एआई-संचालित चैटबॉट 'इटरनल गुरु' ब्रोशर्स भेंट किए। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के उत्तराखंड भ्रमण से प्रदेश के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन विकास को मिले नए आयाम के लिए भी उनका धन्यवाद किया।

# केदारनाथ यात्रा को लेकर घोड़े-खच्चरों के पंजीकरण 22 से शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा में अहम भूमिका निभाने वाले घोड़े खच्चरों के पंजीकरण को लेकर कवायद शुरू हो गई है। पशुपाललन विभाग ने आगामी 22 मार्च से घोड़ा-खच्चरों के पंजीकरण को लेकर रोस्टर जारी कर दिया है। जिला पंचायत एवं पशुपालन विभाग संयुक्त रूप से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करेगा। केदारनाथ धाम के कपाट दो मई आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। कपाट खोलने के घोषणा के बाद यात्रा से जुडे विभागों ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। पशुपालन विभाग ने केदारनाथ यात्रा में अहम भूमिका निभाने वाले घोडा-खच्चरों के पंजीकरण को लेकर कवायद शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने इस बार पांच हजार घोडा खच्चरों के संचालन की अनुमति दी है। पशुपालन विभाग ने जनपद के जखोली, अगस्त्यमुनि एवं ऊखीमठ ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर शिविरों के आयोजन को लेकर रोस्टर जारी कर दिया है। ताकि केदारनाथ पैदल मार्ग पर सवारी एवं आवश्यक सामग्री के लिए प्रयोग किए जाने वाले घोडा-खच्चरों के स्वास्थ्य परीक्षण, बीमा, ग्लैण्डर्स रोग की सेंपलिंग के बाद पंजीकरण किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशीष रावत ने बताया कि 22 मार्च को पिठोरा, 23 मार्च को बडासू, 24 मार्च को जखोली बड़मा व चन्द्रापुरी, 25 मार्च को सीतापुर व बक्सीर बांगर, 26 मार्च को मनसूना, 27 मार्च को मनसूना, 28 मार्च को सिरसोली, 29 मार्च को छेनागाड व सल्या, 30 मार्च को नागजगई, 31 मार्च को जालमल्ला, 1 अप्रैल को तैला धारकोट, 2 अप्रैल को ल्वारा व बडेथ, 3 अप्रैल को जाखधार व देवी, 4 अप्रैल को मैखंडा व पूलन बांगर, 5 अप्रैल को नैनी पौंडार व कालीमठ, 6 अप्रैल को बांसवाडा, 7 अप्रैल को गंगानगर व नारायणकोटी, 8 अप्रैल को सारी व खुमेरा, 9 अप्रैल को चोपता दुगार्धार व गौरीकुंड एवं 10 अप्रैल को चन्द्रनगर में शिविरों को आयोजन किया जाएगा। बताया कि पशुओं के मेडिकल प्रमाण-पत्र जारी होने के उपरांत ही जिला पंचायत घोड़ा-खच्चर का पंजीकरण करेगा। वहीं शिविरों के बाद जिला पंचायत घोडा खच्चर मालिक, हॉकर एवं श्रमिकों के लाईसेंस व पंजीकरण का कार्य संपादित करेगा।

# सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने तीनों विधानसभाओं में जन सेवा थीम पर होंगे कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 23 मार्च को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जन सेवा थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान बहुद्देश्यीय शिविर एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने इस कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों से सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा है कि जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, गणमान्य नागरिकों सहित आम लोगों की भागीदारी से इन कार्यक्रमों को पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जाय। इस दौरान विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित करने के साथ ही राज्य सरकार के विकास कार्यों एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने का निश्चय भी किया गया है। शासन के निर्देशानुसार राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आगामी 23 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं विभिन्न व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले इन कार्यक्रमों में लिए जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि की एक समिति गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह समिति और विभिन्न आयोजनों से जुड़े विभाग कार्यक्रम से संबंधित कार्ययोजना वृहस्पतिवार तक उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने कहा इन कार्यक्रमों में अधिकाधिक जन-भागीदारी सुनिश्चित कर आम लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाय। 23 मार्च को विधान सभा स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल, उप जिलाधिकारी देवानंद शर्मा, मुकेश चंद रमोला, बृजेश कुमार तिवारी, गोपाल सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया।शिविर एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन किए जाने हेतु विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन सेवा थीम पर यह शिविर 24 मार्च से 30 मार्च तक की अवधि में भी आयोजित किए जांय।

# राजनीतिक संकट से जूझ रहे प्रदेश को बचाने को लेकर हों जाएं एकजुट : मोहित

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखण्ड की जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए सशक्त भू-कानून और मूल निवास को लागू किया जाना जरूरी है। आज प्रदेश के भीतर अराजकता का माहौल पैदा हो गया है। छोटे से लेकर बड़े कार्यों में बाहरी कंपनियों को काम मिल रहा है, जबकि स्थानीय लोगों को रोजगार से वंचित किया जा रहा है। आम जनता सरकार की भ्रष्ट नीतियों से खासी परेशान हो गई है। एलयूसीसी कॉपरेटिव सोसायटी ने पहाड़ की भोली-भाली जनता को ठगने का काम किया गया है। ऐसे में प्रदेश में एक सशक्त विकल्प बनाने को लेकर आम जनता को एकजुट किया जा रहा है, जिससे प्रदेश को राजनीतिक संकट से बचाया जा सके। यह बात स्वाभिमान मोर्चा की आहूत चिंतन बैठक में मूल निवास-भू-कानून के संयोजक एवं मोर्चा के महासचिव मोहित डिमरी ने कही। बुधवार को उत्तराखण्ड स्वाभिमान मोर्चा की टीम रुद्रप्रयाग पहुंची, जहां पहले से मौजूद सैकड़ों लोगों ने मोर्चा का स्वागत किया। मोर्चा की टीम पहले स्थानीय लोगों के साथ तहसील परिसर पहुंची, जहां उन्होंने एलयूसीसी कॉपरेटिव सोसायटी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार से कार्यवाही की मांग की। इसके बाद मोर्चा के सभी पदाधिकारी और समर्थक रुद्रप्रयाग नये बस अड्डे पहुंचे, जहां स्थित एक वेडिंग हॉल में आयोजित चिंतन बैठक को संबोधित करते हुए मूल निवास-भू-कानून के संयोजक एवं मोर्चा के महासचिव मोहित डिमरी ने कहा कि आज के समय में पहाड़ के जल, जंगल और जमीन की अस्मिता को बचाने को लेकर लड़ाई लड़ी जा रही है। पहाड़ की माताओं और बहिनों ने उत्तराखण्ड राज्य को बनाने के लिए अपनी जान तक दे दी और आज कांग्रेस और भाजपा ने बारी-बारी से पूरे प्रदेश को ही लूट लिया। साथ ही बाहरी लोगों का भी कब्जा यहां करवा दिया। उन्होंने कहा कि सशक्त भू-कानून और मूल निवास की लड़ाई को लेकर युवा सड़कों में उतर चुके हैं। प्रदेश के 11 जनपदों में चिंतन बैठक का आयोजन कर गोष्ठियां की जा रही है। इस मुद्दे के साथ ही स्थानीय मुद्दों को लेकर भी लोगों से सुझाव लिए जा रहा हैं। जल्द ही प्रदेश के भीतर एक बड़ा आंदोलन होने जा रहा है। उन्होंने प्रदेश में एक सशक्त विकल्प बनाने के लिए आम जनता को एकजुट करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश राजनीतिक संकट से जूझ रहा है। हमें उत्तराखंड को बचाने के लिए सबको मिलकर आगे बढ़ना होगा। इसी उद्देश्य से चिंतन गोष्ठी की जा रही है। कार्यक्रम में मोर्चा के अध्यक्ष बॉवी पंवार ने कहा कि उत्तराखंड को बचाने के लिए एकजुट होने की जरूरत है। यहां के अधिकार यहां के लोगों को मिले, इसके लिए बड़े संघर्ष की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी जिला मुख्यालयों पर यह कार्यक्रम हो रहा है। भविष्य में इसे ब्लॉक मुख्यालय के साथ ही गांव-गांव में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने निकाय चुनाव में कई लोगों को समर्थन दिया है, जिन्होंने सफलता की नई कहानी लिखी है। इसी तरह का मॉडल प्रदेश में स्थापित करना है।

कहा कि हम जनता के सुझाव लेकर आगे की रणनीति तैयार करेंगे। यूकेड़ी सहित कई अन्य संगठनों के सामने एक जुट होने का प्रस्ताव रखते हुए एक सशक्त विकल्प बनाने पर जोर दिया जाएगा, ताकि एक मंच के नीचे आकर प्रदेश को बचाया जा सके।

# काठगोदाम में बैली ब्रिज की मरम्मत शुरू

## यातायात पर पड़ा भारी असर, लग रहा लंबा जाम

**दीपक भण्डारी**

**शाह टाइम्स, हल्द्वानी।** काठगोदाम स्थित बैली ब्रिज की मरम्मत बुधवार से शुरू हो गई है, जिसके कारण पुल पर यातायात को 25 मार्च तक एक

### दोनों ओर से वाहनों को रोककर बारी-बारी भेजा जा रहा गंतव्य की ओर

तरफ से प्रतिबंधित कर दिया गया है। पुल के बोल्ट और प्लेट्स के ढीले पड़ने के कारण मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है, जिससे काठगोदाम और नैनीताल की ओर से आने-जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब, दोनों ओर से आने वाले वाहनों के लिए पुल के एक ही हिस्से का



उपयोग हो रहा है, जिससे यहां पर भयंकर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वाहन चालकों को गाड़ियों की लंबी कतारों में रेंगते हुए आगे बढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस स्थिति के मद्देनजर पुलिस की ड्यूटी भी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस द्वारा काठगोदाम के नारीमन चौराहे से आने वाले वाहनों को नैनीताल, भवाली, और भीमताल की ओर भेजा जा रहा है, जबकि चोरग. लिया की ओर से आने वाले वाहनों को रोककर उन्हें नैनीताल व भवाली की ओर रवाना किया जा रहा है। वहीं पहाड़ों से आने वाले बड़े वाहनों को गौलापार बाईपास को भेजा जा रहा है। हालांकि, इस व्यवस्था से जाम की समस्या और भी विकराल हो गई है।



वाहन चालकों को घंटो तक इंतजार करना पड़ रहा है। जिससे गौलापार बाईपास रोड, काठगोदाम कॉलटैक्स व गुलाबघाटी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। वाहन चालकों के लिए यह स्थिति न केवल समय की बर्बादी का कारण बन रही है, बल्कि उन्हें भयंकर असुविधा का भी सामना करना पड़ रहा है। हल्द्वानी में पहले ही वाहन दबाव अत्यधिक है, और होली की छुट्टियां समाप्त कर पहाड़ से वापस लौट रहे लोग अब यह चिंता कर रहे हैं कि इस जाम के चलते उनकी बसें या ट्रेनें न छूट जाएं। यह स्थिति 25 मार्च तक बनी रहने की संभावना है, जिससे यात्रा करने वाले लोगों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### यात्रा के लिए नया रूट तय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम स्थित कलसिया पुल की मरम्मत के कारण पुल पर वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। यह व्यवस्था तब तक बनी रहेगी जब तक पुल का मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो जाता। नए ट्रैफिक प्लान के अनुसार हल्द्वानी और काठगोदाम से पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाले सभी वाहन अपने निर्धारित रूट से यात्रा कर सकेंगे। वहीं, पर्वतीय क्षेत्र से हल्द्वानी और काठगोदाम की ओर आने वाले वाहन अब रूसी बाईपास और कालाढूंगी मार्ग से होकर गुजरेंगे। सभी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वे मरम्मत कार्य के दौरान उत्पन्न होने वाली असुविधाओं से बचने के लिए उपरोक्त ट्रैफिक प्लान के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

# दिनदहाड़े मासूम बच्चियों से दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोतवाली क्षेत्र के बद्रीपुरा इलाके में एक हैवानियत भरी घटना सामने आई है, जहां दिनदहाड़े दो मासूम बच्चियों से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। घटना के बाद पुलिस ने

### जमानत पर छूटा आरोपित फिर हुआ हरकत में शामिल, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

बनभूलपुरा निवासी आरोपित मोहम्मद हासिब को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पहले भी इसी तरह के आपराधिक रिकॉर्ड में शामिल रह चुका है और कुछ समय पहले ही जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। बता दें कि यह घटना बीते मंगलवार को दोपहर साढ़े 11 बजे बद्रीपुरा में घटी। एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपते हुए कहा कि उनकी दो मासूम बच्चियां दुकान के बाहर बैठी थीं, तभी एक युवक वहां पहुंचा और बच्चियों के सामने अश्लील हरकत करने लगा। जब बच्चियों ने शोर मचाया, तो महिला नीचे आई और आरोपित मौके से फरार हो गया। महिला ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और बनभूलपुरा के आजादनगर लाइन नंबर 16 निवासी मोहम्मद हासिब को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा कि मोहम्मद हासिब का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से ही खराब है। बीते 27 अगस्त को उसने बद्रीपुरा में ही एक बच्ची का पीछा कर उसके साथ अश्लील हरकत की थी। उस मामले में भी उसे गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कुछ समय पहले वह जमानत पर रिहा हो गया था। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें कानून के मुताबिक सजा दिलाई जाएगी।

# डेढ़ महीने बाद दर्ज किया चोरी का मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में बेखौफ हुए चोरों ने टीपीनगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत जीतपुर नेगी में एक बंद घर को निशाना बनाते हुए घर से लाखों के जेवरात और हजारों की नगदी ले उड़े हैं। यह घटना तब की है जब पूरा परिवार प्रयागराज कुंभस्थान के लिए गया था। पुलिस ने अब डेढ़ माह बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। बता दें कि देवलचौड़ जीतपुर नेगी बाला. जी विहार निवासी चंदन सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 27 जनवरी को वह घर में ताला लगाकर अपनी पत्नी और परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए गए थे। 31 जनवरी को वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि गेट व घर के अंदर दरवाजों में लगे ताले टूटे हुए थे। घर में घुसकर देखा तो सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था, और आलमारी के लॉकर टूटे हुए थे जिसमें से 3.5 तोला सोना और 2.75 लाख रुपये नगदी गायब थे। बताया जा रहा कि यहां तक कि घटना के चार दिन बाद भी पुलिस को चोरी की वारदात की कोई जानकारी नहीं मिली, और न ही पड़ोसियों को इस चोरी के बारे में कोई आभास हुआ। लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद सीसीटीवी फुटेज को खंगालने की कोशिश की है, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है। जिसके बाद पुलिस ने डेढ़ माह बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई। शुरू कर दी है। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को भी खंगाला जा रहा है।

# धामी सरकार का तीन साल का कार्यकाल

## 'जन सेवा' थीम पर 22 से 25 तर्क तक लगेंगे शिविर: एडीएम चौहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत 'जन सेवा' थीम पर 22 से 25 मार्च तक बहुउद्देशीय एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को भव्य रूप से संपन्न कराने हेतु बुधवार को नगर निगम सभागार, हल्द्वानी में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिला. धिकारी पीआर चौहान ने बताया कि जनसेवा शिविरों में आमजन को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाओं के वितरण की भी सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। जनपद स्तर पर मुख्य कार्यक्रम 23 मार्च को एमबी कॉलेज मैदान, हल्द्वानी में आयोजित होगा, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 22 मार्च से 25 मार्च तक प्रत्येक विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर पर बहुउद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शि. विरों का आयोजन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर उत्तराखंड की लोक परंप. राओं को बढ़ावा देने हेतु लोक नृत्य, लोक गायन एवं लोक कला से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश स्तर पर 22 मार्च को मुख्य कार्यक्रम अल्मोड़ा में तथा 23 मार्च को देहरादून में आयोजित किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य इस कार्यक्रम के माध्यम से अधिकतम नागरिकों को लाभ पहुंचाना और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। इस संबंध में बैठक में सभी विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, दीपक मेहरा, जगमोहन बिष्ट (विधायक प्रतिनिधि, रामनगर) सहित मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उप जिला. धिकारी रेखा कोहली, सीओ नीतिन लोहनी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाज में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा के चोपड़ा और रानीबाग शक्तिकेंद्र में बुधवार को महिला मोर्चा सम्मेलन हुआ जिसमें विधायक बंशीधर भगत ने मातृ शक्ति

### रानीबाग शक्तिकेन्द्र में भाजपा महिला मोर्चा का सम्मेलन

से राष्ट्रनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सर्वप्रथम स्वावलंबी बनने को कहा। इस बीच कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं एवं स्थानीय जनता ने विधायक भगत का स्वागत करते हुए भद्यूनी एवं हेड़ी गांव तक सड़क मार्ग ले जाने के लिए उनका आभार जताया। विधायक



भगत ने कार्यक्रम में मौजूद मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्र की महिलाओं के पास घर गृहस्थी की अत्यधिक जिम्मेदारी होने के बावजूद बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद रहना आपकी जागरूकता को दर्शाता है। किसी भी स्वस्थ समाज के निर्माण में महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वयं में मजबूत होना होगा, जिससे महिलाएं अपने जीवन के कई महत्वपूर्ण फैसले स्वयं ले सकेंगी। इस दौरान विधायक भगत ने स्थानीय जनता एवं किसान मोर्चा महामंत्री महेंद्र नेगी की मांग पर मोरा सड़क मार्ग निर्माण एवं ज्योली, सूर्यागांव एवं स्यालीखेत में नए बूथ बनाने के आग्रह को स्वीकार करते हुए प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा। उन्होंने कहा नए बूथ निर्माण से पर्वतीय क्षेत्र की जनता को मतदान के लिए अत्यधिक दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। महिला मोर्चा महामंत्री प्रगति जैन ने स्थानीय महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करने की बात कही। इस दौरान कमल जंतवाल, गणेश आर्या, कलावती देवी, हंसी पलड़िया, क्षेत्र पंचायत सदस्य मुन्नी जीना, मुन्नी पांडे, अध्यक्ष महिला मोर्चा ऋतु बिष्ट, भूमिका गोयल, वर्षा आर्या, सुमन देवी, विद्या, ममता जीना, शेखर भट्ट, सुरेंद्र सूर्या समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे।

### घर के बाहर खड़ी स्कूटी हुई चोरी, मुकदमा

**हल्द्वानी।** भगवानपुर तल्ला क्षेत्र में एक घर से चोरों ने रात के समय स्कूटी चोरी कर ली। चोर गेट से चढ़कर बरामदे में घुसे और स्कूटी चोरी करके फरार हो गए। लेकिन घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में स्कूटी चोर कैद हो गए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रगतिशील कॉलोनी भगवानपुर तल्ला निवासी हरभजन ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 18 मार्च की रात लगभग पौने 12 बजे यह चोरी की वारदात हुई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के पास उपलब्ध है, जिसमें चोरों के चोरी करने की गतिविधियां कैद हुई हैं। पुलिस अब फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

# पहाड़ी हिन्दू रहें सजग: शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहाड़ी आर्मी उत्तराखंड के जिला कार्यकारिणी विस्तार के लिए जिला प्रभारी हिमांशु शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला



अध्यक्ष मोहन कांडपाल ने 30 सदस्यों की जिला कमेटी का गठन किया और संगठन के विस्तार के लिए कई प्रमुख पदों पर नियुक्तियां कीं। नियुक्तियों में राजेंद्र कांडपाल को जिला संगठन महामंत्री, कपिल शाह और रविन्द्र सिंह खाती को जिला मंत्री, बलवीर जोशी (बंटी जोशी) को जिला कोषाध्यक्ष, कमलेश खंडूरी को जिला मीडिया प्रभारी, सुनीता जीना को महिला जिला अध्यक्ष तथा गिरीश चंद्र आर्य, विकास आर्या, कैलाश डालाकोटी, दीपक गंगोला, अरुण शाह, शतीश फुलारा और कमलेश जेठी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला प्रभारी हिमांशु शर्मा ने बैठक में कहा कि पहाड़ की अस्मिता, संस्कृति और संसाधनों को बचाने के लिए संगठन को जिले के गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा, आज जिले की डेमोग्राफी जिस तरह से बदल रही है, वह हमारे लिए बहुत चिंताजनक है। हमारे समाज के हर पहाड़ी हिन्दू को सजग रहने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष मोहन कांडपाल ने संगठन के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि पहाड़ी हिन्दुओं के सशक्तिकरण के लिए जिले की इकाई मजबूती से कार्य करेगी। उन्होंने कहा, हम बाहरी और असामाजिक तत्वों को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। बहुत जल्द जिला अधिवेशन करके हर ब्लॉक में संगठन का विस्तार किया जाएगा।

# मानदेय के लिए गांधी चौक पर गरजीं आंगनबाड़ी वर्कर्स

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले उत्तरांचल आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने बुधवार को जिला मुख्यालय नैनीताल में आंगनबाड़ियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नैनीताल में प्रदर्शन किया। इससे पूर्व सभी आंदोलित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तल्लीताल गांधी चौक में एकत्र हुई बाद में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा गया। प्रदर्शन से पूर्व हुई सभा में आंदोलित आंगनबाड़ी वर्कर्स ने कहा कि वह आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले 11 सूत्रीय मांगों को लेकर



लम्बे समय से आंदोलित हैं। इन मांगों को लेकर विगत दिवस देहरादून में भी विशाल प्रदर्शन किया गया था। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की मुख्य मांगों में न्यूनतम 18 हजार मानदेय दिए जाने, स्थायी कर्मचारी घोषित किये जाने, सेवानिवृत्ति पर 5 लाख की धनराशि दिए जाने, पदोन्नति 100 फीसदी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में से वरिष्ठता के आधार पर किये जाने तथा ब्लॉकों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सुपरवाइजर का कार्य न कराए जाने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना स्वास्थ्य विभाग को सौंपे जाने तथा मानदेय समय पर दिए जाने व शीत कालीन/ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 दिन घोषित करने की मांग शामिल है। इससे पूर्व विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ से जुड़ी जिले भर की आंगनबाड़ी वर्कर्स तल्लीताल गांधी चौक में एकत्र हुई, जहां पर जोरदार नारेबाजी की गई। रैली में नैनीताल जिले के सभी ब्लॉकों से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पहुंची हुई थी। इस दौरान संघ की जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट, महामंत्री अंजू सागर, प्रदेश महामंत्री गीता बिष्ट, प्रदेश संगठन मंत्री प्रेमा बिष्ट, जिला महामंत्री मदन सिंह गैड़ा, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुष्पा रावत समेत रेनू मेहरा, रेनू बिष्ट, शिवानी, गीता आर्य, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संरक्षक रमेश जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र खंकरियाल, जिलाध्यक्ष प्रेम दुम्का, कोषाध्यक्ष विकास जोशी, हरीश विश्वकर्मा, प्राणी उद्यान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कृपाल बिष्ट, लीला शर्मा, गीता बिष्ट, शिवानी, शान्ति नेगी, शोभा, चंपा जोशी, दीपा कार्की, देवकी देवी, बीना कनवाल, प्रेमा देवी, मुन्नी जलाल, गीता बोहरा, पुष्पा देवी तथा किरण देवी समेत जिलेभर के आठों ब्लाकों की आंगनबाड़ी वर्कर्स मौजूद रही।

# अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आज से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के रसायन विज्ञान विभाग तथा नैनो साइंस सेंटर द्वारा 20 से 22 मार्च (गुरुवार से शनिवार) तक तीन दिवसीय तीसरी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस इन एनर्जी, फंक्शनल मैटीरियल, मॉलिक्यूल्स एंड नैनो टेक्नोलॉजी एंड नेशनल वर्कशॉप ऑन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का आयोजन एमएमटीटीसी हार्मिटेज में किया जा रहा है।

बता दें अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विद. `श तथा देश के जाने माने विषय विशेषज्ञ भाग लेंगे तथा एनर्जी, सोलर सेल,ग्रीन केमिस्ट्री, ड्रग डिस्कवरी, मेडिसिनल केमिस्ट्री, बायोलॉजिकल प्रोस्पेक्टिंग के साथ अपसाइकलिंग ऑफ सॉलिडवेस्ट, कार्बन नैनो पार्टिकल्स सहित सुपर कैपसिटर पर महत्वपूर्ण चर्चा होगी। कॉन्फ्रेंस में सात की नोट संबोधन होंगे। कॉन्फ्रेंस में नैक के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह समेत प्रो. राकेश भटनागर, प्रो. प्रदीप, प्रो. गणेश पांडे, पद्मश्री प्रो. एस शिव. राम, प्रो. एम लक्ष्मी, प्रो. प्रलय मैत्री, प्रो. पी मुखोपाध्याय, डा. ई. भोज तथा डा. थर्मलिंघम, डा. भौमिक, डा. अनुराग श्रीवास्तव, प्रो. अतुल ग्रोवर, डा. के सिंह, डा. सीएस पंत सहित विदेश से डा. यांग जून ली, डा. चोई, डा. सुंग चेओल ली, डा. सुंग ली, डा. दुयांग, प्रो. शेन जी लांग सहित प्रो. आशुतोष शर्मा प्रतिभागिता कर रहे हैं। तीन दिनी कॉन्फ्रेंस में 250 से अधिक युवा शोधार्थी प्रेजेंटेशन के माध्यम से तथा पोस्टर के माध्यम से प्रेजेंटेशन करेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन 20 मार्च आज को प्रो. डीपी सिंह तथा कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत सुबह 9.30 बजे करेंगे।

### इनका निर्विरोध चयन

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन के चार पदों पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रीति साह, तारा आर्या, शशांक कुमार व गौरव कुमार का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

कार्यकारणी सदस्य के कुल 5 पदों में से 4 पदों पर ही नामांकन भरे गए थे, जिस कारण किसी भी पद पर चुनाव नहीं कराया गया व कार्यकारणी के चारों पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम **मनस्वी** से बदलकर **मनस्वी अमोल बिले** रख लिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए।

No.15180167W Rank GNR
बिले अमोल तुलशीराम, पता-
गावठाण पाचेगांव बीके सोलापुर
महाराष्ट्र पिन 413314.

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कड़े मुकाबले में भगवत प्रसाद चुने गए अध्यक्ष

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गये। कड़े चुनावी मुकाबले में एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर

### जिला बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

भगवत प्रसाद तो सचिव पद पर दीपक रूवाली ने जीत दर्ज की वहीं उपाध्यक्ष पद पर शंकर चौहान व उपसचिव पद पर दीपक दत्त पांडेय ने जीत दर्ज की। इससे पूर्व बुधवार को चुनावी गहमा गहमी के बीच सुबह 10.30 बजे से जिला बार एसोसिएशन के कुल चार पदों पर शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम तीन बजे तक तक जारी रही।



मतगणना के बाद शाम करीब पांच बजे मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज साह तथा सह चुनाव अधिकारी संजय सुयाल ने विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की। एसोसिएशन के चुनाव में कुल पंजीकृत 274 अधिवक्ताओं में से 228 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर विजयी रहे भगवत प्रसाद को 88 मत मिले जबकि दूसरे स्थान पर रहे अरुण सिंह बिष्ट को 75, तीसरे स्थान पर पंकज बिष्ट को 33 व चौथे स्थान पर रही मंजू कोटलिया को 31 मत पाकर ही संतोष करना पड़ा। सचिव पद पर विजयी दीपक रूवाली को 123 मत हासिल हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अनिल बिष्ट को 104 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर शंकर चौहान ने बड़ी जीत दर्ज की उन्हें कुल 161 मत हासिल किए जबकि इसी पद पर चुनावी समर में रहे अब्दुल समीर को 64 मतों से संतोष करना पड़ा। उपचिव पद पर दीपक दत्त पांडेय ने जीत की उन्हें कुल 145 वोट मिले इसी पद पर दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी जमीर अहमद को 82 मत प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होने के बाद निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिये गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भगवत प्रसाद, सचिव दीपक रूवाली सहित सभी पदाधिकारियों ने कहा कि वह एसोसिएशन व अधिवक्ता हित में पूरी निष्ठा व आत्मबल से कार्य करेंगे। चुनावी प्रक्रिया समपन्न कराने में मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज, सह निर्वाचन अधिकारी संजय सुयाल, हेमंत, गौरव भट्ट, मोहन नाथ गोस्वामी, शिवांशु तथा बार क्लर्क मयंक सनवाल ने अहम योगदान दिया।

**कार्यालय जिला पंचायत हरिद्वार**

पत्रांकः- 2242/जि0पं0हरि0/2024-25 दिनांक :- 19/03/2025

**नीलाम सूचना**

जनपद हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्रो में पंजीकृत मृत पशुओं के शव निस्तारण की सहकारी समितियों को वर्ष-2025-26 के लिए ठेका/लाईसेन्स शासनादेश सं0 -858/232-2-57डब्लू/91 दिनांक-30 मार्च 1996 में दिये गए प्राविधानों के अनुरूप पंजीकृत समितियों को उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार निर्गत किये जाने सम्बन्धी सूचना दिनांक-7.03.2025 के अमर उजाला तथा दैनिक जागरण हरिद्वार के समाचार पत्र में प्रकाशित की गयी थी है। लेकिन अभी तक पात्र पंजीकृत सहकारी समितियों के सभापति द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए ठेका/लाईसेन्स लेने हेतु अभिलेख/धनराशि जमा नही की गयी है। ऐसी स्थिति में उन समितियों के कार्यक्षेत्र/न्याय पंचायत क्षेत्र का ठेका/लाईसेन्स नियमानुसार पैतृक/पैशेवर कारीगरों के मध्य दिनांक 25.03.2025 जनपद हरिद्वार के समस्त विकास खण्डों के न्याय पंचायतवार सार्वजनिक नीलामी बोली अपराहन 3.00 बजे जिला पंचायत कार्यायल में सम्पन्न की जायेगी पात्र सहकारी समितियों को ठेका/लाईसेन्स लेने में वरीयता दी जायेगी। ठेके को स्वीकृति अथवा अस्वीकृति करनें का अधिकार अंतिम रूप से मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत में निहित होगा, उक्त संबंध में अन्य जानकारी/शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर ज्ञात/अवलोकित की जा सकती है।

ह0/(संजय खण्डूड़ी)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत हद्विार

# ICC टी-20 में अभिषेक का जलवा बरकरार

**दुबई, वार्ता।** भारत के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में क्रमशरू बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान कायम रखा।

हार्दिक पांड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जिसमें नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (233 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस (210 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और भारत के टी-20 अंतर्राष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी इस रैंकिंग में क्रमश: चौथे और पांचवें नंबर पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 856 रेटिंग अंक लेकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जिसमें इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 815 अंक से तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक के 829, तिलक वर्मा के 804 और सूर्यकुमार के 739 रेटिंग अंक हैं। गेंदबाजी सूची की




**■ वरुण गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे नंबर पर, हार्दिक पांड्या 242 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर**

अगुआई वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) कर रहे हैं जिसमें चक्रवर्ती (706 अंक) उनसे महज एक अंक पीछे हैं और इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (705 अंक) से एक अंक आगे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (700) और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (694 अंक) इनसे पीछे हैं। भारत के रवि बिश्नोई 674 अंक से छठे स्थान पर हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 653 अंक से नौवां स्थान बरकरार रखा है। जहां तक भारतीय खिलाड़ियों का संबंध है तो उनके स्थान में बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि टीम ने जनवरी-फरवरी में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद से इस प्रारूप का कोई मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है जिससे टिम सिफर्ट और फिन एलेन की सलामी जोड़ी के अलावा गेंदबाज जैकब डफी को काफी फायदा मिला है। सिफर्ट 20 पायदान की छलांग से 13वें स्थान पर जबकि एलेन आठ पायदान के लाभ से 18वें स्थान पर पहुंच गए। डफी ने दो मैच में छह विकेट झटके जिसमें पहले मैच में 14 रन देकर चार विकेट हासिल करने का करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है।




## संक्षिप्त खेल समाचार

### अडानी और पीजीटीआई इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का करेंगे आयोजन

**अहमदाबाद, वार्ता।** अडानी समूह देश में पुरुषों की प्रोफेशनल गोल्फ की आधिकारिक संस्था पीजीटीआई के साथ मिलकर एक अप्रैल से इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। अडानी समूह का भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ की शुरुआत करना गोल्फ को अधिक लोगों तक पहुंचाना, इसे मेनस्ट्रीम स्पोर्ट में शामिल करना तथा नए भारतीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना इसका उद्देश्य है। एक से चार अप्रैल तक ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट होने वाले इस टूर्नामेंट में 1-5 करोड़ की पुरस्कार राशि रखी गई है। इस अवसर पर अडानी एंटरप्राइज लिमिटेड के निदेशक प्रणव अडानी ने कहा कि हमें कपिल देव और पीजीटीआई के साथ मिलकर भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। हमारा लक्ष्य भारत से विश्व स्तरीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना है। हम इस खेल को अधिक सुलभ बनाने, ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने और खिलाड़ियों को बेहतरीन ट्रेनिंग एवं खेलने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारतीय मुक्केबाजी संघ ने महासचिव और कोषाध्यक्ष को पद से हटाया

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी संघ ने वित्तीय अनियमितताओं और धन के कुप्रबंधन को लेकर महासचिव हेमंत कलिता और निवर्तमान कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को पद से हटा दिया है। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने आज औपचारिक रूप से बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से कथित वित्तीय अनियमितताओं और धन के कुप्रबंधन के संबंध में मिली शिकायत पर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन को मामले की स्वतंत्र जांच करने के लिए नियुक्त किया।

# त्रिसा-गायत्री की जोड़ी स्विस ओपन के दूसरे दौर में

**अगले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला जर्मनी की जोड़ी से होगा**

**बसेल (स्विट्जरलैंड), वार्ता।** भारत की गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला युगल स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली हैं। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में विश्व की नौंवे नंबर की भारतीय जोड़ी ने स्विट्जरलैंड की एलाइन मुलर और नीदरलैंड की केली वैन ब्यूटेन जोड़ी को 32 मिनट तक चले मुक. ाबले में 21-16, 21-17 से आसानी से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला जर्मनी की सेलिन हब्सच और एमिली लेहमैन से होगा। एक अन्य मुकाबलों में भारत की प्रिया कोनजेंगबाम-श्रुति मिश्रा की जोड़ी को तुर्की की विश्व में 61वें नंबर की जोड़ी नाजलिकन इंसी और बेंगिसू एर्सेटिन ने 21-11, 21-19 से हराया, जबकि वर्षिनी विश्वनाथ श्री-आरती सारा सुनील को नीदरलैंड की डेबोरा जिल्ले और डेनमार्क की शटलर सारा थिगेसन ने 21-13, 21-13 से हराया। इस बीच, भारतीय शटलर आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के साथ बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। आयुष शेट्टी ने अपने पहले क्वालीफाइंग मैच में इंग्लैंड के चोलन कायन को 42 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 21-15 से हराया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने इसके बाद फ्रांस के विश्व नंबर 400 राफेल गेवियोस को मात्र 23 मिनट में 21-6, 21-8 से हराकर राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई, जहां उनका सामना 2018 जकार्ता एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो से होगा। मुथुसामी ने पहले राउड में इंग्लैंड के शटलर यूहैंग वांग को 21-13, 21-4 से पराजित किया और फिर अपने अंतिम क्वालीफायर में हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को 21-7, 21-10 से हराया। मुथुसामी मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन से भिड़ेंगे।




एचएस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज पहले ही मुख्य वर्ग में शामिल हो चुके हैं। पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत, जिन्हें शुरू में क्वालीफायर में खेलना था, को बाद में लक्ष्य सेन के पुरुष एकल से देर से हटने के बाद मुख्य ड्रॉ में पदोन्नत किया गया। श्रीकांत का सामना हमवतन प्रणय से होगा, जो कि 32 राउंड के अखिल भारतीय मुकाबले में होगा। इसी तरह, इशारानी बरुआ का सामना साथी भारतीय शटलर आकर्शी कश्यप से होगा, जिन्होंने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी रोजी ओक्टाविया पंकसारी को 21-16, 21-11 से हराकर मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया है। मिश्रित युगल में आयुष अग्रवाल और श्रुति मिश्रा ने अपना क्वालीफायर जीतकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। पीवी सिंधु बुधवार से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 टीम घोषित की

**■ आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर मेली केर की हुई वापसी**

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के साथ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। स्वास्थ्य लाभ को लेकर अवकाश पर गई सोफी डिवाइन और आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर मेली केर की टीम में वापसी हुई हैं। ईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार टीम में सूजी बेट्स को चुना गया है। बेट्स टी -20 सीरीज में 33 की औसत और 112-50 की स्ट्राइक रेट से 99 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहीं। पिछले वर्ष महिला टी-20 विश्वकप के बाद डिवाइन के पद छोड़ने के फैसले के बाद बेट्स अंतरिम कप्तान के रूप में टीम की अगुआई करना जारी रखेंगी। हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ली ताहुहू और बल्लेबाज बेला जेम्स की भी क्वाड्रिसेप स्ट्रेन के बाद टीम में वापसी हुई हैं।टी-20 विश्वकप चैंपियन शुक्रवार को ईडन पार्क में ऑकलैंड, टौरंगा और वेलिंगटन में तीन टी-20 मैचों में ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करेगी। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम इस सीरीज के लिए सोफ, मेली और ली को वापस पाकर रोमांचित हैं, वे टीम में अमूल्य अनुभव और नेतृत्व लेकर आए हैं। अपनी वापसी पर डिवाइन ने कहा कि कुछ समय के लिए खुद को फिर से स्थापित करना और फिर से ध्यान केंद्रित करना अच्छा रहा। मैं लड़कियों के साथ फिर से खेलने के लिए वास्तव में उत्सुक हूँ। न्यूजीलैंड 21 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा।

**न्यूजीलैंड महिला टीम:** सुजी बेट्स (कप्तान), ईडन कार्सन, सोफी डिवाइन, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, फ्रैन जोनास, जेस केर, मेली केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर और ली ताहुहु।

# पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया और ओटोबॉक की साझेदारी हुई

**■ भारतीय एथलीटों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से किया करार**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरालंपिक कमिटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) ने देश में दिव्यांग खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक, ऑर्थोटिक और व्हीलचेयर समाधान प्रदान करने वाली जर्मनी की कंपनी ओटोबॉक के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। आगामी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलीटों को बेहतर प्रदर्शन के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से, पीसीआई ने जर्मन कंपनी ओटोबॉक हेल्थकेयर के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है। दुनिया की अग्रणी कंपनी ओटोबॉक अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक, ऑर्थोटिक और व्हीलचेयर समाधान प्रदान करती है। ओटोबॉक 1988 से ही इंटरनेशनल पैरालिम्पिक कमिटी के आधिका. रिक तकनीकी सेवा प्रदाता के रूप में कार्य कर रही है। भारत में इसकी उपस्थिति 1998 से है और यह अपने उन्नत उपकरणों के साथ-साथ देशभर में 23 क्लीनिकों का नेटवर्क संचालित कर रही है, जहां दिव्यांग खिलाड़ियों को आफ्टर-केयर सुविधाएं दी जाती हैं। इस भागीदारी के तहत ओटोबॉक भारतीय खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रोस्थेटिक समाधान, विशेष प्रशिक्षण और आफ्टर-केयर सेवाएं प्रदान करेगा। कंपनी प्रत्येक खिलाड़ी की जरूरत के अनुसार उच्च-गुणवत्ता वाले प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक उपकरण उपलब्ध कराएगी। साथ ही, एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए कोच और प्रोस्थेटिस्ट को भी उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। पीसीआई के कार्यकारी राहुल स्वामी ने इस साझेदारी पर कहा कि यह गठजोड़ भारत में दिव्यांग खेलों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। ओटोबॉक के साथ मिलकर हम ऐसी संरचना तैयार कर रहे हैं, जिससे जमीनी स्तर पर नई प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा सके। ओटोबॉक हेल्थकेयर इंडिया के प्रबंध निद. शक मैट्स फैंक ने कहा कि हम तकनीकी उत्कृष्टता और मानवीय क्षमता को साथ लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक समाधान बायोमैकेनिकल नवाचार और

# कबड्डी विश्वकप को आईकेएफ ने नहीं किया अधिकृत

**■ एशियाई खेलों में कबड्डी पदक प्रतिस्पर्धा वाला कोई भी राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ इस आयोजन में भाग नहीं ले रहा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने कहा है कि विश्व कबड्डी महासंघ के तत्वावधान में ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्वकप 2025 को हमने अधिकृत नहीं किया है। आईकेएफ ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि कबड्डी के लिए प्रत्येक राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) (जिसका अपने संबंधित देश के राष्ट्रीय ओलंपिक महासंघ से संबंध या जुड़ाव है), वह आईकेएफ और एकेएफ का सदस्य-संबद्ध है। अपने-अपने देशों में ओलंपिक सिस्टम की औपचारिक मान्यता वाले ये अधिकृत एनएसएफ ब्रिटेन में चल रहे तथाकथित कबड्डी विश्वकप 2025 में भाग नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ, एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) और एशियाई कबड्डी महासंघ (एकेएफ) द्वारा मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय है। आईकेएफ 1990 से एशियाई खेलों में पुरुषों और महिलाओं के लिए कबड्डी की पदक स्पर्धा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी टूर्नामेंटों के संचालन की देखरेख और पर्यवेक्षण करता रहा हैं। ओसीए, आईकेएफ, एकेएफ और एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) का विश्व कबड्डी महासंघ या इसकी किसी भी गतिविधि से कोई लेन-देन या जुड़ाव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार, एशियाई खेलों में कबड्डी पदक प्रतिस्प्रर्धा वाला कोई भी राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ इस आयोजन में भाग नहीं ले रहा है। ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्व कप में ऐसे देशों का कथित तौर से प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों के पास कबड्डी के लिए संबंधित एनएसएफ से कोई मंजूरी नहीं है। आईकेएफ को एकेएफआई द्वारा सूचित किया गया है कि ब्रिटेन में चल रहे कबड्डी विश्व कप में भारतीय टीम को भारत में कबड्डी के खेल के आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त संरक्षक निकाय-एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया से कोई मंजूरी या मान्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि आईकेएफ अपने सभी संबंधित राष्ट्रीय ओलंपिक निकाय को भी अपने विचार से अवगत कराएगा। ताकि वे ब्रिटेन में आयोजित कबड्डी विश्व कप 2025 में भाग लेने वाली अनधिकृत राष्ट्रीय टीमों को कोई अनुचित मंजूरी या मान्यता देने में गुमराह न हों।

## राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग: हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, मणिपुर और हरियाणा ने जीते अपने मैच

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 के अंतिम चरण के दूसरे दिन बुधवार को हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, मणिपुर और हरियाणा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। यहां खेले गए पहले मुकाबले में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पूल ए में महाराष्ट्र को 1-0 से हराया। ओडिशा की ओर से दीपिका बरवा ने (57वें) मिनट में गोल महाराष्ट्र से हराया। अगले मैच में मणिपुर ने पूल ए में मध्य प्रदेश को 2-0 से हराया। मणिपुर की ओर से पूजा रामचूरिया ने (41वें) और बेबीरानी देवी संदम ने (56वें) मिनट में एक-एक गोल कर अपनी टीम को टूर्नामेंट में पहली दिलाई। दिन के तीसरे मुकाबले में हरियाणा ने पूल ए में हॉकी मिजोरम को 2-1 से हराया। हरियाणा के लिए सावी ने (44वें) और शशि खासा ने (59वें) मिनट में गोल किए। जवाब में मिजोरम की वनलालरिन्हलुई ने (57वें) मिनट में सांत्वना गोल किया। टूर्नामेंट में यह हरियाणा की दूसरी जीत है।

## मुम्बई इंडियंस के पहले मैच में सूर्यकुमार होंगे कप्तान

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या पर पिछले वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के आखिरी मैच में धीमे ओवर रेट के कारण एक मैच के लिए लगे प्रतिबंध के कारण आईपीएल के इस सत्र में टीम के लिए सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई इंडियंस की बागडोर संभालेंगे।

हार्दिक ने कहा कि यह मेरे नियंत्रण से बाहर की चीज है। पिछले साल आखिरी मुकाबले में हमने अंतिम ओवर 1-5 या दो मिनट देरी से किया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन यही नियम है। हमें प्रक्रिया के अनुसार ही चलना होगा। सूर्या भारत के कप्तान हैं और जब मैं नहीं हूं तो वह आदर्श विकल्प हैं। उल्लेखनीय है कि हार्दिक 29 मार्च को गुजरात टाइटंस (जीटी) के साथ अहमदाबाद में होने वाले दूसरे मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। मुंबई का घरेलू मैदान में दो दिन बाद 31 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) साथ मैच है। इसके बाद मुम्बई इंडियंस चार अप्रैल को लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ और सात अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरीबी) के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलेगी।

# मांडविया ने नया एंथम व खडसे ने मैस्कॉट का किया अनावरण




**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का एंथम और खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने मैस्कॉट का अनावरण किया। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में फिट इंडिया कार्निवल के मौके पर श्री मांडचिया ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स का एंथम तथा खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे ने मैस्कॉट 'उज्ज्वला' अनावरण किया।

'उज्ज्वला' का डिजाइन दिल्ली की गौरैया से प्रेरित है, जो शहर के गौरव और जुझारूपन का प्रतीक है। विलुप्त होने के कगार पर पहुँच चुके पक्षी की तरह, 'उज्ज्वला' पैरा एथलीटों का प्रतीक है, जो लचीलापन और दृढ़ता का प्रतीक भी हैं। भारतीय पैरालंपिक समिति और पूर्व पैरालिंपियन देवेंद्र झाझरिया और खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के एक्सेसिबिलिटी पार्टनर-स्वयं की संस्थापक अध्यक्ष स्मिनू लजदल ने संयुक्त रूप से बहुत धूमधाम से खेलों का लोगो लॉन्च किया। इस अवसर पर डॉ.

**■ उज्ज्वला का डिजाइन दिल्ली की गौरैया से प्रेरित है**

मांडविया ने कहा कि यह एक बहुत ही खास दिन है। हम पहले फिट इंडिया कार्निवल के समापन पर आए हैं, जिसमें 25 हजार लोगों ने भाग लिया था और अब हम खेलो इंडिया पैरा गेम्स शुरू कर रहे हैं। अब हमारे पास भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में निरंतरता है। यह वास्तव में सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि केआईपीजी में 1300 से ज़्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए सही रास्ता प्रदान करने के लिए खेलों का आयोजन किया गया है। खेलों में कोई हारता नहीं है। कोई जीतता है और कोई सीखता है। यही खेलों की खूबसूरती है। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के लोगो में नारंगी, हरे और नीले रंग में एक स्टाइलिश एथलीट है, जो गतिशीलता, आंदोलन और समावे. शिता का प्रतिनिधित्व करता है। साथ ही आगे की ओर गति प्रगति को दर्शाती है। लोगो में बोल्ड ब्लू/व्हाइट 'खेलो इंडिया' और 'पैरा गेम्स 2025' ताकत का संदेश देता है, जिसे नारंगी हाइलाइट्स द्वारा पूरक बनाया गया है। इस अवसर पर एंथम का भी अनावरण किया गया। 'खेलेगा खेलेगा मेरा इंडिया, जीतेगा जीतेगा मेरा इंडिया' शब्दों पर आधारित इस एंथम का उद्देश्य मैदान पर मौजूद एथलीटों के साथ-साथ स्टैंड में बैठे प्रशंसकों को एक प्रेरक संदेश के साथ प्रेरित करना है। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 मार्च से 27 मार्च होंगे और इसमें छह पैरा खेलों में 1300 से अधिक प्रतिभागी पैरा-तीरंदाजी, पैरा-एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा पावरलिफ्टिंग, पैरा निशानेबाजी और पैरा टेबल टेनिस में स्पर्धा करेंगे। ये सभी स्पर्धाएं जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी और डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में होगी।

# हमारी युवा और अनुभवी खिलाड़ियों से मिश्रित मजबूत टीम का लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है

**चंडीगढ, वार्ता।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें संस्करण से पहले कहा कि हमारी युवा और अनुभवी खिलाड़ियों से मिश्रित मजबूत टीम का लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। यहां संवाददाता सम्मेलन में पोंटिंग ने कहा कि वह (अय्यर) एक बेहतरीन इंसान हैं। वह आईपीएल जीतने वाले कप्तान हैं।

हम इससे ज्यादा कुछ नहीं मांग सकते थे। वह कुछ दिन पहले ही कैंप में शामिल हुए हैं, इसलिए वह टीम पर कप्तान और लीडर के तौर पर अपनी छाप छोड़ना शुरू कर रहे हैं और यह अगले कुछ दिनों में और बेहतर होगा, उसके बाद ही हम अपना पहला मैच खेलेंगे। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, मैं इससे ज़्यादा खुश नहीं हो सकता था। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग, कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कार्यकारी सतीश मेनन आईपीएल के आगामी सीजन के लिए टीम की योजनाओं और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की।

टीम की नई टीम में उचित संतुलन के बारे में बात करते हुए दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है। हमारे पास बेहतरीन भारतीय खिलाड़ी हैं और कुछ बेहतरीन विदेशी खिलाड़ी भी हैं। मैं टीम के एकजुट होने से बहुत खुश हूं। कल रात यहां हमारा पहला सत्र था, जो वाकई अच्छा रहा। लड़कों ने वाकई अच्छी ट्रेनिंग की है। अय्यर ने पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए अपनी उत्सुकता भी जताई और बताया कि उनकी मौजूदगी से टीम में और गहराई आएगी। टीम के नए कप्तान ने कहा कि वह सभी का समर्थन करते हैं।

## पंत, मार्करम मिलर और मार्श ने बहाया पसीना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम ने इकाना स्टेडियम के मुख्य मैदान पर अभ्यास किया। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कप्तान ऋषभ पंत के साथ ही एडेन मार्करम, डेविड मिलर, मिशेल मार्श समेत अन्य खिलाड़ियों को फील्डिंग और कैच पकड़ने का अभ्यास कराया। इसके बाद मेंटर, जहीर खान, कोच लांस क्लूजनर ने नेट पर बल्लेबाजी के दौरान खिलाड़ियों को हर बॉल पर छक्के लगाने का अभ्यास कराया। इकाना स्टेडियम में आयोजित टीम के अभ्यास सत्र में सभी खिलाड़ियों ने मैदान के चारों ओर छक्के लगाए। अब्दुल समद ने बाउंसर पर थर्ड मैन के ऊपर से चक्का, तो ऋषभ ने अपने चिर परिचित अंदाज में कवर के ऊपर से कई छक्के लगाए। मिशेल, मार्करम, मिलर, जुयाल, पूरन, आयुष, हिम्मत, अर्शीन आदि ने भी शानदार चौके छक्के लगाए।

# शहजाद विधायक के भतीजे ने गेट में ऑल इंडिया 273 रैंक लाकर किया नाम रोशन

## सिविल सर्विस का एग्जाम पास कर देश सेवा करना चाहता है मौ. सत्तार का बेटा निजाऊल रहमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद के भतीजे सत्तार अली के पुत्र निजाऊल रहमान ने गेट में ऑल इंडिया 273 रैंक लाकर अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है निजाऊल रहमान को अब इंजीनियरिंग पोस्ट ग्रेजुएट के लिए देश की किसी भी आईआईटी में दाखिला मिलना तय है ।निजाऊल रहमान की इस उपलब्धि पर परिचितों, रिश्तेदारों व बुद्धिजीवी वर्ग में उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । निजाऊल रहमान अब ईट से इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएट करने के बाद सिविल सर्विस में का एग्जाम पास करके देश सेवा करना है जिसके लिए वह तैयारी कर रहे हैं।

हाल ही में संपन्न हुई ग्रेजुएट एप्टीट्यूड इंजीनियरिंग टेस्ट (गेट) की परीक्षा में ऑल इंडिया 273 रैंक लाकर निजाऊल रहमान ने पढ़ाई के प्रति अपना जुनून व अपनी प्रतिभा दिखा दी है । निजामुल रहमान बीटेक कंप्यूटर साइंस के फोर्थ ईयर के स्टूडेंट हैं और उसने इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए गेट का एग्जाम दिया था जिसमें करीब 10-12 लाख बच्चों ने शिरकत की होगी । निजाऊल रहमान ने इस गेट की परीक्षा में ऑल इंडिया 273 रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा दिखाते हुए अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए यह भी एहसास कर दिया है



कि कि वह अपने टारगेट को पूरा करने से पीछे नहीं हटेंगे। और एक दिन देश सेवा भी जरूर करेंगे। निजाऊल रहमान की उपलब्धि पर क्षेत्र के रिश्तेदारों ,बुद्धिजीवी वर्ग शिक्षाविदों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। गेट

**❖हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में भी प्रतिभावान छात्र रहा है निजाऊल रहमान, लोगों ने दी बधाई**

**❖सत्तार के बेटे निजाऊल रहमान का इंजीनियरिंग पोस्ट ग्रेड के लिए आईआईटी में हुआ सेलेक्शन**

एग्जाम में ऑल इंडिया शानदार रैंक हासिल करने के बाद निजाऊल रहमान अब देश की किसी भी आईआईटी में अपनी रैंक के आधार पर दाखिला ले सकता है निजाऊल रहमान का सपना है कि वह आईआईटी से इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएशन करन के बाद सिविल सर्विस की तैयारी करेगा और सिविल सर्विस का एग्जाम पास करने के बाद देश की सेवा भी करेगा।

लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने कहा कि उनका भतीजा निजाऊल रहमान पढ़ने में शुरू से ही होशियार रहा है व हाई स्कूल व इंटर भी टॉप अंकों से पास करके अपनी प्रतिभा दिखा चुका है और अब गेट के एग्जाम में ऑल इंडिया 273 रैंक लाकर उसने अपनी प्रतिभा सबको दिखा दी है और हमारे परिवार व क्षेत्र का नाम भी रोशन कर दिया है उसका शुरू से ही पढ़ाई के प्रति लगाव रहा है मेहनती है शुरू से ही निजाऊल रहमान यही तमन्ना थी कि किसी आईआईटी से पोस्ट ग्रेजुएशन हासिल कर सिविल सर्विस का एग्जाम पास करके एक दिन वह देश सेवा भी करेगा। पहला टारगेट उसने लगन और मेहनत के साथ पूरी कर लिया है उन्होंने कहा कि उसका जो सपना है उसे पूरा करवाने के लिए वह और उनका पूरा परिवार उसके साथ खड़ा है।

निजाऊल रहमान के वालिद सत्तार अली ने बताया कि उनका बेटा शुरू से ही पढ़ाई मैं होनहार रहा है और शुरू से ही उसकी तमन्ना थी कि उसे बड़ा होकर पढ़ लिखकर कुछ करना है। देश की सेवा करनी है वह बड़ा होकर ईट से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर सिविल सर्विस में जाए देश सेवा करें और वह अपने इस मुकाम को हासिल करने के लिए लगातार हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर छात्रों में शुमार रहा है। बीटेक कंप्यूटर साइंस करने के बाद उसका सपना था कि वह किसी भी आईआईटी से पोस्ट ग्रेजुएट इंजीनियरिंग करेगा और उसके बाद सिविल सर्विस की तैयारी करके देश की सेवा करेगा। उन्होंने कहा कि निजाऊल रहमान ने अपना सपना पूरा करने के लिए रात दिन मेहनत की है वह उसके साथ खड़े हैं।

सत्तार अली ने कहा कि उन्हें निजामुल की इस उपलब्धि पर उन्हें व उनके परिवार को फर्ख है निजाऊल ने अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन कर हमें बेहतरीन खुशी दी है। हमारा पूरा परिवार निजाऊल रहमान के साथ है वह अपने सपनों का पूरा करेगा सब उसको सपोर्ट कर रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि मेरा बेटा किसी भी आईआईटी से पोस्ट ग्रेजुएट इंजीनियरिंग करने के बाद सिविल सर्विस का एग्जाम पास करेगा और देश सेवा करेगा।

## ग्राम पंचायत सचिव पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

# ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने दिया ब्लॉक में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्राम प्रधान ने पंचायत सचिव पर सड़क निर्माण के नाम पर नौ लाख से अधिक राशि ग्राम निधि से गलत तरीके से निकालने का आरोप लगाया है। जहां मामले की शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी से की गई तो वहीं प्रधान संगठन के बैनर तले ग्रामीणों ने ब्लॉक में धरना दिया।

रुड़की ब्लॉक के ग्राम पंचायत किशनपुर जमालपुर की ग्राम प्रधान प्रवीण बानो के खिलाफ कुछ लोगों के द्वारा की गई शिकायतों के बाद उनका निलंबन किया गया था वहीं मामला हाई कोर्ट गया और मामला वहां विचाराधीन हैं वहीं सुप्रीम कोर्ट ने सात मार्च को उनके पक्ष में फैसला सुनाया। वहीं ग्राम प्रधान के अनुसार आठ और नौ मार्च को अवकाश था उसके वावजूद उनके द्वारा कोर्ट के यह आदेश ग्राम पंचायत अधिकारी और एडीओ पंचायत को व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दिए गए साथ ही एडीओ पंचायत से फोन पर



वार्ता जानकारी दी। आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव ने कई बार फोन करने पर भी वार्ता नहीं की और नौ और दस मार्च को एक अधूरी सड़क का निर्माण कर ग्राम निधि से करीब साढ़े नौ लाख रुपए भुगतान भी कर दिया। गजब बात यह है कि इस चार सौ मीटर की सड़क में 53 मजदूर दिखाए गए। वहीं मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले किशनपुर जमालपुर के ग्रामीणों ने ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

वहीं भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग कि की जिन अधिकारियों ने यह किया है उनके खिलाफ विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही की जाए। इस मौके पर प्रधानपति तहसीन आदि उपस्थित रहे।

# गंगनहर में डूबती युवती को बचाने वाले सीपीयू कर्मियों को विधायक प्रदीप ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** 11 मार्च को नहर में डूब रही युवती को बचाने वाले सीपीयू कर्मियों को नगर विधायक प्रदीप बतरा ने सम्मानित किया। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

जानकारी के अनुसार सोलानी पार्क के समीप 11 मार्च को गंगनहर में डूबती हुई युवती को सीपीयू के दो जवानों ने अपनी जान पर खेल कर बचाया था। सीपीयू कर्मी एस आई मनोज शर्मा व कांस्टेबल कृपाराम को विधायक प्रदीप बत्रा ने उनकी बहादुरी के लिए उन्हें अपने आवास पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। इस ऐतिहासिक कार्य के लिए सीपीयू कर्मियों को नगर विधायक



प्रदीप बत्रा ने दिल से बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विधायक प्रदीप बत्रा ने सीपीयू जवानों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पुलिसकर्मियों की सेवा से ही हम सुरक्षित है। जो दिन रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं। हमें उन पर गर्व होना चाहिए।

# छह ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस द्वारा 06 ग्राम अवैध स्मैक मय 01 डिजिटिल तराजू के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में भगवानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत दौराने चौकिंग दिनाक 18/03/2025 को अभियुक्त संजय पुत्र स्व0 मंगल सिंह नि0 मौहल्ला मस्जिद वाली गली ग्राम सिसौना थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार को 06 ग्राम अवैध स्मैक मय 01 डिजिटिल तराजू के साथ निकट एच0पी पैट्रोल पम्प रायपुर से गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0स0 79/2025, धारा 8/20/29एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया।अभि0 को आज ही माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभियुक्त 1-संजय पुत्र स्व0 मंगल सिंह नि0 मौहल्ला मस्जिद वाली गली ग्राम सिसौना थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार है। उससे 06 ग्राम अवैध स्मैक, 01 डिजिटिल तराजू बरामद की है। पूछताछ मे अभि0 संजय द्वारा बताया कि यह स्मैक में सन्नवर निवासी अकबरपुर कालसो थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार से कम दामो में खरीद कर फुटकर में अधिक दामो पर बेचता हूं। वांछित अभियुक्त सन्नवर निवासी अकबरपुर की तलाश पुलिस का रही है। पुलिस टीम में 1-अपर उ0नि0 योगेन्द्र सिंह चौहान थाना भगवानपुर 2-हे0कानि0 गीतम सिंह थाना भगवानपुर 3-का0 संजीव यादव थाना भगवानपुर शामिल रहे।

## अधिकारियों ने किया ईटीपी निर्माण साइट का संयुक्त निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय अस्पताल में सहायक अभियंता जुनैद गौड द्वारा अधिकारियों के साथ सिविल हॉस्पिटल रुड़की में ई टी पी निर्माण हेतु साइट का अन्य अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया उन्होंने बताया ई टी पी निर्माण विभाग की प्राथमिकताओं में सर्वप्रथम है एवं सिविल हॉस्पिटल के लिए बहुत आवश्यक हैं अपर निदेशक के एम कंसल जी का ये कार्य ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है और इससे सिविल हॉस्पिटल को बहुत लाभ होगा पूर्व में सिविल हॉस्पिटल में नई सीवर लाइन डालने से हॉस्पिटल एवं कालोनी और आगंतुकों को लाभ पहुंचा है इसी प्रकार ई टी पी निर्माण के बाद अन्य समस्याएं भी समाप्त होगी। इस अवसर पर सहायक अभियंता मुख्यालय राशिद एवं सहायक अभियंता जुनैद गौड और प्रबंधक सिविल हॉस्पिटल ने संयुक्त निरीक्षण कर माप किया।

# पुलिस ने तीन वारंटियों को पकड़ भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली पुलिस ने न्यायाल य से फरार चल रहे तीन वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के द्वारा मा0 न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे थाना प्रभारी महोदय के द्वारा अ0उ0नि0 अषाढ सिह व अ0उ0नि0 पुष्कर सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम का गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया था, पुलिस टीम के द्वारा मा0न्यायालयों के द्वारा जारी वारण्टो में 03 वारंटो को वारंटीयो के मसकन से गिरफ्तार किया गया। जिन्हें माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। नाम पता वारंटी 1.सोहन सिंह उर्फ सोनू पुत्र शेर सिंह ग्राम बेरीदी साल्हापुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार सम्बन्धित वाद संख्या 3479/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम। 2.शाहनवाज पुत्र गुलजार खान निवासी मकान नंबर 82 पठानपुरा सिविल लाइन कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार संबंधित परिवार संख्या1151/24 धारा 138 के तहत। 3-योगेंद्र उर्फ छोटू पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम धानेरी ख्वाजा की पूर्व कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार संबंधित वाद संख्या 647/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम। पुलिस टीम-1.अ0उ0नि0 अषाढ सिह पंवार कोतवाली रूडकी 2-अ0उ0 नि0 पुष्कर सिंह चौहान कोतवाली रुड़की 3.हेकानि0 दिनेश गुप्ता कोतवाली रूडकी 4.होगा0 सत्येंद्र कोतवाली रूडकी।

# पत्नी व परिवार के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने पत्नी व परिवार के साथ मारपीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार को चेतक कर्मचारी कोतवाली रूडकी थाना क्षेत्र में गस्त में मामूर थे की न्यू भारत कॉलोनी ढण्डेरा मे पहुँचे तों कृष्णा कुमार पुत्र रामपाल निवासी न्यू भारत कॉलोनी ढंडेरा रुड़की कोतवाली रुड़की के द्वारा अपनी पत्नी व परिवार जनों के साथ झगडा कर रहे थे। मारपीट पर आमदा थे जिन्हे अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम कृष्णा कुमार पुत्र रामपाल निवासी न्यू भारत कॉलोनी ढंडेरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार है। पुलिस टीम में कानि0 अनिल चौहान कोतवाली रूडकी, कानि0 गोविंद तोमर कोतवाली रूडकी आदि शामिल रहे।

# शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा रमजान पर्व के मध्य नजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें 19 मार्च 2025 को लक्सर पुलिस के द्वारा दो व्यक्तियों को शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर गिरफ्तार किया गया जिनके नाम मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद तहसीन उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम सुलतानपुर आदमपुर वसीम पुत्र मोहम्मद तहसीन उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सुलतानपुर आदमपुर बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुलतानपुर पुलिस चौकी प्रभारी लोकपाल परमार कांस्टेबल अजीत हिमांशु चौधरी शामिल रहे पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**वहीं दूसरी ओर लंबे समय** से फरार चल रहे एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के लहबोली गांव निवासी कलीम एनडीपीएस के मामले में लंबे समय से कोर्ट से गैर हाजिर चल रहा था। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ वारंट जारी कर गिरफ्तारी के आदेश दिए। पुलिस ने आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# मकान की छत पर पराली में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के इमलीखेड़ा में बंद पड़े मकान की छत पर पड़ी घास और पराली में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। लोंगो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिसके बाद लोंगो ने राहत की सांस ली।

कलियर थाना क्षेत्र के इमलीखेड़ा में एक मकान काफी समय से बंद पड़ा हैं।मकान के ऊपर सुखी घास और पराली पड़ी हुई हैं। मंगलवार की देर रात मकान के ऊपर पड़ी घास और पराली में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई।आग इतनी भयानक थी कि आग की लपटों से आसपास के घरों में हड़कंप मच गया।लोगों की भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई। सूचना पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी भी घटनास्थल पर पहुंच गए।लोगों ने आसपास में लगें सममर्सिबल से पाईप लगाकर और बाल्टियों से पानी डालकर स्वयं ही आग पर काबू पाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इस घटना के बाद कोई जनहानि और नुकसान नहीं हुआ हैं। सूचना मिलते भी पुलिस मौके पर पहुंची थी। लेकिन तब तक लोगों ने आग पर काबू पा लिया था।

# पुलिस ने चार फरार आरोपियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर छापेमारी करते हुए चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए निर्देशित किया गया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर न्यायालय से जारी आदेशिकाओ को तामिल के लिए छापेमारी करते हुए चार वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया। जिनके नाम मनोज पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम टांडा मजादा थाना कोतवाली लकसर जनपद हरिद्वार सोनू पुत्र अमर सिंह निवासी जसपुर रणजीतपुर विकास पुत्र राम स्वरूप निवासी खनजा कुतुबपुर खुशाल पुत्र गब्बर सिंह निवासी ग्राम दरगाहपुर हैं। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में भीक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह रायसी पुलिस चौकी पर भारी कमल कांत रतूड़ी उपनिरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल अनुप पोखरीयाल कपिल देव संदीप अमित शामिल रहे पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित मुकदमे में दाखिलकर पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के शमक्श पेश किया जा रहा है।

# पुलिस की छापेमारी में 175 किलो गोमांस व सामान बरामद, आरोपी हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** उत्तराखंड गौवंश संरक्षण स्क्वाड, गढ़वाल परिक्षेत्र की सयुक्त टीम ने गौवंश कटान की सूचना पर छापेमारी करते हुए 175 किलाग्राम गौमांस मय 02 अदद गौवंशीय पशु खुर मय 01 अदद इलैक्ट्रानिक तराजू 02 अदद छुरी, 02 अदद कुल्हाडी, 1 लकडी का गुटका, 01 जीवित गोवंशीय पशु बरामद किये है। वहीं तीन अभियुक्तो मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

जानकारी के अनुसार दिनांक 19/03/25 को उत्तराखंड गौवंश संरक्षण स्क्वायड गढ़वाल परिक्षेत्र, हरिद्वार को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि ग्राम खेडी शिकोहपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार के रहने वाले अंजीम पुत्र इकराम, रहमान पुत्र नामालूम (इकराम पुत्र सईद का बहनोई), एवं इमरान पुत्र ईशाक के द्वारा ग्राम खेडी शिकोहपुर में करबला नामक स्थान के पास नदी के समीप गौकशी की है जौ गौमांस की कांट-छांट कर बेचने की फिराक में है यदि जल्दी किया जाये तो मौके पर पकडे जा सकते हैं। तत्पश्चात पुलिस कर्मगण मय मुखबिर के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान की ओर चल दिये, जब ग्राम खेडी शिकोहपुर को पार कर लगभग 1.5 किमी0 आगे तेलपुरा चौक की तरफ रोड पर पहुंचे तो मुखबिर खास द्वारा हमारे वाहनों को रुकवा दिया गया। बताया कि इस स्थान से पैदल ही जाना पडेगा नही तो उन लोगो को पता चल जायेगा तब इस स्थान पर अपने वाहनों को छोडकर इस स्थान के बांयी ओर से गेहूं के खेत व पापुलर व लिप्टिस के बाग में लगभग 01 किमी0 पैदल चलकर नदी के पास पहुचें तो लगभग 150 मीटर की दूरी पर सफेद प्रकाश लगातार जलता दिखायी दिया तथा इसी स्थान से कट-कट व कुत्तों के भौंकने की आवाज आती सुनाई दी, इस स्थान की ओर ईशारा कर मुखबिर खास द्वारा बताया गया कि यही वह जगह है जहां पर गौकशी हो रही है तब लगातार सफेद प्रकाश जलने वाले व कट-कट की आवाज आने वाले स्थान की ओर दबे कदमों से आगे बढे तो सफेद प्रकाश की रोशनी में लगभग 30-40 मीटर की दूरी 01 झोपडी के अंदर 03 व्यक्ति दिखायी दिये जिनमे से एक व्यक्ति कुल्हाडी से लकडी के गुटके पर रखकर मांस की कांट-छांट कर रहा है तथा 02 व्यक्ति छुरी से मांस की कांट-छांट कर रहे हैं जिनमें से कुल्हाडी से मांस की कांट-छांट करने वाले को मुखबिर द्वारा अंजीम पुत्र सईद, एवं छुरियों से मांस की कांट-छांट करने वाले व्यक्तियों को मुखबिर द्वारा रहमान पुत्र नामालूम (इकराम पुत्र सईद का बहनोई), एवं इमरान पुत्र ईशाक तीनो को ग्राम खेडी शिकोहपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार का निवासी होना बताया, मौके का निरीक्षण किया तो भारी मात्रा में कंटा-छंटा मांस (गुलाबी रंग का हल्की पीली चर्बी वाला), 02 गौवंशीय पशु खुर, 02 अदद छुरी (01 बालिस्त 06 अंगुल,01 बालिस्त 05 अंगुल), 01 खूना व मांसलुदा लकडी का गुटका (03 बालिस्त 02 अंगुल), 02 अदद कुल्हाडी (01 बालिस्त 07 अंगुल की दोनो)235 ग्राम पारदर्शी पैकिंग पालीथीन, 01 इलेक्ट्रानिक तराजू 01 जीवित गौवंशीय पशु बरामद हुआ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती हुई लापता

रुड़की। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती लापता हो गई। लापता के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आकाश निवासी अंबेडकर कॉलोनी लंढौरा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 22 वर्षीय बहन पूजा 15 मार्च को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। उनके द्वारा संभावित ठिकानों पर बहन की तलाश की गई है, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पुलिस ने उमेश विधायक के कार्यालय पर फायरिंग प्रकरण में दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने विधायक उमेश कुमार के कैम्प कार्यालय मे चैम्पियन व उसके समर्थको के द्वारा फायरिंग प्रकरण मे 02 अभियुक्त और गिरफ्तार कर लिये गये हैं। अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

जानकारी के अनुसार 26.01.2025 को कोतवाली रूडकी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 30/2025 वादी मुकदमा जुबैर काजमी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण के द्वारा विधायक उमेश कुमार विधानसभा खानपुर के कैम्प कार्यालय मे आकर फायरिंग करने के आधार पर पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त मे 06 अभियुक्तो को पूर्व मे ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। दिनाँक 18.03.2025 को रूडकी पुलिस की टीम के द्वारा 02 और अभियुक्त को अलग-अलग स्थान से 1. सुमित कुमार अवाना पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम व पोस्ट खानपुर थाना खानपुर उम्र 33 वर्ष को उसके मसकन खानपुर से गिरफ्तार किया गया। 2.रिजवान पुत्र मुस्ताक निवासी हवाहेखेड़ी थाना बहादराबाद उम्र 34 वर्ष को उसके मुस्कान हलवाहेड़ी से गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

## दो पक्ष के बीच चले लाठी डंडे, हुआ पथराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर थाना क्षेत्र के कोटा मुरादनगर गांव में चुनावी रंजिश को लेकर वर्तमान प्रधान और पूर्व प्रधान पक्ष के लोगों के बीच लाठी डंडे और इंट पत्थर चले। जिसमें दोनो पक्षों की ओर से तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के कोटा मुरादनगर गांव में पहले हसीब की माता गांव का प्रधान थी। करीब ढाई साल प्रधान रहने के बाद हसीब को फर्जी शैक्षिक योग्यता के आधार पर प्रशासन ने बर्खास्त कर दिया था।और उसके बाद 2024 उप चुनाव हुआ। जिसमे मुजम्मिल ने जीत दर्ज कर कोटा मुरादनगर गांव के प्रधान बन गए। तभी से दोनो पक्षों में रंजिस चली आ रही हैं। बुधवार को दोनो पक्षों में कहासुनी हो गई हैं।और दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले।उसके बाद दोनों पक्ष खेतों से गांव में आ गए। गांव में भी दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडों के साथ साथ इंट पत्थर चलें। जिसमे दोनों पक्षों के रियाजुल, सहरून और शहजाद घायल हो गए। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेज कर मामला शांत कराया। अभी एक पक्ष के इजहारुल की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई हैं। कार्यवाहक थाना प्रभारी मनोज रावत का कहना है कि दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया हैं। मामले की जांच की जा रही हैं।

# गांव छोड़कर भाग रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** बुग्गावाला क्षेत्रान्तर्गत निवासरत एक व्यक्ति द्वारा दिनांक 18.03.2025 को शिकायती प्रार्थनापत्र देकर अवगत कराया गया कि अरबाज नाम के युवक ने उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को पहले बहला फुसलाकर घर से भगाया और फिर नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत पर थाना बुग्गावाला पर मु0अ0स0 13/2025 धारा 137(2)/65(1) बीएनएस व 3क/4(2) पोक्सो अधि0 बनाम अरबाज पंजीकृत किया गया। नाबालिक से जुड़े इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा टीम गठित कर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की निर्देश दिए गए। सीओ बुग्गावाला संजय चौहान के निकट पर्यवेक्षण में गठित की गई टीम ने पीड़िता का तत्काल मेडिकल परीक्षण कराकर व मा0 न्यायालय मे बयान दर्ज कराये गये तथा मुखबिर तंत्र एक्टिव किया गया। निरंतर प्रयास के पश्चात गठित पुलिस टीम ने दिनांक 18.03.2025 को आरोपी युवक को उस समय दबोचने में कामयाबी हासिल की गई जब वह गांव छोड़कर भागने की फिराक मे आशीर्वाद वैंडिग प्वाईट निकट तेलपुरा में वाहन का इन्तजार कर रहा था। आरोपी को न्यायालय समक्ष पेश किया जा रहा है। नाबालिक किशोरी से जुड़े इस संवेदनशील मामले में त्वरित कार्यवाही करने पर स्थानीय जनता द्वारा हरिद्वार पुलिस का आभार प्रकट किया गया व व कार्यशैली की प्रशंसा की गई। आरोपित का नाम अरबाज पुत्र कलीम निवासी ग्राम बुग्गावाला जनपद हरिद्वार।

# मौसम की तुनक मिजाजी

पल-पल रंग बदल रहा मौसम वैज्ञानिकों के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में 24 घंटे बाद फिर बारिश का अलर्ट जारी किया है। पिछले 13 मार्च से प्रदेश के कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि से प्रदेश के तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। ओडिशा में कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर जारी है। बौध-संभलपुर समेत चार जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। पिछले तीन दिन से बौध जिला सबसे ज्यादा गर्म दर्ज किया गया है। हिमाचल प्रदेश में एवलांच का अलर्ट जारी किया गया है। चंबा, लाहौल-स्पीति के लिए आरेंज अलर्ट, कुल्लू और किन्नौर के लिए यलो अलर्ट और शिमला के लिए ग्रीन अलर्ट जारी है। आने वाले दो दिन में यहां तेज बारिश की आशंका है। मार्च के महीने को ठंड-गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है, तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि लोगों का रहन-सहन, खान-पान और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवहार कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौसम के तेवरों में तल्खी के चलते हमारी खाद्य शृंखला भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इन तीव्र बदलावों के चलते जहां खाद्यान्नों की पैदावार में गिरावट आ रही है, वहीं किसान बाढ़ व सूखे से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भारत में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों पर शोध करने वाली एक संस्था का कहना है कि क्षेत्रीय आधार पर चरम मौसम की मार अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग प्रभाव डाल रही है। अब तक देश के जो इलाके बाढ़ के प्रभाव के लिये जाने जाते थे, वहां अब सूखे का असर दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर सूखाग्रस्त माने जाने वाले इलाकों में बाढ़ का प्रकोप बढ़ रहा है।

## हम रूस व यूक्रेन दोनों जगह पर स्वीकार किए जाते हैं



भारत आज ऐसी स्थिति में है जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है, भारत के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जो वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन दोनों को गले लगा सकता है, हम दोनों जगहों रूस और यूक्रेन पर स्वीकार किए जाते हैं, अगर रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत के जरिये शांति स्थापित होती है, तो भारत शांति सैनिकों को भेज सकता है, चूंकि रूस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे नाटो देशों से संबंधित यूरोपीय शांति सैनिकों को स्वीकार नहीं करेंगे, इसलिए शांति सैनिकों के लिए यूरोप से बाहर के देशों पर निर्भर रहना होगा, आज की स्थिति को देखते हुए मैं तीन साल पहले अपने दिए बयानों पर शर्मिंदगी महसूस कर रहा हूं, 2022 में संसदीय बहस में मैं इकलौता सांसद था, जिसने यूक्रेन को लेकर भारत के रुख की आलोचना की थी।

**शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# स्टारलिंक के भारत में प्रवेश के साथ बदल जाएगी इंटरनेट की दुनिया?

**भारत में 2028 तक सैटेलाइट कम्यूनिकेशन सेक्टर का आकार 25 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, ऐसे में यह फैसला इस सेक्टर के भविष्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है**

**भारत में अभी लगभग 47% लोगों के पास ही इंटरनेट है, मतलब 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट से वंचित हैं, जनवरी 2024 तक स्पेसएक्स ने लगभग 7000 स्टारलिंक सैटेलाइट्स लॉन्च कर दिए हैं**



**अशोक भाटिया**

एयरटेल और जियो के साथ हुए करार के बाद स्टारलिंक के भारत में प्रवेश का रास्ता कुछ हद तक साफ हुआ है लेकिन भारत के दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा के लिए लाइसेंस अवधि को 5 साल तक सीमित करने की योजना बनाई है। यह फैसला एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के लिए बड़ा झटका हो सकता है, क्योंकि कंपनी ने 20 साल के लाइसेंस की मांग की थी। भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर बड़ा विवाद चल रहा था। मस्क की स्टारलिंक चाहती थी कि उसे 20 साल के लिए स्पेक्ट्रम मिले, ताकि वह लॉन्ग-टर्म प्लानिंग कर सके और सस्ती सेवाएं दे सके।

दूसरी ओर, मुकेश अंबानी की रिलायंस और भारती एयरटेल चाहती थीं कि यह अवधि 3 से 5 साल तक सीमित हो, ताकि भारत सरकार समय-समय पर बाजार का आकलन कर सके। अब ट्राई ने अंबानी और एयरटेल के सुझाव को मानते हुए 5 साल की समय-सीमा तय करने का मन बना लिया है। ज्ञात हो कि एलन मस्क की स्टारलिंक हाल ही में भारत में अपने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार के लिए रिलायंस और एयरटेल के साथ डिस्ट्रीब्यूशन डील कर चुकी है। हालांकि, इस बिजनेस मॉडल को सफल बनाने के लिए कंपनी को लंबी अवधि का लाइसेंस चाहिए था। ट्राई के इस फैसले से स्टारलिंक को भारत में लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट और कीमत निर्धारण में दिक्कत हो सकती है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारत सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के बाजार को पहले परखना चाहता है, ताकि सही स्पेक्ट्रम कीमत तय की जा सके। अभी पारंपरिक टेलीकॉम कंपनियों को 20 साल के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी के जरिए मिलता है, लेकिन सैटेलाइट सेवाओं के लिए सस्ता और सीमित समय के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा। यदि यह करार होता है तो भारत में 2028 तक सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेक्टर का आकार 25 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

ऐसे में यह फैसला इस सेक्टर के भविष्य को तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। हाल ही में भारतीय सरकार का कहना है कि स्टारलिंक को भारत में एक नियंत्रण केंद्र तैयार करना होगा। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि जब भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी इलाके में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेवाओं को रोकने की जरूरत हो तो सरकार को तुरंत इस पर कंट्रोल मिल सके।

ये निर्देश उस समय आए हैं जब स्टारलिंक का सैटेलाइट कम्युनिकेशन लाइसेंस पाने के आवेदन अंतिम चरण में है। कंपनी रिलायंस जियो और एयरटेल के साथ साझेदारी करने की योजना बना रही है ताकि वे नेटवर्क को बाजार में लाने और इसे बेहतर बनाने में मदद कर सकें। भारत के दूरसंचार कानूनों के अनुसार केंद्रीय या राज्य सरकार किसी भी इमरजेंसी या सुरक्षा को लेकर किसी भी टेलीकॉम सेवा को अस्थायी रूप से नियंत्रण में ले सकती है। इसमें इंटरनेट बंद करने के अधिकार भी शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने सुरक्षा अनुपालन के लिए यह भी निर्देश दिया है कि स्टारलिंक को अपनी सैटेलाइट सेवाओं के जरिए कॉल्स को सीधे ट्रांसफर नहीं करना होगा।। कॉल्स को पहले भारत में स्थित कंपनी के गेटवे के माध्यम से भेजा जाएगा। इसके बाद फिर उसे पारंपरिक टेलीकॉम नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति भारत से फ्रांस में कॉल करता है तो कॉल पहले सैटेलाइट के जरिए यात्रा करेगी लेकिन फ्रांस तक सीधे नहीं पहुंचेगी। इसके बजाय यह पहले भारत के गेटवे पर पहुंचेगी और फिर सामान्य टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे अंडरसी केबल्स के माध्यम से फ्रांस जाएगी।




जंतसपदा के प्रतिनिधि सरकार के अधिकारियों से मिलकर इन सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं।

भारत ही नहीं एलन मस्क की स्टारलिंक कंपनी अब भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी इंटरनेट की सेवा देगी। इससे पहले स्टारलिंग ने भूटान में अपनी सेवाएं शुरू की थी। अब सवाल ये है कि अगर ये कंपनी भारत में आती है, तो इंटरनेट के रेट पर क्या असर पड़ेगा और ये कब तक भारत में आ सकता है। यह जानना भी जरुरी है।

साथ ही अब सवाल ये है कि स्टारलिंक क्या है? बता दें कि स्टारलिंक एक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस टेक्नोलॉजी है, इसके मालिक एलन मस्क है। इस तकनीक के जरिए मस्क बिना तार और टॉवर की मदद से लोगों तक इंटरनेट पहुंचा रहे हैं। बता दें कि इसमें इंटरनेट पहुंचाने के लिए सैटेलाइट बेस्ड रेडियो सिग्नल की मदद ली जाती है। ये सैटेलाइट जमीन पर मौजूद ग्राउंड स्टेशन ब्रॉडबैंड सिग्नल को सैटेलाइट ऑर्बिट में भेजता है। इतना ही नहीं ये बहुत तेज स्पीड से जमीन पर इंटरनेट पहुंचाने में सक्षम है।

स्टारलिंक लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट्स का नेटवर्क है। यह हाई-स्पीड इंटरनेट कम लेटेंसी के साथ देता है। कई देशों में यह सेवा पहले से ही उपलब्ध है, खासकर उन जगहों पर जहां आम ब्रॉडबैंड नहीं पहुंच पाता। भारत में अभी लगभग 47 प्रतिशत लोगों के पास ही इंटरनेट है। मतलब, 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट से वंचित हैं। स्टारलिंक 220 डइचे तक की स्पीड दे सकता है, जो दूर-दराज के इलाकों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है। स्टारलिंक जमीनी केबल या मोबाइल टावरों पर निर्भर नहीं करता। यह एलईओ सैटेलाइट्स के जरिए इंटरनेट देता है। जनवरी 2024 तक स्पेसएक्स ने लगभग 7,000 स्टारलिंक सैटेलाइट्स लॉन्च कर दिए हैं। यूजर को एक स्टारलिंक डिश और राउटर की जरूरत होती है, जो सैटेलाइट्स से जुड़ते हैं।

# कछुओं का अनोखा जीपीएस...

**इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 62 लॉगरहेड कछुओं का अध्ययन किया उन्हें पानी से भरे कटोरे में रखा गया जिसके चारों ओर विद्युत-चुंबक लगे थे जो विशिष्ट चुंबकीय क्षेत्र बनाते थे, प्रत्येक कछुए को एक विशेष चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया**

समुद्री कछुए अपने भोजन स्थलों को याद रखने के लिए पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग करते हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, लॉगरहेड कछुए (**Caretta caretta**) खास चुंबकीय संकेतों को पहचान सकते हैं, जिससे वे भोजन के स्थान को याद रख पाते हैं, ठीक जीपीएस की तरह। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 62 लॉगरहेड कछुओं का अध्ययन किया। उन्हें पानी से भरे कटोरे में रखा गया, जिसके चारों ओर विद्युत-चुंबक लगे थे जो विशिष्ट चुंबकीय क्षेत्र बनाते थे। प्रत्येक कछुए को एक विशेष चुंबकीय क्षेत्र में रखा गया और उसे स्वादिष्ट भोजन (स्क्विड और न्यूट्रिएंट जेल) दिया गया जिसके नतीजे में कछुओं ने उत्साह में टर्टल डांस (मुंह खोलना, पानी में उछलना और शरीर को पानी से बाहर की ओर लाना) किया।भोजन न मिलने पर भी, जब कछुओं को वही चुंबकीय क्षेत्र दोबारा अनुभव कराया गया तो उन्होंने खुशी से अपना टर्टल डांस किया। इससे पता चला कि वे भोजन से जुड़े चुंबकीय संकेतों को याद रखते हैं। हैरानी की बात यह है कि उनमें यह याददाश्त कम से कम चार महीने तक बरकरार रही। अधिक गहराई से समझने के लिए, वैज्ञानिकों ने रेडियोफ्क्विंसी तरंगों का उपयोग किया, जो जीवों की चुंबकीय दिशा-सूचना को बाधित करती हैं। इसके उपयोग से कछुए भ्रमित हुए और दिशा पहचानने में असफल रहे, लेकिन जब भोजन से जुड़े चुंबकीय संकेत दिए गए तो वे फिर से नृत्य करने लगे। इससे यह पता चलता है कि कछुए दो अलग-अलग जैविक प्रणालियों का उपयोग कर सकते हैं-एक दिशा पहचानने के लिए और दूसरी भोजन स्थलों जैसी महत्वपूर्ण जगहों को याद रखने के लिए।

इस खोज से यह भी स्पष्ट होता है कि पक्षी और उभयचर जैसे कई प्रवासी जीव भोजन, प्रजनन स्थल और अनुकूल जलवायु खोजने के लिए दोहरी चुंबकीय प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं।




# चकोतरा खाने से कभी नहीं आएगा हार्ट अटैक, साफ हो जाएंगी नसें



खतरनाक बीमारियों में से दिल की बीमारी भी है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण हेल्थ पर असर पड़ता है। दिल की बीमारी से हर साल लाखों लोगों की मौत हो रही है। खाने में फैट की ज्यादा मात्रा, एक्सराइज की कमी, स्मोकिंग-एल्कोहॉल से इन कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। जिससे हार्ट का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप हार्ट अटैक से बचना चाहते हैं, तो चकोतरा फल जरुर खाएं।

### चकोतरा खाने से घटेगा कोलेस्ट्रॉल...

चकोतरा फल में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह फल बेहद खट्टा होता, जिस वजह से कई लोग इसका सेवन नहीं करते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक पुरानी रिपोर्ट के मुताबिक कि यह फल गंदा कोलेस्ट्रॉल कम करके आर्टरी को साफ करने के काम आ सकता है।

### चकोतरा खाने का सही तरीका...

अमेरिक हार्ट एसोसिएशन बताया है कि चकोतरा को संतरे की तरह खाना चाहिए। इसका छिलका हटाकर खाएं। एक-एक फांक जरुर खाएं इसके साथ ही फंकों के ऊपर की झिल्ली को फेंके नहीं।

### झिल्ली से होता है असली इलाज...

चकोतरा की फांक की झिल्ली को मेंब्रेन कहा जाता है। इस फल में सबसे ज्यादा फाइबर होता है, जोकि एलडीएल नाम के गंदे कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। बता दें कि इस डाइटरी फाइबर को पेक्टिन कहते हैं, जो हमारे गट हेल्थी बैक्टीरिया के लिए भी काफी जरुरी है।

### चकोतरा को फ्रिज में न रखें...

चकोतरा को हमेशा रुम टेंप्रेचर पर ही खाना चाहिए। अगर आप इसे फल को एक हफ्ते के अंदर खाने वाले हैं तो इसे फ्रिज में ना रखें। यदि आप इससे ज्यादा समय तक रखना चाहते हैं, तभी इसको फ्रिज में रखें। वरना चकोतरा को नॉर्मल तापमान पर ही सेवन करें।

# गड़े मुर्दे उखाड़ते नफरत के सौदागर...

**8 नवम्बर 2016 को जब प्रधानमंत्री मोदी ने टीवी पर 'प्रकट' होकर अचानक 500 और 1000 रुपये के नोट यह कहकर चलन से बाहर किए थे कि इससे काले धन पर लगाम लेगगी**

**जब 500 व एक हजार के नोट से कालाधन व भ्रष्टाचार बढ़ता था फिर आखिर दो हजार के नोट क्या सोचकर चलाई गई थी, फिर दो हजार के नोट कुछ महीने बाद बाजार से गायब हो गए**



**निर्मल रानी**

विगत दस वर्षों से देश का सामाजिक ढांचा छिन्न भिन्न करने के सत्ता संरक्षित प्रयास जिस तरह से किए जा रहे हैं उन्हें देखकर तो अब यही लगने लगा है कि हमारे देश की राजनीति और सत्ता अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है। सत्ता के चाहवानों के लिए देश की विकासोन्मुख योजनाऑन, नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं, बिजली पानी सड़क रोज़गार स्वास्थ शिक्षा मंहगाई नियंत्रण से कहीं ज्यादा ज़रूरी साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण बन चुका है। वैसे भी जिन लोगों को नित्य सूर्योदय के साथ ही हाथों में लठ देकर नफ़रत का पाठ पढ़ाया जाता हो, जिस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाले आरएसएस प्रमुख द्वितीय एम एस गोलवलकर स्वयं अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ थॉट्स' में ये विचार व्यक्त कर चुके हों कि मुसलमान ईसाई और कम्युनिस्ट राष्ट्र के दुश्मन हैं।

उस संगठन व उससे जुड़े अन्य संगठनों के लोगों से नफ़रत का ज़हर बोने के सिवा और क्या उम्मीद की जा सकती है ? इन्हें केवल मुसलमानों ईसाइयों और कम्युनिस्ट विचार के लोगों से ही नहीं बल्कि हर उन लोगों से भी नफ़रत है जो इनके साम्प्रदायिकतावादी और नफ़रती एजेंडे के ख़िलाफ़ हो। इसकी एक बड़ी व महत्वपूर्ण वजह यह भी है कि इस विचारधारा के लोगों के स्वतंत्रता संग्राम के समय के स्वयं अपने 'ट्रैक रिकार्ड' इतने ख़राब व शर्मनाक हैं कि उन्हें छिपाने के लिए उनपर होने वाली चर्चाओं से ध्यान भटकाने के लिए ही यह शक्तियां मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों के साथ साथ देश के उन बहुसंख्य धर्मनिरपेक्ष हिन्दुओं को भी निशाना बनाती हैं जो इनके मूल चरित्र व विध्वंसक इरादों से अच्छी तरह वाक़िफ़ हैं। इन अतिवादी शक्तियों का एक ही मक़सद है कि एन केन प्रकारेण यह सत्ता में बनी रहें। इसलिए इन्होंने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण को ही अपना सबसे आसान 'शस्त्र' चुन लिया है। यही वजह है कि इन्हें देश का महान नायक टीपू सुल्तान बुरा लगता है। इन्हें प्रत्एक मुग़ल शासक से नफ़रत है। इन्हें किसी भी मुग़ल शासक में सिवाय बुराई के कोई भी अच्छाई नज़र नहीं आती। इन्हें उर्दू से नफ़रत,शेरो शायरी से बैर, पीरों फ़क़ीरों की मज़ारों से आपत्ति, उनके स्मारकों से नफ़रत उनके नाम पर बने शहरों क़स्बों मुहल्लों गलियों व मार्गों से बैर। गोया यह विचारधारा देश की एक ऐसी संगठित विच. ारधारा है जिसका जन्म ही नफ़रत की बुनियाद पर हुआ है। और निश्चित रूप से यही विचारधारा और इसी दैनिक प्रात: कालीन नफ़रती शिक्षा का ही परिणाम था जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को हमसे असमय ही छीन लिया।

केवल गांधी को ही नहीं छीना बल्कि आज गांधी का हत्यारा नाथू राम गोडसे इसी विचारधारा के लोगों के द्वारा महिमामंडित भी किया जाता है। कितना अफ़सोसनाक है कि इसी नफ़रती विचारधारा से जुड़े लोग गांधी के हत्यारे की मूर्तियां भी लगाते दिखाई दे जाते हैं उस आतंकी हत्यारे की स्तुति भी करते हैं। और तो और गांधी की हत्या का प्रदर्शन दोहरा कर उसका वीडियो भी वायरल कर दिया जाता है। जबकि ठीक इसके विपरीत अंग्रेज़ों की ख़ुशामद करने वाले, अंग्रेज़ों से मुआफ़ी मांगने तथा स्वतंत्रता सेनानियों की मुख़बिरी करने वाले लोग इनके आदर्श हैं?

विद्वेष व नकारात्मकता की इनकी राजनीति का आलम यह है कि इन्हें ख़ास समुदाय के ग़रीब मेहनती मज़दूरों, रेहड़ी ठेले रिक्शे वालों से नफ़रत है। रोज़गार उपलब्ध करना तो छोड़िए यह तो मुसलमान दुकानदारों का बहिष्कार करते दिखाई दे जाएंगे। इन्हें मुसलमानों के सोसाइटीज़ में फ्लैट ख़रीदने से आपत्ति होती है। इन्हें नमाज़ पढ़ने रोज़ा इफ़्तार से एतराज़। मुसलमानों के हिन्दू त्योहारों में शिरकत से भी इन्हें आपत्ति है परन्तु इनकी उत्तेजक व आपत्तिजनक नारेबाज़ी व हुड़दंग की प्रिय जगह मस्जिद ही है। जब देखिए जहां देखिए मस्जिद के सामने डीजे व लाउडस्पीकर पर जानबूझकर शोर मचाते हैं भड़काऊ नारे लाउडस्पीकर पर लगाते हैं ताकि दूसरा पक्ष उत्तेजित होकर इनका जवाब दे और यह हुड़दंग साम्प्रदायिक उन्माद में बदल जाए। जहां देखिए इन्हें मस्जिदों में शिवलिंग नज़र आने लगता है। देश के संविधान व क़ानून की अनदेखी कर यह ऐसे विषयों को उन्माद में बदल देते हैं ताकि इन्हें साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लाभ मिल सके।

और इस साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के बाद हासिल सत्ता के माध्यम से इनके जो फ़ैसले हैं वह भी देश को गर्त में ले जाने वाले हैं। आज देश की सीमाएं हर तरफ़ से असुरक्षित हैं। चीन हज़ारों किलोमीटर की ज़मीन क़ब्ज़ा किए बैठा है मगर इनकी रट यही रहती है कि हमारी ज़मीन में कोई नहीं घुसा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत के नागरिकों व भारतीय व्यवसायिक हितों को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं परन्तु मोदी एक शब्द भी बोलने का साहस नहीं करते। भारतीयों को कितने अपमान. जनक तरीक़े से हथकड़ी बेड़ी पहनाकर अमेरिकी सैन्य विमान से भेजा गया इन्होंने कोई एतराज़ नहीं जताया जबकि अन्य किसी देश के नागरिकों के साथ अमेरिका ने ऐसा अपमानजनक व्यवहार नहीं किया। 'ट्रंप से दोस्ती' का क्या देश को यही सिला मिलना चाहिए था ? यदि आंतरिक मामलों को देखें तो इसी 'धर्म की अफ़ीम' की बुनियाद पर बनी सरकार ने देश में नोटबंदी कर देश की अर्थव्यवस्था को ज़ोरदार आघात पहुंचाया। आज तक कोई अर्थशास्त्री इनके इस फ़लसफ़े के बारे में यह नहीं बता पाया कि 8 नवम्बर 2016 को जब प्रधानमंत्री मोदी ने टीवी पर 'प्रकट' होकर अचानक 500 और 1000/-रुपये की नोट यह कहकर चलन से बाहर की थी कि इससे काले धन पर लगाम लगेगी। उसी समय मोदी ने यह भी कहा था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और जाली नोट के कारोबार में लिप्त देश विरोधी व समाज विरोधी तत्वों के पास मौजूद 500 और हज़ार रुपये के पुराने नोट अब केवल एक काग़ज़ के टुकड़े के सामान रह जाएंगे। सवाल यह कि जब 500 व एक हज़ार की नोट से कालाधन व भ्रष्टाचार बढ़ता था फिर आख़िर दो हज़ार की नोट क्या सोचकर चलाई गई थी? और पुन: 500 की नोट चलाने व 2000 की नोट शुरू करने से भ्रष्टाचार, कालेधन और जाली नोट का चलन पहले से अधिक क्यों बढ़ गया? और यह भी कि कुछ महीने बाद फिर 2000 की नोट बाज़ार से क्यों ग़ायब हो गई? इस निराली अर्थ नीति का आख़िर उद्देश्य क्या था? क्या यह देश को जानने का हक़ नहीं? यूपीए के समय बढ़ती मंहगाई पर विलाप करने व अर्धनग्न प्रदर्शन करने वालों की वर्तमान सरकार आज अनियंत्रित मंहगाई पर ख़ामोश है। बेरोज़गारी के आंकड़े अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। परन्तु इन जैसी वास्तविकताओं से मुंह फेर नफ़रत के ये सौदागर गड़े मुर्दे उखाड़ते फिर रहे हैं और समाज में नफ़रत का ज़हर बो रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# कम उम्र में सफेद बालों की समस्या ने कर दिया है परेशान, ट्राई करें ये नुस्खा



उम्र बढ़ने के साथ ही बालों का सफेद होना नेचुरल है। लेकिन कई बार समय से पहले बाल सफेद होने लगते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। धूप में बहुत अधिक रहना, स्ट्रेस, पॉल्युशन, शरीर में न्यूट्रिशन की कमी, कुछ हेल्थ कंडीशन्स की वजह से भी बाल समय से पहले सफेद होने लगते हैं। हालांकि हेयर कलर करके सफेद बालों को छिपाया जा सकता है, लेकिन यह इसका सही उपाय नहीं हैं। ऐसे में आपको सफेद बालों को छिपाने की बजाय इन्हें कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

सफेद बालों को कम करने के लिए आपको अपनी डाइट में हेल्दी बदलाव करना चाहिए। क्योंकि कई बार शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी होने पर भी सफेद बालों की समस्या को नहीं रोका जा सकता है। इसके अलावा आप चाहें तो सफेद बालों की समस्या को कम करने के लिए आप कुछ देसी नुस्खे भी आजमा सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ एक ऐसा देसी नुस्खा शेयर करने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से न सिर्फ सफेद बाल कम होंगे, बल्कि इससे हेयरफॉल की समस्या भी काफी हद तक कम होगी।

### बालों की जड़ों में लगाएं यह पेस्ट

सबसे पहले मुट्ठी भर करी पत्ते लेकर उनको साफ पानी से धो लें। फिर इनको पीस लें और दही के साथ मिलाकर स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को अपने स्कैल्प पर अप्लाई करें। इसको लगाने के बाद करीब 30 मिनट तक ऐसे ही रहने दें और फिर साफ पानी से बालों को धो लें।

### आजमाएं ये देसी नुस्खा

बता दें कि करीपत्ता मेलेनिन के प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है और यह बालों को काला करने का काम करता है। करीपत्ता बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकता है, बालों की ग्रोथ बढ़ाने, डैंड्रफ कम करने और बालों को मुलायम और शाइनी बनाने में मदद करता है।

# बच्चे पैदा करने को महिलाएं खरीद रहा चीन

## गंभीर हुआ शादी का संकटः 2024 में चीन में केवल 61 लाख विवाह पंजीकृत हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 77 लाख थी



**बीजिंग।** शादी का संकट अब चीन में सरकार के लिए एक बड़ी परेशानी बनता जा रहा है। यह संकट कितना बड़ा इसका अंदाजा आप इस एक आंकड़े से लगा सकते हैं कि 2024 में चीन में केवल 61 लाख विवाह पंजीकृत हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 77 लाख थी। यह गिरावट इतनी गंभीर हो गई है कि चीन के राष्ट्रीय राजनीतिक सलाहकार चेन सोंगशी ने विवाह की कानूनी उम्र 22 से घटाकर 18 साल करने का प्रस्ताव दिया है, मगर एक तरफ जहां युवा चीनी शादी से दूर हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ, शादी के लिए विदेशी दुल्हनों की तस्करी बढ़ रही है। चीन के युवाओं का शादी में रूचि कम होती जा रही है। इसकी कई वजहें हैं जैसे, बढ़ती महंगाई, उच्च शिक्षा, करियर पर फोकस और समाज में बदलते विचार। खासतौर पर शहरी महिलाएं अब पारंपरिक मान्यताओं को तोड़ रही हैं और शादी और मां बनने को जरूरी नहीं मान रहीं। चीन में वन चाइल्ड पॉलिसी और बेटे को प्राथमिकता देने की सोच ने लिंग अनुपात को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। 2000 के दशक में, चीन में हर 100 लड़कियों पर 121 लड़के जन्म ले रहे थे। कुछ प्रांतों में तो यह अनुपात 130 लड़कों पर 100 लड़कियां था। इसका असर अब साफ दिख रहा है। 1980 के दशक में जन्मे चीनी पुरुषों के लिए जीवनसाथी नहीं मिल रही। अनुमान है कि 3 करोड़ से 5 करोड़ पुरुषों को शादी के लिए दुल्हन नहीं मिलेगी। इस कारण चीन में इसे बचे हुए पुरुषों का युग कहा जा रहा है। शादी की समस्या से जूझ रहे कई चीनी पुरुष अब विदेशी दुल्हनें खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति महिला तस्करी को बढ़ावा दे रही है। खासतौर पर म्यांमार, वियतनाम और दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य देशों की लड़कियां इस तस्करी का शिकार बन रही हैं। तस्कर इन महिलाओं को अच्छी नौकरी का झांसा देकर चीन लाते हैं और फिर उन्हें +3,000 से +13,000 (2.6 लाख से 11.3 लाख रुपए) में चीनी पुरुषों को बेच देते हैं। 2019 में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में बताया गया कि चीन-म्यांमार सीमा पर सुरक्षा की कमी और कानून प्रवर्तन की लापरवाही तस्करों के लिए वरदान बन गई है। चीन सरकार अब इन अवैध शादियों पर नकेल कसने की कोशिश कर रही है। मार्च 2024 में, चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने महिलाओं और बच्चों की सीमा पार तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया। हालांकि, इस पर पूरी तरह से नियंत्रण पाना मुश्किल है। अवैध विवाह एजेंसियां और बिचौलिए अब भी सक्रिय हैं। नवम्बर 2024 में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो चीनी पुरुषों को सस्ती विदेशी पत्नियों का लालच देकर महंगे विवाह टूर में फंसा रहे थे। चीन में बचे हुए पुरुषों की बढ़ती संख्या एक गंभीर सामाजिक समस्या बन रही है। शोध बताते हैं कि जहां पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या कम होती है, वहां अपराध और हिंसा बढ़ने की संभावना ज्यादा होती है। 1990 के दशक के बाद से चीन में अपराध दर में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत में भी शोध से पता चलता है कि लिंग असंतुलन के कारण महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न के मामले बढ़ सकते हैं।

# इज़रायली बमबारी में 25 फलस्तीनियों की मौत

### गाजा में नागरिक हताहतों और हमास के बंधकों की स्थिति पर जर्मन चिंतित



**गाजा।** गाजा में सबरा इलाके में बुधवार को एक मकान पर इजरायली बमबारी में कम से कम 25 फलस्तीनियों की मौत हो गई जबकि 10 से अधिक घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों के मुताबिक मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने मिसाइल से घर को निशाना बनाया। सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज में मलबे से भरी सड़कों पर चलते हुए परिवार दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग गद्दे और घरेलू सामान से भरी गाड़ियां धकेल रहे हैं जबकि अन्य अपने डरे हुए बच्चों का हाथ थामे हुए हैं। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाई एड्राई ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि निकासी के आदेश गाजा के उत्तर में बेत हनौन के पड़ोस और दक्षिण में खिरबेट खुजाआ, अबासन अल-कबीरा और अबासन अल-जदीदा क्षेत्र में लागू हैं। बयान में निवासियों से सुरक्षा के लिए पश्चिमी गाजा शहर और खान यूनिस में ज्ञात आश्रयों को तुरंत खाली करने के लिए कहा गया है। इजरायली सेना ने मंगलवार को भोर से ही गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में गहन हवाई हमले शुरू कर दिए, जिसमें 400 से अधिक लोग मारे गए हैं और उसने दो महीने का युद्धविराम तोड़ दिया। वहीं जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज़ ने गाजा पट्टी में फिर से शुरू हुई हिसा के बाद नागरिक हताहतों और फलस्तीनी संगठन हमास द्वारा बंधकों की स्थिति को लेकर चिता व्यक्त की। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में शोल्ज़ ने कहा कि हम गाजा पट्टी में फिर से शुरू हुई लड़ाई के बाद नागरिक हताहतों को लेकर गहरी चिता में हैं। चांसलर ने गाजा में बचे बंधकों की स्थिति को लेकर भी चिता व्यक्त की। शोल्ज़ ने कहा, हमास के प्रति मेरी स्पष्ट मांग जस की तस बनी हुई है, बंधकों को तुरंत रिहा करें। गाजा पट्टी के संपूर्ण राजनीतिक भविष्य पर चर्चा होनी चाहिए। अरब लीग द्वारा प्रस्तावित योजना इसके लिए एक अच्छा आधार प्रदान करती है। इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि वे गाजा पट्टी में फलस्तीनी आंदोलन हमास के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले कर रहे हैं।

# कैनेडी की हत्या से जुड़े दस्तावेज जारी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) की वर्ष 1963 में हुई हत्या से जुड़े गोपनीय दस्तावेज बुधवार को जारी किए। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 23 जनवरी, 2025 को हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश 14176 के तहत उठाया गया है। अमेरिकी सरकार ने जॉन एफ-कैनेडी की हत्या से जुड़े 80 हजार पन्नों के दस्तावेज़ सार्वजनिक किए। नेशनल आर्काइव्स ने पुष्टि की कि ये फाइलें अब कॉलेज पार्क, मैरीलैंड में उपलब्ध हैं।

जल्द ही इन्हें डिजिटल रूप में अपलोड किया जाएगा। ट्रम्प और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के आश्वासनों के बावजूद, फाइलों का पूर्ण खुलासा नौकरशाही देरी के कारण अटका रहा। पूर्व अभिलेखागार प्रमुख के अनुसार, सरकारी एजेंसियों को समीक्षा के लिए अधिक समय चाहिए था। जेएफके दस्तावेजों के साथ-साथ, ट्रम्प ने सीनेटर रॉबर्ट एफ- कैनेडी और नागरिक अधिकार नेता रेव-डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या की फाइलें भी उजागर करने का आदेश दिया। इन हत्याओं ने षड्यंत्र सिद्धांतों और संदेह को बढ़ावा दिया, जिसे फाइलों के जारी होने से खत्म करना मुश्किल है। राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक हित के बीच संतुलन बनाने के प्रयास में ट्रम्प प्रशासन ने जेएफके हत्या से संबंधित रिकॉर्ड्स की समीक्षा के लिए एक योजना बनाने के लिए राष्ट्रीय खुफिया निदेशक और अटॉर्नी जनरल को 15 दिनों का समय दिया है।

# यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा रूस

## ट्रम्प-पुतिन के बीच फोन पर दो घंटे से अधिक समय तक हुई बातचीत में बनी सहमति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए लंबी बातचीत हुई। इस बातचीत के बाद रूस ने ऐलान किया है कि वह अगले 30 दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। बातचीत के दौरान पुतिन कहा कि संघर्ष का समाधान व्यापक, टिकाऊ और दीर्घकालिक होना चाहिए, जिसमें रूस के अपने सुरक्षा हितों और युद्ध के मूल कारणों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। बता दें कि मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर दो घंटे से अधिक समय तक हुई बात. चीत में बनी सहमति को व्हाइट हाउस ने शांति की दिशा में पहला कदम बताया और उम्मीद जताई कि इससे काला सागर में समुद्री युद्ध विराम हो जाएगा और लड़ाई पूरी तरह से और स्थाई रूप से समाप्त हो जाएगी। व्हाइट हाउस ने यह भी कहा कि व्यापक शांति योजना की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से वार्ता तुरंत शुरू होगी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यूक्रेन इस चरणबद्ध युद्ध विराम की योजना पर सहमत है या नहीं। वहीं, रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने कहा कि बातचीत के दौरान पुतिन ने संघर्ष विराम की निगरानी करने और यूक्रेन की ओर से अधिक सैनिकों को जुटाने और खुद को फिर से हथियारबंद करने के लिए इसका इस्तेमाल करने से रोकने के बारे में भी अहम बिंदु उठाए। क्रेमलिन के अनुसार, पुतिन ने ट्रम्प से यूक्रेन को विदेशी सैन्य और खुफिया सहायता बंद करने का भी आह्वान किया है। अमेरिका ने पहले रूस और यूक्रेन के बीच 30 दिनों के लिए संपूर्ण युद्ध विराम का प्रस्ताव दिया था। इस पर यूक्रेन पिछले हफ्ते ही अपनी सहमति जता दी थी, लेकिन पुतिन के साथ बातचीत के बाद क्रेमलिन और व्हाइट हाउस की तरफ से सिर्फ ऊर्जा संयंत्रों और बुनियादी ढाचें पर हमला रोकने की बात कही गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा से अमेरिका को फायदा है। अमेरिका यूक्रेन के साथ खनिजों उत्खनन पर समझौते के लिए बातचीत कर रहा है। खनिज के प्रसंस्करण के लिए अमेरिका को बिजली की जरूरत होगी। इसलिए उसकी सबसे बड़ी चिंता यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को लेकर है। रूस ने फरवरी 2022 में अपने आक्रमण के बाद से यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड को बार-बार नुकसान पहुंचाया है। इससे यूक्रेन की बिजली आपूर्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूसी तेल रिफाइनरियों पर जबर्दस्त हवाई हमले किए हैं। क्रेमलिन ने बताया कि दोनों नेताओं ने कैदियों की अदला-बदली और समुद्री सुरक्षा के बारे में बात की।




जॉब अलर्ट
NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर
www.shahtimesnews.com

**आवश्यकता है।**
पद : एकाउन्टेंट
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी एकाउन्टेंट की आवश्यकता है जिसे जी0एस0टी0 का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षो का अनुभव हो।
योग्यता : कॉमर्स क्षेत्र में स्नातक की डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

**आवश्यकता है।**
पद : कम्प्यूटर ऑपरेटर/सब-एडिटर
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर/ सब-एडिटर की आवश्यकता है जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षो का अनुभव हो।
योग्यता : कम्प्यूटर में डिप्लोमा / डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
मौ0 आसिफ : 9837515048
Email:- shahtimes0105@gmail.com

**आवश्यकता है।**
पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- मुगलाई, कश्वन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थो की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।
योग्यताएँ:
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।
कार्य समयः
- समयः सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।
योग्यताएँ:
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण:
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ :
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।
योग्यताएँ:
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षो का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक हो चुका है।
2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow; 2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur; S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala ,MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow; 2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.); D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt. S/O DR.SHAHID AHMED MOH. CHODHRAN,AZAD RD; 2016 Amjad Med. Coll. SRE S/O MD. ISLAM AHMED THANABHAWAN,MZN
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli; 2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur; 2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria; D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col.; 2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur; D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE
9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर)
NEET-PMT/JEE-IIT/CUET
नये बैच प्रारम्भ
क्रैश कोर्स
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड मु0नगर, 9368787704, 9837935900

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499